धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

बजट 2023



वित्त मंत्री सीतारमण ने पेश किया अमृत काल का पहला बजट

# गांव से शहर तक बल्ले-बल्ले

## नयी कर व्यवस्था का एलान टैक्स स्लैब में बड़ा बदलाव

## इकोनॉमी के लिए 'सप्तऋषि' मंत्र वित्त मंत्री ने गिनायीं प्राथमिकताएं

## रक्षा मद में 5.94 लाख करोड़ और रेलवे को 2.4 लाख करोड़ आवंटित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को आम बजट सदन के पटल पर रखा। वित्त मंत्री ने इसे अमृत काल का पहला बजट पेश बताया। बजट में सात मुख्य बातों पर फोकस किया गया है। निर्मला सीतारमण ने इसे 'सप्तऋषि' नाम दिया है। ये बजट की सात प्राथमिकताएं हैं। इनमें समावेशी वृद्धि, ग्रीन ग्रोथ, यूथ पावर, फाइनेंशियल सेक्टर, अंतिम छोर तक पहुंच, बुनियादी ढांचे का विकास और क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल शामिल हैं।

नौकरी-पेशा लोगों को इस बार के बजट में लंबे समय बाद खुशखबरी मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नयी टैक्स रिजीम की घोषणा करते हुए टैक्स छूट की 5 लाख की सालाना आय की सीमा बढ़ाकर 7 लाख कर दी गयी है। युवाओं के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की जायेगी। युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जायेंगे। अगले 3 सालों में, सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत होगी। यह योजना वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए होगी। इसके अलावा गोबर्धन स्कीम के तहत 500 नये संयंत्रों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बजट भाषण में कहा कि बच्चों और युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जायेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जायेगा। कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता दी जायेगी।
देश में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए श्रीअन्न योजना की शुरुआत करने का फैसला लिया गया है। पीएम आवास योजना के खर्च को 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये से अधिक किया जा रहा है। बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। देश में 50 नये एयरपोर्ट बनाये जायेंगे।

**श्रीअन्न योजना की शुरुआत :** देश में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए श्रीअन्न योजना की शुरुआत करने का फैसला लिया है। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो और कुट्टू जैसे मोटे अनाजों को मिलेट क्रॉप्स की श्रेणी में शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)




**सस्ता :** एलइडी टीवी, मोबाइल फोन, खिलौना, मोबाइल कैमरा लेंस, इलेक्ट्रिक वाहन, हीरे के आभूषण, बायोगैस से जुड़ी चीजें, लिथियम सेल्स, साइकिल

**महंगा :** सिगरेट, पीतल, छाता, विदेशी किचन चिमनी, सोना, आयातित चांदी के सामान, प्लेटिनम, कपड़ा, विदेशी खिलौने

### कौशल विकास योजना पर बड़ी घोषणा

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की जायेगी। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जायेंगे। 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जायेगी। वहीं, घरेलू और अतंरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए देश में 50 पर्यटन स्थल विकसित किये जाएंगे। उनका विकास प्रतिस्पर्धी आधार पर किया जायेगा।

### जन-धन योजना खाते के लिए वीडियो केवाईसी

जन-धन योजना के तहत बैंक खात खुलवाने के लिए जरूरी केवाईसी की प्रक्रिया को वीडियो कॉल के जरिये पूरी की जायेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि अब वीडियो केवाईसी को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने पैन को भी चुनिंदा सरकारी एजेंसियों के सभी डिजिटल सिस्टम के लिए उपयुक्त करार दिया। सीतारमण ने कहा कि कारोबारी संस्थानों का काम पैन के जरिये आसान किया जायेगा।

### अर्थव्यवस्था सही दिशा में

निर्मला सीतारमण ने कहा, दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चमकता हुआ सितारा माना है। दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है और सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। हमने कोरोना काल में यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखा न सोये। सरकार ने 2 लाख करोड़ रुपये खर्च करके हर व्यक्ति को खाद्यान सुनिश्चित किया। 28 महीने तक 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था की गयी।

(बजट की खबरें पेज 2,5,6 और 12 पर भी)

### अर्थव्यवस्था वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

बजट भाषण में निर्मला सीतारमण ने कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए हमारी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2014 से सरकार के प्रयासों ने सभी नागरिकों के जीवन की बेहतर गुणवत्ता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया है। प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गयी है। इन 9 सालों में, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ी है। उन्होंने कहा, दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चमकता हुआ सितारा माना है। दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है और सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है।

## अब 7 लाख तक की आय वाले को नहीं देना होगा टैक्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023-24 में नयी कर व्यवस्था की घोषणा करते हुए आयकर दाताओं को बड़ी राहत दी है। न्यू टैक्स रिजीम चुनने वालों को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि जिनकी कुल आय सात लाख रुपये तक है, उन्हें कोई टैक्स नहीं देना होगा। ओल्ड टैक्स रिजीम में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में 5 लाख रुपये तक की आय वालों को पुरानी और नयी, दोनों टैक्स रिजीम में इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है। हालांकि, जिनकी कुल सालाना आय 7 लाख रुपये से अधिक है, उन्हें अपने स्लैब के मुताबिक टैक्स देना होगा। न्यू टैक्स रिजीम की ओर टैक्सपेयर्स को आकर्षित करने के लिए इसमें और भी कई तरह की छूट की घोषणा की गयी है।

साथ ही, टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर सात से छह कर दी गयी है। इस कदम से अगर कोई व्यक्ति सात लाख रुपये तक कमाता है, तो उसे न्यू टैक्स रिजीम अपनाने से सालाना 33,800 रुपये की बचत होगी। वहीं, 10 लाख रुपये तक की आय पर 23,400 रुपये और 15 लाख रुपये तक की आय पर 49,400 रुपये की बचत होगी। इसके अलावा, बजट में दो करोड़ रुपये से अधिक पर्सनल इनकम वालों को भी राहत दी गयी है। इसमें सरचार्ज की उच्चतम दर 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत की गयी है। इससे करीब 5.5 करोड़ रुपये वेतन आय वाले को लगभग 20 लाख रुपये की बचत होगी। इन बदलावों के बाद न्यू टैक्स रिजीम के तहत तीन लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। तीन लाख रुपये से छह लाख रुपये की आय पर पांच प्रतिशत, छह से नौ लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, नौ लाख रुपये से 12 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत और 12 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपये से ऊपर की आय पर 30 प्रतिशत कर लगेगा। सैलरीड क्लास और पेंशनभोगियों के लिए न्यू टैक्स रिजीम में भी स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ दिया गया है। 15.5 लाख रुपये या उससे अधिक आय वाले प्रत्येक वेतनभोगी व्यक्ति को 52,500 रुपये तक का लाभ मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)




### 9 साल बाद टैक्स स्लैब में हुआ बदलाव

### नयी आयकर व्यवस्था

(वित्त वर्ष 2023-24 के लिए), आय (रुपये में) - कर (आय का प्रतिशत)

| | |
|---|---|
| 3,00,000 तक | 0 प्रतिशत |
| 3,00,001 से 6,00,000 तक | 5 प्रतिशत |
| 6,00,001 से 9,00,000 तक | 10 प्रतिशत |
| 9,00,001 से 12,00,000 तक | 15 प्रतिशत |
| 12,00,001 से 15,00,000 तक | 20 प्रतिशत |
| 15,00,001 या उससे अधिक | 30 प्रतिशत |

(नोट : जिनकी आय सात लाख रुपये है, उन्हें आयकर नहीं देना है। लेकिन, अगर आय सात लाख से एक रुपये भी ज्यादा है, तो उपरौक्त स्लैब के अनुसार आयकर देना होगा।)

### रक्षा बजट आवंटन



केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय के लिए आम बजट में 5.94 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसमें से पूंजीगत व्यय 1.62600 लाख करोड़ रुपये तथा राजस्व व्यय 2.70120 लाख करोड़ रुपये है, जबकि पेंशन के लिए 1,38,205 करोड़ रुपये की राशि रखी गयी है। वित्त वर्ष 2022-23 में बजट आवंटन की राशि 5.25 लाख करोड़ रुपये थी। इसमें पूंजीगत व्यय के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, जबकि पेंशन निधि में 119 करोड़ रुपये की राशि रखी गयी थी।

### बजट में महिलाओं के लिए नयी बचत योजना

बजट में महिलाओं के लिए एक नयी लघु बचत योजना शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। उन्होंने महिला सम्मान बचत पत्र लाने की घोषणा करते हुए कहा कि इस नयी बचत योजना को दो साल के लिए लाया जा रहा है। इसमें किसी महिला या लड़की के नाम पर दो लाख रुपये तक का एक बार में निवेश किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 7.5 प्रतिशत की निश्चित दर से ब्याज मिलेगा। हालांकि, आंशिक निकासी का विकल्प भी मिलेगा।

### रेलवे बजट आवंटन



आम बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को 2.4 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। भारतीय रेलवे को वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे, जो वर्ष 2022-24 की तुलना में 65.6 प्रतिशत अधिक तथा वर्ष 2013-14 के आवंटन की तुलना में नौ गुना है। आम बजट 2022-23 में रेलवे को पूंजीगत आवंटन 1.4 लाख करोड़ रुपये था, जबकि राजस्व व्यय 3267 करोड़ रुपये तय किया गया था।

### एकीकृत आयकर पोर्टल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि निवेशकों के लिए बिना दावा वाले शेयरों एवं भुगतान न किये गये लाभांश पर दोबारा दावा करने के लिए एक एकीकृत आयकर पोर्टल भी विकसित किया जायेगा। इस पोर्टल पर शिक्षण एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण से निवेशक आसानी से दावा कर सकेंगे।

## गरीबों की जेब काट कर पूंजीपतियों को सहूलियत देने वाला बजट : हेमंत



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मैं एक आशावादी व्यक्ति हूं। कोरोना काल के बाद के समय में प्रस्तुत इस वर्ष के बजट से उनके जैसे करोड़ों आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, युवा, महिला और मजदूर उम्मीद लगाये हुए थे। उम्मीद थी कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, जो कि कोरोना महामारी के समय सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे, को लेकर विशेष प्रबंध किये जाएंगे। हमें उम्मीद थी कि जीएसटी कंपनसेशन के लिए समय बढ़ाया जायेगा। लेकिन, आशा के विपरीत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण भारत की जीवन रेखा मनरेगा के बजट में कटौती की गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

### चुनौतीपूर्ण समय में एक स्मार्ट बजट : एन चंद्रशेखरन



जमशेदपुर। आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि धीमी वैश्विक वृद्धि और कड़ी वित्तीय स्थितियों की चुनौतीपूर्ण मैक्रो पृष्ठभूमि को देखते हुए, वित्त मंत्री ने विकास को उपयुक्त प्राथमिकता दी है। श्री चंद्रशेखरन ने कहा, मैं अधिक उत्पादक व्यय, 10 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के कदम का स्वागत करता हूं। पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि और सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में पिछले दो दशकों में सबसे अधिक है।

### वित्त मंत्री ने एक बेहतरीन बजट पेश किया है : टीवी नरेंद्रन



जमशेदपुर। टाटा स्टील के सीइओ एंड मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने एक बेहतरीन बजट पेश किया है। यह बुनियादी संरचना के निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है, लेकिन वित्तीय अनुशासन पर कोई समझौता नहीं करता है, जो बढ़ती ब्याज दरों के युग में बहुत ही आवश्यक है।

### धनबाद में नया नक्शा पास करने पर रोक

धनबाद। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब तक पूरे मामले की जांच नही हो जाती, धनबाद में भवन बनाने के लिए नया नक्शा पास नहीं होगा। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री बन्ना गुप्ता बुधवार को धनबाद आए थे। मंगलवार को आशीर्वाद टॉवर में लगी भीषण आग में 14 लोगों की जानें चली गई थीं। मृतक में दस महिला, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल थे। आगजनी की भीषण घटना का बारिकी से जांच करने और जख्मी व्यक्तियों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने के लिए श्री सोरेन ने मंत्री को धनबाद भेजा था। सभी 14 शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परजन अब यह आस लगाये हैं कि कि अब उन्हें शव सौंप शीघ्र मिले, ताकि अंतिम संस्कार कर सके। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम ने कई सैंपल कलेक्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने थपथपाई वित्त मंत्री की पीठ, बोले

## विकसित भारत के निर्माण को तैयार करेगा मजबूत नींव

- कहा, अमृत काल का यह पहला ऐतिहासिक बजट
- वंचितों को वरीयता देने वाला है, सभी के सपनों को पूरा करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट 2023-24 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत नींव तैयार करेगा। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट पेश किये जाने के बाद एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, यह बजट वंचितों को वरीयता देता है, यह आज के आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा। इस वर्ष का बजट भारत के विकास पथ में नयी ऊर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस सर्वस्पर्शी और विकसित भारत के निर्माण को गति देने वाले बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को बधाई देते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें डिजिटल पेमेंट्स की सफलता को कृषि क्षेत्र में दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर की एक बहुत बड़ी योजना लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनोगा। सरकार ने कोऑपरेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनायी है। बजट में नये प्राइमरी कोऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना का भी एलान हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि परंपरागत रूप से अपने हाथों से देश के लिए मेहनत करने वाले विश्वकर्मा इस देश के निमार्ता हैं। उन्होंने कहा, पहली बार विश्वकर्मा के प्रशिक्षण और सहायता से संबंधित योजना को बजट में लाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान यानी पीएम विकास से करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आयेगा। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक में रहने वाली हमारी महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई बड़े कदम उठाये गये हैं। उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। महिलाओं के लिए एक विशेष बचत योजना भी इस बजट में शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज जब मिलेट्स पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है, तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों के नसीब में है। अब इस 'सुपर फूड' को 'श्री अन्न' के नाम से एक नयी पहचान दी गयी है। 'श्री अन्न' से हमारे छोटे किसानों और किसानी करने वाले आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक संबल मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)



## सीरीज पर भारत का कब्जा

- न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया, गिल का शतक पांड्या के 4 विकेट

एजेंसी

अहमदाबाद। टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यहां सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाये। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। पंड्या ने ब्लेयर टिकनर एक रन, लोकी फर्ग्युसन शून्य, ग्लेन फिलिप्स 2 रन और फिन एलेन 3 रन के विकेट लिये।

यह टी-20 क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत और न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी हार है। भारत का पिछला रिकॉर्ड 143 रन से जीत का था।



(शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग)
प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी सूचना वर्ष 2023–24

-:विज्ञप्ति:-

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, आश्रम उच्च विद्यालय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं अन्य पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालयों में वर्ग 06, 07 एवं 08 में शैक्षणिक सत्र–2023–24 के रिक्ति के अनुसार नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 20.02.2023 तक आमंत्रित किये गये हैं तथा नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक 03.03.2023 को निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र/छात्राएें आवेदन पत्र का प्रपत्र संबंधित आवासीय विद्यालयों, जिला कल्याण कार्यालय एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। शेष जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के वेबसाईट (www.hazaribag.nic.in) जनसाधारण के अवलोकनार्थ अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

ह0/–
(रवि राज शर्मा) उप निदेशक कल्याण,
PR 288935 Women, Child Development & Social Security (22-23)_D उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांक : 11 फरवरी 2023 (शनिवार)**

समय : 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

सर्वसाधारण को सूचना

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वाधान एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के द्वारा दिनांक 11/02/2023, दिन शनिवार, समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोड़कर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोड़कर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू-अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भत्ता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

कुमार गौरव, पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
आदित्य रंजन, उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
विरेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

नोटः इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

मो0 6200937857,
निवेदकः
अभिषेक प्रसाद
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।
PR 288962 Law(22-23)D



**कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (वर्ष 2022–23) योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस कम में वर्ष 2022–23 में कोडरमा जिलान्तर्गत इच्छुक किसानों को अनुदानित दर पर विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे वर्णित निम्न कृषि यंत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन)

| क्र0 सं0 | उपादान/कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | उपलब्धता (यूनिट) में |
|---|---|---|---|
| 1 | मेनुअल नेपसेक स्प्रेयर | 600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 66 |
| 2 | मेनुअल नेपसेक स्प्रेयर | 750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST /small and marginal,Women farmers के लिए) | 15 |
| 3 | पावर नेपसेक स्प्रेयर | 2500 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 34 |
| 4 | पावर नेपसेक स्प्रेयर | 3100 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए) | 10 |
| 5 | रोटावेटर | 34000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 6 | रोटावेटर | 42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 01 |
| 7 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर | 80000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 8 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर | 100000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 00 |
| 9 | पंपसेट | 10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 40 |
| 10 | स्प्रींकलर सेट | 19542 से 21901 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार ) | 01 |
| 11 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 257 मी0 |
| 12 | मोबाइल रेनगन | 28681 से 34513 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार ) | 01 |
| 13 | थ्रेसिंग फ्लोर (30'X30' साईज) | 57500 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 03 |
| 14 | रिज फॉरो प्लांटर | 24000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 15 | सीड स्टोरेज बीन | 1000/क्विं0 या 50% जो दोनो में से कम होगा। | 10 |
| | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन) | | |
| 1 | मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आर्परेटेड स्प्रेयर | 750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 10 |
| 2 | मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आर्परेटेड स्प्रेयर | 600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 27 |
| 3 | पावर आर्परेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr) | 3800 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 08 |
| 4 | पावर आर्परेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr) | 3000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 17 |
| 5 | मेनुअल ऑपरेटेड कल्टीवेटर | 10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 04 |
| 6 | कल्टीवेटर | 8000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 06 |
| 7 | बीजोपचार ड्रम | 10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 04 |
| 8 | बीजोपचार ड्रम | 8000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 06 |
| 9 | ट्रैक्टर चालित यंत्र रोटावेटर | 42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/Women/ small and marginal farmers के लिए) | 01 |
| 10 | रोटावेटर | 34000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 02 |
| 11 | पंपसेट | 10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 25 |
| 12 | स्प्रींकलर सेट | 19542 से 21901 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार ) | 03 |
| 13 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 515 मी0 |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदक का आधार कार्ड का छायाप्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद की छायाप्रति।
- आवेदक का दो अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो।
- अंचल अधिकारी से सत्यापित जमीन के विवरणी की छायाप्रति।
- पासबुक का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति।

नोटः–
1. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक 01.02.2023 से 15.02.2023 तक प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी /प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक एवं आत्मा कार्यालय कोडरमा में जमा किया जा सकता है।
2. किसी भी यंत्र का क्रय लाभुकों द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
3. पूर्व के पॉच वर्षो में किसी भी यांत्रिकरण योजना के द्वारा लाभ न लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यांत्रीकरण योजना का लाभ मिलेगा, परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया से सत्यापन करा के प्रतिवेदन जमा करना अनिवार्य है।
5. जमीन की रसीद में आवेदक के हिस्से में कितना जमीन आता है, स्पष्ट रूप से वंशावली के साथ अंचल से सत्यापित जमीन की रसीद आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

PR 288897 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)#D
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा


## संसद में पेश हुए आम बजट पर प्रदेश की राजनीति में चर्चा जारी

# भाजपा ने कहा- बजट देश के लिए अमृत समान झामुमो-कांग्रेस ने बजट को बताया निराशावादी

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए संसद में पेश आम बजट को लेकर राजनीतिक पटल पर मिश्रित प्रतिक्रिया आयी है। भाजपा के नेताओं ने इस बजट को देश के लिए अमृत समान बताया है तो प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने इसे लोकलुभावन और निराशावादी बताया है।

### सही अर्थों में अमृत काल का बजट : अर्जुन मुंडा



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है बजट अमृत काल का बजट है। पहली बार जनजातीय समूहों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीवी टीजी विकास मिशन शुरू किया जायेगा। अगले 3 वर्षों में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जायेंगे। अगले तीन साल में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में 38,800 अध्यापकों व सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी। 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए मिशन शुरू किया जायेगा। इस बजट की सात प्राथमिकताएं हैं। जो सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी।

### केंद्रीय बजट भ्रामक और तथ्यों से परे : झामुमो



**रांची।** झामुमो ने केन्द्रीय बजट को पूरी तरह से भ्रामक एवं तथ्यों से परे बताया है। झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज का बजट केवल निराशाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आयकर की छूट जहां पहले 2,50,000 तक की थी। उसमें मात्र 50,000 की वृद्धि की गयी। 3 से 6 लाख के बीच 5 प्रतिशत आय कर देना पड़ेगा। भारत के 80 प्रतिशत लोगों की मासिक आमदनी अधिकतम 25,000 या उससे नीचे है। मतलब अब गरीबों एवं निम्न आयवर्ग के लोगों को भी निचोड़ा जायेगा। रोजगार के सवाल पर युवाओं को कहीं भी कोई आश्वासन नहीं दिया गया।

### आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला बजट : अन्नपूर्णा



केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि यह देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित बजट है। भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला है। करदाताओं को राहत देने वाला बजट है। महिला सशक्तिकरण को बल देनेवाली बचत योजना महिला सम्मान बचत पत्र का प्रावधान भी किया गया है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्ट अप्स के लिए 2200 करोड़ रुपए के साथ कृषि वर्धक निधि की स्थापना का प्रावधान किया गया है। रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के आवंटन, महिलाओं, युवाओं, दलितों, आदिवासियों, किसानों के विकास के लिए नई योजनाएं देशहित में है।

### सर्व समावेशी है केंद्रीय बजट : दीपक प्रकाश



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला, आदिवासी सहित सभी वर्गों का खयाल रखा गया है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योग के साथ छोटे उद्योग एमएसएमई को बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया है। देश के 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त अनाज पहुंचने की योजना को जारी रखा गया है। टैक्स सीमा में छूट बढ़ाए जाने से नौकरी पेशा, पेंशन भोगी, व्यापारी वर्ग सभी को फायदे पहुंचाये गये हैं।

### आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला बजट : रघुवर दास



रांची। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा है कि मोदी सरकार ने जनकल्याण वाला बजट पेश किया है। अमृत काल के अपने पहले बजट में समृद्ध व समावेशी भारत की झलक पेश की गयी है। इस बजट में परंपरा से लेकर आधुनिकता तक फोकस किया। यह बजट देश के विकास को गतिशील करेगा। रोजगार को बढ़ावा देगा। गरीब, किसान, मजदूर, महिला व युवाओं का सशक्तिकरण करेगा। सही अर्थों में ये आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला बजट है। पूरे देश के आत्मविश्वास और उज्जवल भविष्य को दशार्ने वाला बजट है।

### केंद्र ने केवल झुनझुना थमाया : राजेश ठाकुर



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केंद्रीय बजट को बोगस बताया है। उन्होंने कहा कि बजट पहले की तरह घोषणाओं में अव्वल है परन्तु क्रियान्वयन में लक्ष्य से पीछे रहने का इतिहास रहा है और इस बजट में भी यह डर है। श्री ठाकुर ने कहा कि इनकम टैक्स राहत मामले में सरकार ने मिडिल क्लास और सैलरीड क्लास को झुनझुना ही थमाया है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए 80 सी में छूट का दायरा बढ़ाने के लिए बजट मे कोई प्रावधान नहीं किया गया। बजट फिर एक बार मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह माना जाएगा।

### केंद्रीय बजट को जनता ने नकारा : बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महीने का 30 हजार कमाने वाले व्यक्ति को भी टैक्स देने के लिए मजबूर किया गया है। यह बजट देश का बजट नहीं है। इसमें मध्यम वर्गीय परिवारों को, गरीबों और वंचितों के हितों को दरकिनार किया गया है। चुनावी उद्देश्य की मंशा से बनाए गए इस बजट को जनता नकारती है। इस बजट में महिलाओं को किनारे रखा गया है। युवाओं के अरमानों पर पानी फेर दिया गया है। किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक और अधिकार को रोंदने वाला बजट है।

### समर्थ भारत के लिए यह अमृत बजट : संजय सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि बजट अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने वाला है। यह 2047 में समृद्ध भारत और समर्थ भारत को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। यह बजट इसलिए भी अनूठा है कि देश के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए खास ख्याल रखा गया है। अब सालाना 7 लाख तक की आय वालों को टैक्स नहीं देना होगा। एमएसएमई के सेक्टर को बढ़ावा देना यह बताता है कि सरकार स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने वालों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। यह बजट देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक हर रूपों में सशक्त बनाने वाला है।

### बजट में मोटे अनाज को दिया गया बढ़ावा : ललित

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित ओझा ने कहा है कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू होगी। एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनेगा। कृषि ऋण की लक्ष्य बीस लाख करोड़ तक बढ़ाया जायेगा । मत्स्य संपदा की नई उपयोजना के लिए 6000 करोड़ का निवेश होगा।

### केंद्रीय बजट दिग्भ्रमित करने बाला : अजय सिंह



**रांची।** सीपीआई झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक और जिला मंत्री अजय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट देश की 120 करोड़ जनता को दिग्भ्रमित करने बाला है। यह आम बजट न होकर एक खास तबके और चुनावी घोषणा पत्र की तरह है। महंगाई से निबटने और रोजगार को लेकर बजट में कोई चर्चा नहीं है। सभी क्षेत्रों में एफडीआई को बढ़ाने की कोशिश है जो देश को आर्थिक गुलामी की ओर ले जायेगा। स्वास्थ, शिक्षा की मूलभूत बजट काफी कम है। आम बजट में झारखंड की उपेक्षा की गई है। मनरेगा के बजट में कटौती की गई है इसलिए यह आम बजट लोक लुभावन बजट है।

# जेएसएससी ने रद्द की एक दर्जन परीक्षाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जेएसएससी ने एक दर्जन प्रतियोगी परीक्षाओं के विज्ञापन को रद्द कर दिया है। इस संबंध में उसने बुधवार को सूचना जारी की है। रद्द करने का आधार 16 दिसंबर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा जारी आदेश को बताया है। सूचना के मुताबिक उच्च न्यायालय में रमेश हांसदा एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य की याचिका को कारण बताया गया है। जेएसएससी के मुताबिक जिन विज्ञापनों को रद्द किया जा रहा है, उनका नये सिरे से विज्ञापन जारी किया जायेगा।

### जानें कौन-कौन सी परीक्षाएं हैं शामिल

झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021, झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा - 2021, झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, झारखण्ड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा 2022, झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा-2021, झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2022, झारखण्ड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण, अधिकारी (आई.टी.आई. इंसट्रक्टर) प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, झारखण्ड इण्टरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी), टंकण अहर्ता धारक पद हेतू संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022, झारखण्ड नगरपालिका सेवा सम्वगं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022, झारखण्ड तकनीकी, विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्तप्रतियोगिता परीक्षा 2022, झारखण्ड मेट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 और स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर दिया गया है।

# दवा खरीद पर ₹150 करोड़ का हुआ घोटाला: सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने झारखंड सरकार द्वारा 150 करोड़ रुपए का दवा घोटाला किए जाने का दावा किया है। ये सभी खरीदारी टेंडर के बजाय मनोनयन के आधार पर की गई है। जिसके माध्यम से यह घोटाला किया गया। उन्होंने कहा कि 2020 में झारखंड सरकार द्वारा 150 से 200 जेनरिक दवा की खरीद के लिए टेंडर निकाला गया। जिसमें न्यूनतम दर की कंपनियों को 1 पर आपूर्ति के लिए पास कर दिया गया, लेकिन दवाइयां उनसे नहीं खरीद कर 3 महीने बाद केंद्र सरकार की 5 कंपनियों को शामिल करते हुए मनोनयन से न्यूनतम दर पर 3 से 5 गुणा दाम में दवाओं की खरीदारी की गई। ये 5 कंपनियों वहीं है जो 2017 में शासित सरकार के दौरान इनसे दवाएं खरीद गई थी। ये सारी प्रक्रिया कैबिनेट में टेंडर निकाले जाने की बिना जानकारी दिए कैबिनेट से अनुमति लेकर खरीदारी की गई थी। विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे मंत्री और उससे संबंधित विभाग और अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगें। वहीं, घोटाले पर विधानसभा में भी सवाल उठाने की बात कही है।

## अलग राज्य के आंदोलन से झामुमो ने बनायी है अपनी पहचान

# झामुमो का 43वां स्थापना दिवस समारोह दुमका में आज, गुरूजी और मुख्यमंत्री देंगे मार्गदर्शन

**एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना, झामुमो करेगा शक्ति प्रदर्शन**





उदय चौहान

**रांची।** झामुमो का 43वां स्थापना दिवस समारोह दुमका में आज गुरूवार की रात शुरू होगी। झामुमो की पहचान शिबू सोरेन के आंदोलन से रही है। इस पार्टी ने अपने सफर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। दुमका के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले 43वें झामुमो स्थापना दिवस समारोह की तैयारी पूरी हो गई है। पार्टी कार्यकर्ता व नेताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। समारोह स्थल गांधी मैदान और पूरा शहर झामुमो के होर्डिंग्स और झंडों से पट गया है। समारोह को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन विधायक बसंत सोरेन और नलिन सोरेन सहित कई नेता संबोधित करेंगे। झामुमो स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन दुमका पहुंच गये हैं।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि झामुमो स्थापना दिवस पर अपना शक्ति परीक्षण करेगा। दरअसल, शिबू सोरेन परिवार को भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगा है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने समन कर पूछताछ की है। पंकज मिश्रा ईडी के शिकंजे में फंसे हैं। दूसरी ओर झामुमो अभी सत्ता में है और संगठनात्मक दृष्टि से काफी मजबूत है। आगामी 2024 के लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नयी रणनीति पर मंथन करेगा। चुनावी रणनीति के तहत पार्टी ने 1932 की खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति को लागू करने पर अड़िग है। हालांकि, राज्यपाल रमेश बैस ने राज्य सरकार के इस विधेयक को वापस लौटा दिया है। वैसे पार्टी नेताओं ने पूर्व की अपेक्षा ज्यादा बड़ी रैली सभा करने का दावा किया है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका में कैंप कर रहे हैं। पार्टी के दर्जनों बड़े नेता और विधायक भी दुमका में जमे हैं। विधायक नलिन सोरेन ने दावा किया कि एक लाख से अधिक कार्यकर्ता इस बार गांधी मैदान में जुटेंगे। पार्टी के आगामी कार्यक्रमों लक्ष्य के संबंध में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन निर्देश देंगे।

### दो फरवरी 1977 को दुमका से शुरू हुआ था झामुमो का सफर

झामुमो का राजनीतिक सफर दो फरवरी 1973 को दुमका से शुरू हुआ था। दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने झामुमो की नींव रखी थी। 2 फरवरी 1977 को दुमका में पहली बार झामुमो का स्थापना दिवस मनाया गया था। तबसे हर साल यहां झामुमो का सालाना जलसा होता है। हालांकि, झामुमो की स्थापना धनबाद में 4 फरवरी, 1973 को हुई थी। शिबू सोरेन, एके राय और विनोद बिहारी महतो इन तीन लोगों ने मिलकर झामुमो की स्थापना की थी। शिबू सोरेन झामुमो के आज भी अध्यक्ष हैं। आज झामुमो झारखंड की सत्ताधारी पार्टी है। जानकार बताते हैं कि अपने स्थापना काल में झामुमो के कार्यकर्ता खजूर की लकड़ी की कूची से दीवारों पर लिखा जाता था संदेश। छह बार के विधायक नलिन सोरेन दो फरवरी के शुरूआती दिनों को याद करते हुए भावुक हो जाते हैं। पहली बार वर्ष 1977 में दुमका के एसपी कालेज में दो फरवरी को स्थापना दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी। उस वक्त संसाधनों की घोर कमी थी। पूरे संताल परगना में आवागमन की सुविधा भी नहीं थी। तब संचार तंत्र का भी कोई अता–पता नहीं होता था। ऐसे में ग्रामीणों को सूचना व न्यौता भेजने के लिए संताली परंपरा के तहत ढरु घुमाया जाता था। ग्रामीण हाटों में एक लंबा डंडा में हरे पत्तों को बांधकर संताल समुदाय के संदेश या निमंत्रण देने की परंपरा को ढरु के नाम से पुकारा जाता है। नलिन कहते हैं कि जब ढरु घुमाया जाता है तब ग्रामीण पूछते हैं कि कौन सा संदेशा है। तब उन्हें संदेश के बारे में जानकारी दी जाती है।

स्पीड न्यूज

### सर्वश्रेष्ठ बजट जिसमें हर तबके का ध्यान : प्रो जटाशंकर पांडेय



**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पांडे ने बजट को सर्वश्रेष्ठ बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गाव गरीब किसान मजदूर युवा तथा वेतन भोगी सभी के उपयुक्त तथा बिकास उन्मुख बजट बताया।

### सबको समृद्ध करनेवाला बजट है : डॉ दिनेशानंद



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने केंद्रीय बजट को देश के गांव, गरीब, मजदूर तथा किसानों को समृद्ध करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट से आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा छोटे व लघु उद्योगों एवं कृषि क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है।

### शानदार और जानदार है नया बजट: विकास सिंह



**जमशेदपुर।** भारत के वित्त मंत्री के द्वारा प्रकाशित बजट को भाजपा नेता विकास सिंह ने शानदार और जानदार बताते हुए कहा कि कोविड-19 की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद जो बजट प्रकाशित किया है वह अनुमान से कहीं अधिक ज्यादा सरल और मध्यमवर्गीय परिवार के लिए लाभदायक है। बजट में महिलाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर है।

### पेश हुआ काबिलेतारीफ बजट : प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर।** भाजपा बारीडीह मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने मोदी सरकार द्वारा पेश आम बजट 2023 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वित्त मंत्री सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह काबिले तारीफ है। यह बजट आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला दूरदर्शी बजट है। यह आधुनिक भारत का बजट है जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगा। गांव, गरीब, किसान, नौजवान सभी के सपने को पूरा करने वाला बजट है।

### मध्यम वर्ग का जीवन स्तर सुधरेगा : काली शर्मा



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा शर्मा (काली शर्मा) ने केंद्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी साबित होगा। यह बजट ग्रीन ग्रोथ, ग्रीन इकॉनमी, ग्रीन एनर्जी और ग्रीन इन्फ्रा वाला है। इससे ग्रीन जॉब्स में भी इजाफा होगा। काली शर्मा ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा राहत देने की कोशिश की गई है। इससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

### हर वर्ग के सपने साकार करने वाला बजट : नीरु



**जमशेदपुर।** भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सह समाजसेवी नीरु सिंह ने कहा है कि आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत केंद्रीय बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान पिछड़ा, अनुसूचित जनजाति व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपने को साकार करने वाला एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला सर्वसमावेशी और लोककल्याणकारी वाला बजट है।

### सभी सेक्टर का रखा गया ध्यान : कुलवंत सिंह बंटी



**जमशेदपुर।** पूर्व खादी बोर्ड सदस्य सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह एक नये भारत की नींव रखेगा। स्वास्थ्य शिक्षा खेती सड़क रेल से जुड़े महत्वपूर्ण इंफ्राट्रक्चर पर किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा।

# आम नागरिकों पर अमृत वर्षा के समान है आम बजट : विद्युतवरण

खबर मन्त्र टोली

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो ने आज लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर अपने राय देते हुए कहा कि यह अमृत काल का पहला बजट देश के आम नागरिकों पर अमृत वर्षा के समान है।



उन्होंने कहा कि यह बजट जहां एक ओर किसानों के लिए नए द्वार खोल रहा है वहीं दूसरी ओर मजदूरों के लिए राहत की फुहार लेकर आया है। श्री महतो ने कहा कि श्री अन्न योजना के माध्यम से किसान मोटे अनाज का उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होंगे। वहीं दूसरी ओर आयकर की छूट की सीमा बढ़ाकर ₹7 लाख करने से कर्मचारी वर्ग को भारी राहत मिलेगा। साथ ही टैक्स की स्लैब को घटाकर मात्र 5 वर्गों में रखने से उन्हें अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। उद्योगों के लिए भी इस बजट में बहुत कुछ किया गया है विशेषकर एमएसएमई सेक्टर में विवाद से विश्वास स्कीम से इन्हें काफी लाभ मिलेगा। पैन कार्ड की उपयोगिता को बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि यह सिंगल बिजनेस आईडेंटिफिकेशन के रूप में काम करेगा जिससे नए-नए स्टार्टअप के अलावा बहुत प्रकार के झंझट ओ से उद्यमियों को मुक्ति मिलेगी।

रेलवे में इस बजट में 2.4 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से रेलवे का आधुनिकीकरण और सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से आम जनता विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को इसका लाभ प्राप्त होगा। सांसद ने कहा कि इसके अलावा देश की आधारभूत संरचना को निरंतर मजबूती प्रदान करने के लिए इस बजट में अनेक प्रावधान किए गए हैं जिसके माध्यम से सड़क, बंदरगाह सहित आधारभूत उद्योगों को काफी सहूलियत प्रदान होगी, जिससे देश विकास की एक नई कहानी आने वाले वर्ष में लिख पायेगा।

### पेश किया गया केंद्रीय बजट सही अर्थों में आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला : रघुवर दास



**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अंत्योदय के लिए समर्पित मोदी सरकार ने लोक लुभावन बजट से इतर जनकल्याण वाला बजट पेश किया है। लोक लुभावन बजट में केवल वादे होते हैं, जबकि मोदी सरकार के बजट में बेहतर भारत के निर्माण के स्पष्ट इरादे हैं। श्री दास ने कहा है कि अमृत काल के अपने पहले बजट में मोदी सरकार ने समृद्ध व समावेशी भारत की झलक पेश की है।

### हद है! मासिक 30 हजार कमाने वाले पर भी टैक्स ठोक दिया : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** महीने का 30 हजार कमाने वाले व्यक्ति को भी टैक्स देने के लिए मजबूर किया गया है, ये बेहिसाब मंहगाई का दंश झेल रहे मध्यम वर्गीय परिवारों पर और अत्याचार हैं। आज जब देश में लोगों के पास रोजगार नहीं है तब संवेदनहीन सरकार लोगों से कर वसूलने में लगी हुई है जो निंदनीय हैं। यह बजट देश का बजट नहीं है,इसमें मध्यम वर्गीय परिवारों को, गरीबों और वंचितों के हितों को दरकिनार किया गया है। चुनावी उद्देश्य की मंशा से बनाए गए इस बजट को जनता नकारती है।



### महंगाई का दंश झेल रहे मध्यमवर्गीय परिवार को नहीं मिली राहत : मंगल कालिंदी

**जमशेदपुर।** विधायक मंगल कालिंदी ने केंद्र के द्वारा पेश बजेट को मध्यम वर्ग के लिए पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई का दंश झेल रहे मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बजेट में कोई लाभ नही है। जब देश में लोगों के पास रोजगार नहीं है तब केंद्र सरकार लोगों से कर वसूलने में लगी हुई है। देश सहित झारखंड के आम जनता की मांगों व जरूरतों को प्रस्तावित बजट में सुविधा नही मिला। आम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में पूरी तरह से विफल बजेट है। बजेट में मध्यम वर्गीय परिवारों, गरीबों और वंचितों के हितों को दरकिनार किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग में तीन साल में 150 करोड़ रुपये का जेनरिक दवा घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में विधायक सरयू राय ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में विगत 3 वर्षों में ऊँची दर पर जेनरिक दवा की खरीद का घोटाला हुआ है। उक्त आरोप लगाते हुए दवा खरीद की फाइल मंगाकर उचित जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। राय ने कहा कि इस मामले में प्रथम दृष्टया में विभागीय मंत्री और उनके अधिकारी सीधे फंसते दिख रहे हैं। अगर जांच में उनकी संलिप्तता आती है तो तत्काल प्रभाव से मंत्री को पद से हटा देना चाहिए। राय ने मुख्यमंत्री की ओर से पहल नहीं होने पर इस मामले को विधानसभा और सीबीआई के समक्ष उठाने की चेतावनी भी दी है।

सरयू राय ने बिष्टुपुर स्थित अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में विभागीय दस्तावेज पेश करते हुए उक्त आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 22.04.2020 को विभिन्न प्रकार की दवाओं की खरीद के लिए निविदा निकाली गयी। न्यूनतम दर वाले निविदादाताओं का चयन हो गया और 15.06.2020 को उन्हें स्वीकृति पत्र भेजा गया कि 19.06.2020 तक वे एकरारनामा जमा कर दें, ताकि उन्हें संबंधित दवाओं का क्रयादेश्ज्ञ दिया जा सके। परंतु यह खरीद हुई नहीं। उसकी जगह स्वास्थ्य विभाग ने संचिका तैयार कर जिन 103 दवाओं का राज्य के अस्पताल में मांग है उन

**सरयू राय ने दस्तावेज पेश कर सीएम से मामले की जांच कराने को कहा**



दवाओं के भारत के औषधि निर्माता लोक उपक्रम से मनोनयन के आधार पर खरीद की जाय। संकल्प के रूप मे यह प्रस्ताव 28.12.2020 को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के लिए भेजा गया। 03.02.2021 को मंत्रिपरिषद को स्वीकृति प्राप्त हो गयी। विभागीय संकल्प में उल्लेख किया गया है कि वित्तीय नियमावली 235 को शिथिल कर नियम 245 के तहत मनोनयन के आधार पर क्रय कर राज्य के विभिन्न अस्पतालों को आपूर्ति की जाय।

सरयू राय ने कहा कि आश्चर्य है कि इस संकल्प में कहीं भी अंकित नहीं किया गया कि इसके पूर्व दवाओं की खरीद के लिए निविदा प्राप्त की गयी थी। न्यूनतम दर वाले निविदादाताओं का चयन कर लिया गया है और उसके साथ एकरारनामा करने के लिए स्वीकृति पत्र भेज दिया गया है। निविदा में किसी भी दवा की खरीद के लिए जो न्यूनतम दर आई थी उसी दवा को केंद्र सरकारी की 5 कंपनियों से काफी अधिक दर पर खरीद की गयी। इसके कारण राज्य सरकार के खजाने को 150 करोड़ से अधिक की चोट पहुंची है, दवा की खरीद अब भी जारी है।

बकौल सरयू राय, इसी तरह की खरीद वर्ष 2017-18 में तत्कालीन झारखंड सरकार से मनोनयन से किया था परंतु संकल्प में वित्तीय विभाग ने यह शर्त लगा दिया था कि इन जेनरिक दवाओं का क्रय वर्ष 2017-18 के लिए किया जाय। यह संकल्प 13.09.2017 को पारित हुआ था। इसके बाद कोविड काल में मनमानी दर पर दवाओं की खरीद में अनियमितता हुई। निविदा के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाताओं को चयन हो जाने के बाद ऊंची दर पर दवाओं की खरीद कर भारी घोटा हुआ है।

## एक नजर में

### बजट में महिलाओं के लिए बहुत कुछ है : मंजू सिंह



**जमशेदपुर।** भाजमो महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि बजट नारी सम्मान को दिखाती है देश के गरिमामय पद पर हमारी राष्ट्रपति और वित्त मंत्री। इस बजट में निर्मला सीतारमण का प्रयास रहा है कि सभी महिलाओं की जीवन बेहतर गुणवत्ता और गरिमा पूर्ण हो। महिलाओं के लिए सम्मान बचत पत्र की शुरुआत अच्छी योजना है। कोरोना महामारी से जूझने के बाद बहुत सूझबूझ के साथ बजट पेश किया गया है। श्रीमती मंजू ने कहा कि आम जनता को ध्यान में रख भोग विलास की चीजों की महंगाई कम करने से जरूरी है खाद्य पदार्थ और दवाओं पर की बढ़ती हुई महंगाई पर नियंत्रण करना।

### बजट में सभी वर्गों का समुचित ख्याल है : सहिस



**जमशेदपुर।** देश के आम बजट पर आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि ये वैश्विक महामारी से उभरते हुए देश का बजट संतुलित और संयमित बजट है। एक तरफ दूसरे देशों के विकास दर 3 .8 फीसदी है वहीं भारत का दर 6 .8 फीसदी बताता है कि भारत एक मजबूत और सशक्त भारत के रूप में उभरा है और इस बजट में दलित, पिछड़ों, अति पिछड़ों, किसानों के साथ साथ वंचितों के लिए लाभदायक बजट है जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को परिभाषित विकास के भविष्य के एजेंडे को सबसे प्रभावशाली तरीके से बजट स्थापित कर आर्थिक विकास की नई पटकथा लिख दी गई है जो दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

### देश के उज्ज्वल भविष्य व विकासोन्मुख बजट : कन्हैया



**जमशेदपुर।** आम बजट पर आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रतिक्रिया दी। कहा कि इस बार का बजट देश के उज्ज्वल भविष्य और विकास के लिए है। साथ ही युवाओं और महिलाओं पर विशेष ध्यान है। इस बजट से देश में नए रोजगार के अवसर मिलेंगे कुल मिलाकर लाभकारी बजट है। बजट में मध्यम वर्ग को राहत भरा है और इसका आगामी दिनों में सकारात्मक लाभ मिलने के संकेत है जो घरेलू और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मोदी सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को परिभाषित विकास के एजेंडे को सबसे प्रभावशाली तरीके से रख अपनी मंशा देश के समक्ष अपनी मजबूत इरादे को दिखाया है। इसके बावजूद डिजिटल पेमेंट को भी बढ़ावा दिया है।

### बजट में ऑटो सेक्टर पर विशेष ध्यान : अप्पू तिवारी



**जमशेदपुर।** आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि इस बजट से ऑटो सेक्टर में नये रोजगार के अवसर मिलेंगे। समावेती विकास के साथ देश की चाहत है वित्तीय बजट। साथ ही मिडिल क्लास को टैक्स में छूट देकर उन्हें भी राहत दिया गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई योजनाएं लागू कर खुशी के अवसर दे दिए है बजट में महिलाओ को नया आयाम मिलेगा आयात और निर्यात के क्षेत्रों में राष्ट्रीय वित्तीय सुधार के संकेत है साथ ही आयकर में 7 लाख रुपए तक छूट दे साहसिक फैसला माध्यम वर्गीय परिवार के लिए संजीवनी के रूप में कार्य करेगा।

### मध्यम वर्गीय परिवार के लिए निराशा की पेटी : अकरम



**जमशेदपुर।** झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अकरम खान ने बजट को मध्यम वर्गीय परिवार वालों के लिए निराशा देने वाली पेटी कहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र की भाजपा सरकार ने कहा था कि 2022 में किसानों की आय दुगुनी करेंगे। 2022 में सबको आवास देंगे। 2022 तक 80 करोड़ लोगों को नौकरी-रोजगार देंगे। अब 2023 भी आ गया, लेकिन न इनका एक वादा पूरा हुआ न ही इनकी जुमलेबाजी की आदत गई। उन्होंने कहा कि भाजपा को 14 में से 12 सांसद देने वाले झारखंड को भाजपाइयों ने बजट में फिर ठगा। पीएम देश की जनता से आठ सालों में कई तरह के वादे कर चुके हैं। उनमें से कितना वादा पूरा हुआ है यह जनता भी जानती है।

### चुनाव नजदीक है, सो केंद्र ने पेश किया लोकलुभावन बजट : जम्मी भास्कर



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के राजनैतिक सलाहकार एवं कांग्रेस के प्रवक्ता जम्मी भास्कर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन, मनरेगा एवं निम्न वर्ग के लिए किसी तरह की कोई योजना नहीं है। यह आने वाले विधानसभा चुनावो को ध्यान में रखकर के बनाया गया लोकलुभावन बजट है।

### केंद्रीय बजट एक प्रगतिशील आर्थिक दस्तावेज : कैट

**जमशेदपुर।** वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीथारमन द्वारा आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट एक व्यापक और प्रगतिशील बजट दस्तावेज है जो सुनियोजित तरीके से भविष्य में प्रत्येक क्षेत्र के विकास के मापदंड को बताता है वहीँ व्यापार एवं लघु उद्योग के चरणबध्द विकास, स्वास्थ्य क्षेत्र और अन्य सेवाओं में मजबूत विकास के पैरामीटर्स को रेखांकित करता है। कुल मिला कर हम इसे एक संपूर्ण विकासशील बजट कह सकते हैं। उक्त बातें कहते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थलिया ने कहा कि वर्तमान हालातों में बजट के जरिये अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने का प्रयास किया गया है ! बजट के प्रावधानों से जहां घरेलू व्यापार में नये अवसर मिलेंगे वहीं दूसरी ओर देश के निर्यात व्यापार को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा । वित्त मंत्री द्वारा बजट में 7 प्राथमिकताओं के जरिए वित्त मंत्री ने कोशिश की है की बाजार में ज्यादा से ज्यादा पैसा आये जिसका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष लाभ व्यापारियों को मिलेगा। व्यापारी नेता ने कहा कि आय कर के पाँच स्लैब बनाना तथा व्यक्तिगत आय कर छूट को 7 लाख करना वित्त मंत्री का साहसिक कदम है। बजट में लोगों को उद्यमी की ओर प्रोत्साहित करना भी एक बड़ा कदम है वहीं डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिया जाना तथा अनेक वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी को घटना प्रशंसनीय है। कैट ने आज देश के सभी राज्यों में एक हजार से ज्यादा स्थानों पर बजट को लाइव देखे जाने के कार्यक्रम आयोजित किये। सोन्थलिया ने केंद्रीय कहा कि भारी बाधाओं और घरेलू और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित भारतीय अर्थव्यवस्था को परिभाषित विकास के भविष्य के एजेंडे को सबसे प्रभावशाली तरीके से बजट के जरिये स्थापित करने मैं श्रीमती सीथारमन सफल हुई हैं। सोन्थलिया ने कहा कि हालांकि हमें खेद है कि जीएसटी कर ढांचे के सरलीकरण और युक्तिकरण के संबंध में कुछ भी ठोस घोषणा नहीं की गई है जो एक बाजार-एक कर के सिद्धांत के विपरीत है।

## जन-जन के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट : अमरप्रीत सिंह काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नमन एवं हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक व भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया गया। अमृतकाल में प्रस्तुत यह बजट मुख्य रूप से ग्राम केन्द्रित नयी अर्थव्यवस्था आधारित आत्मनिर्भर भारत बनाने के समाहित उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में मजबूत कदम है। यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्रीय सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के मूल मंत्र को साकार करने का सुदृढ़ प्रयास है। बजट देश के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की समृद्धि, गांवों की आर्थिक प्रगति, शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रगति के नवीन आयाम, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण, महिलाओं एवं बच्चों के सवार्गीण विकास, युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के नवीन अवसरों के सृजन, शासकीय सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने, ग्रामीण एवं शहरी अधोसंरचना को तेजी से विकसित करने तथा जनता के लिए संवेदनशील प्रशासन की भावना के साथ देश के लोगों को समर्पित है। भारत के इतिहास में पहली बार एक महिला वितमंत्री, एक महिला राष्ट्रपति के नेतृत्व में केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। काले ने कहा है कि आम आदमी के लिए ये बजट बहुत अच्छा है, ये एक ऐतिहासिक कदम है। मध्यम वर्ग को इस बजट से बहुत राहत मिलेगी।



### बजट से आम आदमी को रहत मिलेगी : नीरज सिंह



**जमशेदपुर।** व्यावसायिक प्रकोष्ठ, भाजपा, झारखण्ड प्रदेश के संयोजक नीरज सिंह ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा आज पेश किया गया बजट से चहुमुखी विकास के मार्ग खुलेंगे। इस बजट में आम आदमी के ऊपर पड़ने वाले टैक्स और महंगाई के बोझ को काम करते हुए कई विकाश के कार्यों का ध्यान भी रखा गया है। इस बजट में मध्य वर्गीय परिवार, किसानो और युवाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है।

### भारत के सशक्त-समृद्ध अर्थव्यवस्था का बजट : राकेश सिंह



**जमशेदपुर।** आम बजट पर भाजपा जमशेदपुर महानगर महामंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नए मोदी सरकार का यह बजट गरीब, किसान, महिला, मजदूर, युवाओं के सशक्तिकरण और विकास उन्मुख को समर्पित है, समाज के सभी वर्गों के विकास को ध्यान में रखकर टैक्स स्लैब में छूट, मोटे अनाज को बढ़ावा देना, आदिवासियों, किसानों मजदूरों के लिए नई योजनाएं मोदी सरकार के समृद्ध भारत के निर्माण के सोच को प्रलक्षित करता है, अमृत काल का पहला बजट, मोदी सरकार के समृद्ध और समावेशी भारत की झलक पेश करता है। इस बजट में आत्मनिर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था की झलक है।

## मानगो गुरुद्वारा सिंह सभा के ट्रस्टी सौदागर सिंह पंचतत्व में हुए विलीन

>> अंतिम दर्शन को उमड़ा सिख समाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा सिंह सभा के ट्रस्टी सरदार सौदागर सिंह बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। स्वर्णरिखा बर्निंग घाट में अरदास के उपरांत बेटे राजेंद्र सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, जसबीर सिंह छिरे, अवतार सिंह एवं अन्य नातेदारों ने सौदागर सिंह के पार्थिव देह को अग्नि को भेंट कर दिया। इस मौके पर तकरीबन एक हजार की संख्या में सिख एवं अन्य समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इससे पहले मानगो डिमना रोड आवास में ग्रंथी बाबा ने अरदास की और पार्थिव देह को फूलों से सजे ट्रेलर पर रखा गया और गुरबाणी कीर्तन के साथ श्मशान घाट लाया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री एवं विधायक सरयू राय भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान शैलेंद्र सिंह, झारखंड सिख विकास मंच अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू, झारखंड सिक्ख प्रतिनिधि बोर्ड अध्यक्ष गुरुचरण सिंह बिल्ला आदि मौजूद रहे।



अंतिम यात्रा में शामिल उनके परिजन।

## चार को होगा टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का एजीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन निबंधन संख्या 211 में प्रावधानित व्यवस्था के तहत दिनांक 4 फरवरी दिन शनिवार 2023 स्थान टाटा मोटर्स कम्युनिकेशन हॉल, ओल्ड कैंटीन प्रथम तल्ला टाटा मोटर्स जमशेदपुर समय दिन के 1 बजे वार्षिक आमसभा आहूत की गई है। आम सभा के निमित तय कार्य सूची पर विस्तार से विचार विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा।

**कार्य सूची :**

1. संघ के कार्य की रिपोर्ट और अंकेक्षित लेखा विवरण को पारित कराना।
2. नये सदस्यों द्वारा यूनियन सदस्यता के लिए मिले आवेदन पर विचार एवं आम सभा के पटल पर निर्णय करना।
3) टाटा मोटर्स जमशेदपुर में फुल टर्म अपरेंटिस फिर से शुरू करने हेतु प्रबंधन को अवगत कराने हेतु यूनियन द्वारा आम सभा में निर्णय।
4. कुशल कर्मचारी (स्थाई/अस्थाई) को योग्यता के आधार पर उच्च शिक्षा के लिए प्रगति योजना के तहत ट्रेनिंग देने हेतु अर्का जैन यूनिवर्सिटी से टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन से सहमति से निर्णय को आम सभा के पटल पर रखना एवं यूनियन के आम सदस्यों को प्रगति योजना से अवगत कराना।
5. सोशल सिक्योरिटी स्कीम में पहले सेवा निधि के मद में मिलने वाली राशि 25 लाख से बढ़कर 35 से 38 लाख होने की जानकारी एवं इन्सुरेंस में 40+8=48 लाख से 50+10=60 लाख होने की जानकारी आम सभा के पटल पर रखना। 6. अन्य बिंदुओं पर चर्चा।

# जमशेदपुर : सिंहभूम चैंबर में देश के केंद्रीय आम बजट-2023 का हुआ सीधा प्रसारण

वित्तीय एवं कर विशेषज्ञों ने इसपर रखी अपनी राय- बजट को बताया संतुलित तथा देष-हित में

ः फोटो चैम्बर भवन,कैप्सन : बजट का सीधा प्रसारण देखते अध्यक्ष विजय आनंद मूनका,एमडी केडिया,मुकेश मित्तल, मानव एवं अन्य पदाधिकारी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा केन्द्र सरकार के द्वारा पेश किये गये ह्यूनियन बजट-2023ह्व का सीधा प्रसारण का आयोजन चैम्बर भवन में पूर्वाह्न 11.00 बजे से किया गया। इस दौरान काफी संख्या में व्यवसायी तथा वित्त एवं कर विशेषज्ञ उपस्थित रहे जिन्होंने इस बजट से व्यापार, उद्योग एवं आम आदमी पर पड़ने वाले असर पर चर्चा कर अपनी राय दी। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी।





**बजट का सीधा प्रसारण देखते अध्यक्ष विजय आनंद मूनका,एमडी केडिया,मुकेश मित्तल, मानव एवं अन्य पदाधिकारी।**

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैम्बर भवन में आयोजित यूनियन बजट-23 के सीधा प्रसारण में व्यवसायियों एवं उद्यमी को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने व्यवसाय एवं उद्योग पर पड़ने वाले असर के बारे में विषेषज्ञों से जानकारी हासिल की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान बजट के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुये विषेषज्ञों ने कहा कि व्यक्तिगत आयकर की सीमा को पांच से बढ़ाकर सात लाख कर दी

# केंद्रीय बजटः सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया लोकलुभावन

### केंद्रीय बजट देश हित के लिए उपयोगी : सांसद



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा बुधवार को लोकसभा में केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। इस पर सत्ताधारी लोगों ने देशहित के लिए उपयोगी बजट बताया तो वहीं दूसरी तरफ विपक्षी पार्टियां केंद्रीय बजट प्रस्तुत होते के साथ हाय तौबा मचाने लगे। विपक्षी नेताओं ने कहा कि यह बजट देशहित के लिए उपयोगी नहीं है। इस बजट में गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के लिए लोकलुभावन बजट प्रस्तुत किया गया है।

### केंद्रीय बजट से गरीब एवं किसान वर्ग को मिलेगा लाभ : डॉ शशिभूषण



पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि वित्त मंत्री सीतारमन द्वारा पेश किया गया बजट सराहनीय है। इस बजट से सभी लोगों को लाभ मिलेगा। इस बार के बजट में किसानों, व्यवसायियों समेत आम जनों का ख्याल रखा गया है। डॉ मेहता ने कहा कि केंद्रीय बजट से उबरने का अवसर देशवासियों को मिलेगा।

### अर्थव्यवस्था सुधारने वाला शानदार बजट : आनंद शंकर



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि टैक्स में इतनी बड़ी राहत से भारत की इकोनामी सुधरेगी। लोग ज्यादा से ज्यादा वाइट मनी करायेंगे और मार्केट में खर्च करने की शक्ति बढ़ेगी। उद्यमियों को कई राहत है। यह बजट देश को आगे ले जाने वाला है। मोदी है तो मुमकिन है। बजट का प्रारूप भारत के अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती प्रदान देने वाला साबित होगा।

### केंद्रीय बजट में सभी वर्गों को रखा गया ख्याल : आलोक चौरसिया



डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में भारत सरकार ने देश के सभी वर्ग एवं सभी तबके के लोगों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। आने वाले समय में इस बजट से गरीब से लेकर अमीर तक के लोगों को लाभ मिलने वाला है। इतना ही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन करनेवाले छात्रों को भी लाभ मिलेगा।

### आमजनों के लिए कल्याणकारी है बजट : अरुणा शंकर



मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने बजट की सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से आम से लेकर खास लोगों को लाभ मिलेगा। बजट सभी वर्गों को ख्याल रखकर बनाया गया है।

### बजट से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगा : मनोज सिंह



भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान होगा। यह बजट रोजगार के लिए नये क्षेत्र में नियोजन तथा स्वावलंबन बढ़ाने के लिए कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है वह अमृतवर्षा के समान है।

### बजट सभी वर्ग के लोगों को राहत देनेवाला है : अनुग्रह नारायण



रोटरी स्कूल (आनंद शंकर) के चेयरमैन सह चैरिटेबल सोसायटी डालटनगंज के प्रेसिडेंट अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इस बजट से देश के सभी वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही साथ कृषि, व्यापार क्षेत्र में लोगों को लाभ मिलेगा।

### राजनीतिक शास्त्र और अर्थशास्त्र का बेजोड़ संतुलन है बजटः अविनाश वर्मा



भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने शानदार बजट प्रस्तुत किया। जिसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एनडीए के मंत्रियों को जाता है। केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से गरीबों और मध्यवर्गीय परिवारों के लिए अमृत वर्षा की तरह बजट प्रस्तुत किया है जो काफी सराहनीय और देश के लिए उत्साहवर्धक है।

### बजट से व्यापार जगत को मिलेगा लाभ : इंदरजीत सिंह डिपल



चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव इंदरजीत सिंह डिंपल ने कहा कि केंद्रीय बजट से व्यापार जगत को काफी लाभ मिलनेवाला है। केंद्रीय बजट से व्यापारी वर्ग के लोगों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### शिक्षा के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो रहा बजट : रोहित पाठक



एबीवीपी पलामू विभाग के पूर्व संयोजक रोहित पाठक ने कहा कि केंद्रीय बजट में शिक्षा को समावेश किया गया है जो सराहनीय है। इससे छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी कारगर साबित होता। रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। जिससे लाखों करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। ये बजट देश को विकास की गति पर लेकर जायेगा।

### देश रक्षा को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया बजट : कर्नल डॉ संजय



भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल डॉ संजय सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में देश की सुरक्षा को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इस बजट से देश की रक्षा में लगे हुए सैनिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश से बढ़कर कोई चीज नहीं है। इसलिए भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र के साथ ही साथ आम जनों को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया है जो सराहनीय योग्य है।

### पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय है बजट : कौशल किशोर



कौशल किशोर जायसवाल पर्यावरणविद वीपीएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरू व वनराखी मूवमेंट के अबुआ, पानी पंचायत लावारिस सेवा केंद्र के कौशल किशोर जायसवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में पर्यावरण को भी शामिल किया गया है। जिससे कि आनेवाले समय में देश की हरियाली एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर कई लाभ मिलनेवाले हैं।

### लोकलुभावन भाषण की तरह पेश किया गया बजट : राजेंद्र



झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार देश की जनता को गुमराह करने का काम कई वर्षो से करते आ रही है। जिस कारण देश में कमरतोड़ महंगाई की मार से गरीब व मध्यम वर्ग जनता कराह रही है। लोगों को यह उम्मीद थी कि कोरोना के दो वर्ष के बाद जो बजट आयेगा वह राहत भरा बजट होगा।

### आत्मनिर्भर भारत का है बजट : डॉ आनंद प्रताप



लोजपा के प्रदेश महासचिव सह हुसैनाबाद विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि बजट देशहित में उपयोगी है। इससे आम से खास लोगों को लाभ मिलनेवाला है। जिसका स्वागत लोजपा करती है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध भारत, समर्थ भारत व संपन्न भारत बनाननेवाला है। जिसमें आधुनिकता एवं मानवीय दायित्वों को पूरा बल दिया गया है।

### गरीब विरोधी है केंद्रीय बजट : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम लोगों के हित में नहीं है। यह बजट उम्मीद के अनुरूप न होने के कारण गरीबों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट से आमजन को कई उम्मीदें होती है। वे अपने विकास के प्रति चिंतित रहते हैं लेकिन यह बजट आमजनों को और चिंता में डालने का काम किया है।

### आम बजट आम आदमी के हित में नहीं: अभिषेक सिंह



युवा उद्यमी व झामुमो के नेता अभिषेक सिंह ने आम बजट को आम आदमी के खिलाफ बताया है। वैश्विक मंदी में भी जनता को राहत न देना यह भाजपा नित केंद्र सरकार की मंशा को दर्शाता है। जनता को आज सिर्फ निराशा हाथ लगी है। टैक्स स्लैब कम करके जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया गया है। सरकार ने शिक्षा का बजट कम करने का फैसला लिया है, साथ ही स्वास्थ्य बजट को भी कम करने का फैसला लिया है।

### केंद्रीय बजट जनविरोधीः दीपक तिवारी



इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनविरोधी बजट पेश किया गया है। इस बजट में मेहनतकश मजदूर, किसान , व्यापार जगत से जुडे हुए लोगों के साथ घरेलू महिलाओं एवं गरीब घराने के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवा़ करनेवाला बजट है। इस बजट की मार से लोग उबर नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचानेवाला बजट है।

### गला घोटू है बजट : राजन सिन्हा



युवा जागृति केंद्र के अध्यक्ष राजन सिन्हा ने केंद्रीय बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट जनमानस के लायक नहीं है। इस बजट में आम जनता का गला घोंटने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से गरीब जनता का कोई लाभ मिलनेवाला नहीं है। बजट से देश में और महंगाई बढ़न की उम्मीद बढ़ गयी है।

### बजट से अर्थव्यवस्था में बदलाव : श्वेतांक

भाजयुमो पलामू जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने केंद्र सरकार की बजट पेश होने पर स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को बदलने वाला बजट साबित होगा और राष्ट्र को एक नया आयाम देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ये बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ आने वाले नए भारत की नींव डालेगा।

### आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी और समावेशी है बजट : लवली



भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद पांकी पूर्वी लवली गुप्ता ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी व समावेशी है। वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है उसमें वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध भारत, समर्थ भारत एवं सम्पन्न भारत का निर्माण होगा। बजट गांव, गरीब, किसान, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, ओबीसी, एससी/एसटी तथा मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बजट है।

# मन से काम किया, दबाव में नहीं : आयुक्त

■ सरकारी सेवा कार्य करने का देता है प्लेटफार्म, समाज में करने का मिलता है मौका

■ आयुक्त एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का विदाई-सह-सम्मान समारोह मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में आयुक्त जटा शंकर चौधरी एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवनारायण साह के विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने अपने 36 वर्षीय सरकारी सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा काम करने के लिए प्लेटफार्म देती है। इससे समाज में काम करने का मौका मिलता है। व्यक्ति का मूल्यांकन उसके कार्यों से होती है। उन्होंने अपने सेवाकाल में अच्छे से कर्तव्य निर्वहन किया। पद तो व्यक्ति का एक आवरण है। उन्होंने मार्गदर्शन किया कि पद का अहंकार नहीं रखें और अपने उपर पद को हावी नहीं होने दें। पद टैम्परैरी होता है। काम, आचरण, व्यवहार से व्यक्ति की पहचान होती और समाज में अच्छी छवि बनती है। सेवाकाल में जहां भी रहे काम और व्यवहार से ही लोग मुझे जाना। उन्होंने लोगों को भी प्रेरित किया कि आप एक मनुष्य हैं, मनुष्य बनकर रहें।

### प्रमंडलवासियों ने अंतिम पोस्टिंग को बनाया यादगार, पलामू में सेवा रहा सुखद अनुभव



**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर मंगलवार की देर शाम स्थानीय परिसदन भवन में जिला प्रशासन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले के उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि सेवाकाल में उन्हें जो भी कार्य मिला उसे समयबद्धता के साथ संपन्न किया। वे हमेशा कर्म पर भरोसा रखते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य किया जिससे आम लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास और भी पुख्ता हुआ है। अच्छे कार्य की तारीफ होने से पदाधिकारियों एवं कर्मियों का उत्साह एवं मनोबल बढ़ता है। सेवा में पलामू का एक सुखद अनुभव रहा।

## आयुक्त की सेवानिवृत्ति पर कृषि व संबद्ध विभाग में विदाई समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आयुक्त की सेवानिवृत्ति पर कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभाग ने विदाई समारोह का आयोजन आत्मा सभागार में किया। आयुक्त ने कहा कि सरकारी सेवा में जिस विभाग में रहे, जहां भी सेवा का मौका मिला निःस्वार्थ भाव से काम किया। हमने अपने आप को लोगों के बीच स्थापित किया। पद को हावी नहीं होने दिया। सरकारी सेवाकाल की के अनुभवों को साझा किया। जहां रहे सभी की मदद की। उन्होंने सभी को काम में विश्वास करने की बात कही। कहा कि काम भी आपको आगे ले जायेगा। अच्छे कार्य करने वालों की मदद की और उनका उत्साहवर्धन किया। काम से घबराने की जरूरत नहीं है। इरादा सही और नीयत नेक रखकर काम करें, तो रास्ता अपने आप खुलता है और आप आगे बढ़ेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने कहा कि आप अपनी संस्मरण को पुस्तक का स्वरूप दें।

## कठौतिया माइंस में खनन बंद रहने से सैकड़ों के समक्ष भुखमरी की स्थिति

**खबर मन्त्र संवादादाता**

**मेदिनीनगर।** एक तरफ सरकार ज़िले के औद्योगिक विकास के लिए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ ज़िले में काम कर रही प्रमुख औद्योगिक कंपनी हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस में पिछले आठ दिनों से कोयला खनन का कार्य बंद है। माइंस में खनन कार्य बंद रहने से कठौतिया माइंस से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच हजार लोगों के रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है। सवाल यह है की अगर यही हालात रहे तो पलामू का औद्योगिक विकास कैसे होगा? मालूम हो कि बीते 23 जनवरी को संदेहास्पद स्थिति में सिक्का के एक युवक की मौत हो गयी थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों व कुछ राजनीतिक दल के लोगों ने आरोप लगाया था कि माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया।

**ऐसे कैसे होगा पलामू का औद्योगिक विकास?**

■ स्थानीय युवक की मौत के बाद से बंद है माइंस, ग्रामीणों ने कंपनी की जमीन पर लगाया लाल झंडा, लोगों के विरोध के आगे कंपनी परेशान



### विश्रामपुर : बीडीओ ने की पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा की शुरुआत, दी आठ बिंदुओं की जानकारी



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बुधवार को पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का मंगलवार को शुभारंभ किया। पखवाड़ा के शुरूआती दिन उन्होंने लोगों को इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि एक फरवरी से 14 फरवरी तक इस पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का कार्यक्रम चलेगा। जिसके तहत लोगों को जागरूक करने से लेकर आठ बिंदुओं पर लोगों को जानकारी दी जायेगी। उन्होंने डीलरों को भी अपने कार्य संस्कृति में सुधार लाने का आदेश जारी करते हुए कहा कि गरीबों का हक लूटने वाले डिलारो को बख्शा नहीं जायेगा।

### पुराने बंद पड़े पंचायत सचिवालय में पंसस ने किया झंडोत्तोलन, मुखिया ने की कार्रवाई की मांग



**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के बंद पड़े पुराने पंचायत सचिवालय में गणतंत्र दिवस पर पंचायत समिति सदस्य पूजा देवी ने झंडोतोलन किया। उल्लेखनीय है कि बंद पड़े पुराने पंचायत सचिवालय का हस्तांतरित सामुदायिक भवन में कर दिया गया है जहां गणतंत्र दिवस पर मुखिया अशोक सिंह ने झंडोतोलन किया। वहीं बंद पड़े पुराने पंचायत सचिवालय में पंसस के झंडोतोलन करने को लेकर मुखिया श्री सिंह ने विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर बीडीओ को पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि सरकारी भवन पर गणतंत्र दिवस पर बिना किसी अनुमति के पंसस पूजा देवी ने झंडोत्तोलन किया है। मुखिया ने उंटारी रोड थाना, उप विकास आयुक्त पलामू व जिला पंचायत राज पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### नौडीहा बाजार : सरकारी जमीन पर जमकर हो रही पोस्ता की खेती, पुलिस ने किया नष्ट

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के घाघराटांड बटाने डैम के समीप गैरमंजुरवा जमीन को अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पोस्ता के खेती किया जा रहा है। गुप्त सुचना के आधार पर नौडीहा बाजार थाना के थाना प्रभारी अमन कुमार व अवर पुलिस निरीक्षक शंकर टोप्पो ने अपने दल बल के पोस्ता के खेती को नष्ट किया। नौडीहा बाजार पुलिस ने जीतेन्द्र यादव पिता लवकेश यादव, उदय प्रजापति पिता लालमुनि प्रजापति समेत 21 लोगों पर पर प्राथमिकी दर्ज किया है। नामजद मे से जितेंद्र कुमार यादव पिता लवकेश यादव ग्राम बगैया थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड के निवासी व उदय प्रजापति पिता लालमुनि प्रजापति ग्राम सलैया ,पोस्ट फुलवारियां थाना डुमरिया जिला गया के रहने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शेष आरोपी को पकडने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा लीग मैच संपन्न

# हुसैनाबाद तीन गोल से विजयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) स्थित आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को तीसरा लीग मैच हुसैनाबाद प्रखंड बनाम हैदरनगर प्रखंड के बीच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया।



**खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि अभिमन्यु सिंह व अन्य।**

मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है सीमित संसाधन व सही मार्गदर्शन की उन्होंने यह भी कहा कि यदि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद रहा तो आजनवन खेल मैदान को स्टेडियम का रूप दिया जायेगा। वहीं खेल शुरू होने से मध्यांतर तक दोनों टीमों के बराबरी के बाद दूसरे हाफ में हुसैनाबाद की टीम ने तीन शानदार गोल दागकर अगले चक्र सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**ये रहे उपस्थित**

मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी, रामकृष्ण पाल, राहुल दुबे, अखिलेश राम, असरेश पाल, रामाशीष चौधरी, चंदन चौधरी, अजय विश्वकर्मा, डॉ प्रेम पाल सहित कई खिलाड़ी व दर्शक मौजूद थे।

# केंद्रीय पुस्तकालय पहुंच आयुक्त ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्ति के उपरांत आयुक्त जटा शंकर चौधरी आज मेदिनीनगर के साहित्य समाज चौक के समीप अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय में पहुंचकर विघार्थियों से बातचीत की। पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके अनुभव को जाना। विघार्थियों ने पुस्तकालय के प्रति आयुक्त द्वारा किए गए कार्यों एवं प्रयास को लेकर धन्यवाद किया। पुस्तकालय से पढ़ाई में कन्टीन्यूटी आई है। आयुक्त के प्रयास से यहां पुस्तक, संसाधन उपलब्ध कराये गये, जिससे शिक्षा/तैयारी करने का एक माहौल बना है। विद्यार्थियों ने कहा कि समूह में पढ़ाई करने से परीक्षा में



सफलता हासिल करने का बड़ा अवसर मिलता है। पुस्तकालय की समृद्धि से शिक्षा का माहौल बना है। आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि पुस्तकालय की शोभा विद्यार्थी हैं। विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन से पुस्तकालय में शिक्षा का माहौल बना है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा पढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रुप डिस्कशन जरूर करें। इससे अपने को निखारने का अवसर मिलता है। मेहनत करें, मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। इमानदारी से मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थी अपने-आप पर भरोसा करें और पढ़ाई जारी रखें। इससे ज्ञान के साथ -साथ व्यक्तित्व का का विकास होगा। विद्यार्थियों ने आयुक्त को सम्मानित किया और पुस्तकालय में पुनः आने की मांग रखी। मौके पर उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष मंजित सिन्हा, अविनाश तिवारी सहित छात्र-छात्राएं एवं सुद्धि पाठकीय उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज़**

### पाटन : भारी मात्रा में जहरीला पदार्थ जब्त

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के दीपनारायण महतो के घर से पुलिस ने भारी मात्रा में जहरीला पदार्थ जब्त किया है। दीपनारायण के घर से पुलिस ने तीन किलो गांजा एवं अन्य जहरीला पदार्थ बरामद किया है। पलामू एसपी के निर्देश पर पुलिस ने एक टीम गठित कर यह कार्रवाई की। इस छापामारी दल में पलामू अनुमंडल एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पाटन थाना इंस्पेक्टर विष्णुदेव राम, नावा थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस ने दीपनारायण महतो, नवीन मेहता, मुकेश भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। सभी लोग तरहसी निवासी बताये जा रहे हैं।

### शिक्षक बने हरिहरगंज बीडीओ, छात्रों को पढ़ाया



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने बुधवार को प्रखंड के कटैया स्थित सरोत्नत उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने शिक्षक बन कर छात्रों को पढ़ाया। उन्होंने दशम कक्षा में विज्ञान विषय की क्लास ली। बीडीओ ने विद्यालय की व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए प्राचार्या अभिलाषा कुमारी को और भी बेहतर ढंग से विद्यालय चलाने को प्रेरित किया। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए वे प्रयासरत हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूरजमल राम सहित शिक्षक आदि थे।

### जनता मजदूर संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** जनता मजदूर संघ कठोतिया कोल माइंस कर्मचारी इकाई के प्रतिनिधि मंडल मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में 23 जनवरी से बंद पड़े कोल माइंस को अविलंब चालू कराने हेतु उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ने कमेटी गठित कर पूरे मामले पर जांच करवायी जायेगी एवं दोषियों पर कार्रवाई होगी। किसी भी स्थिति में कार्यरत श्रमिकों का रोजगार बंद नहीं होने दिया जायेगा। मौके पर युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, पवन सिंह, मदन सिंह, साकेत सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ मंटू जी व अन्य भी थे।

### धरना को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड में कार्यरत मनरेगाकर्मियों ने बुधवार को बीडीओ प्रभाकर ओझा को ज्ञापन सौंप गुरुवार को पलामू समाहरणालय के समक्ष अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में भाग लेने की जानकारी दी है। कर्मियों की मांगों में सेवा नियमितीकरण, वेतमान लागू करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। जिन्हें पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 9 जनवरी को पदयात्रा करते हुए 1 फरवरी को पीएमओ को राष्ट्रीय मनरेगा परिवार कल्याण प्रमुख परशुराम शर्मा के नेतृत्व में समर्पित किया गया है। इसका समर्थन करते हुए गुरुवार को राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत पलामू उपायुक्त को धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र समर्पित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में इस प्रखंड के सभी मनरेगाकर्मी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक व कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक और रोजगार सेवक शामिल होंगे। मौके पर दीपक कुमार बीपीओ, लेखा सहायक जगत मेहता, कंप्यूटर सहायक उपेंद्र पासवान, सहायक अभियंता बसंत कुमार, जेई मिन्हाज आलम, संतोष कुमार रजक, रोजगार सेवक नाजमा खातुन, अजीत पाठक, शमसाद अहमद आदि शामिल है।

### बेहतर प्रदर्शन करने पर नेहा सम्मानित



**सतबरवा पलामू।** राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नेहा कुमारी को बुधवार को सतबरवा के पोंची गांव में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो तथा पंचायत समिति सदस्यों ने ट्रैक सूट ,शॉल, प्रशस्ति पत्र तथा मिठाई देकर सम्मानित किया। अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करे ताकि ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी भी राज्य व देश का नाम रोशन कर सके। उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि नेहा कुमारी ने राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना प्रतिभा का परिचय देते हुए झारखंड को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर राम, युगल किशोर राम, धीरज कुमार, भाजयुमो के पप्पू सिंह, विकास पाठक, अरविंद सिंह, जगदीश सिंह, प्रेमचंद्र उरांव, लालबाबू चौधरी, मो अलाउद्दीन, नेहा के पिता संजय राम तथा अजय राम भी थे।

### नियमित ओपीडी व डिलीवरी रूम का शुभारंभ



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अधौरा का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव सह अपर निदेशक एनएचएम झारखंड विद्याशंकर पंकज ने प्रतिदिन ओपीडी एवं डिलीवरी रूम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सिविल सर्जन पलामू अशोक कुमार ने फीता काटा। कार्यक्रम में डीपीएम पलामू सुनील कुमार, जिला परिषद् सदस्य अंजू देवी, मुखिया विकास सिंह, नितिश सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक सिन्हा, बीपीएम विभूति कुमार और अन्य ग्राम वासी उपस्थित थे। जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र अधौरा का बेसिक सुविधा जल्द पूर्ण करने के लिए सिविल सर्जन पलामू ने आश्वासन दिया। साथ ही साथ डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को वहां रहकर संचालन हेतु निर्देशित किया गया।

### एनसीपी प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक से मिला



**मेदिनीनगर।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने टाटा पावर लिमिटेड व विभागीय अभियंताओं के खिलाफ शिकायतें मिली थी। विधायक के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि अजीत सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल बुधवार को विद्युत विभाग डाल्टनगंज कार्यालय में महाप्रबंधक से मिलकर 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा है।

# ‘बोरिंग’ बजट में कई बार लगा है शायरी ‘तड़का’

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बजट भाषण ढेर सारे तकनीकी आकड़ों के कारण बोरिंग लगता है। पिछले कुछ वक्त से इन बोरिंग भाषणों को हमने शायराना होते देखा है, जिसने सदन के माहौल को हल्का करने में बड़ी भूमिका निभायी है। मनमोहन सिंह से लेकर निर्मला सीतारमण तक ने इसका बखूबी उपयोग किया है। मनमोहन सिंह (वित्त मंत्री के रूप में) ने 1991-92 के केंद्रीय बजट में शेरो-शायरी की थी। एक बार नहीं, बल्कि कई बार बजट पेश करने के दौरान शायरी का तड़का लगा है। आइए जानते हैं कि कब-कब देश के बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्रियों ने शेरो-शायरी से बोरिंग बजट को मजेदार बना दिया।



**आम बजट 2022 :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2022 में अपना चौथा बजट पेश किया था। इसमें उन्होंने कहा था, 'राजा को किसी भी तरह की ढिलाई त्याग देनी चाहिए, धर्म के अनुरूप राज्य का संचालन करना चाहिए. साथ ही साथ करों की वसूली करके प्रजा के कल्याण की व्यवस्था करनी चाहिए।

**आम बजट 2021 :** वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने आम बजट पेश किया। अपने भाषण के बीच में उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता पढ़ी। इसके बोल इस प्रकार हैं...

***'विश्वास वह पक्षी है, जो सुबह अंधेरा होने पर भी उजाले को महसूस करता है।***

**आम बजट 2020 :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2020 के अपने शुरुआती भाषण के दौरान कश्मीरी कवि और साहित्य अकादमी विजेता पंडित दीनानाथ कौल द्वारा लिखी गयी एक कविता का पाठ किया। कविता कश्मीर में शालीमार बाग और डल झील को संदर्भित करती है, इस बात पर बल देते हुए कि भारत सभी नागरिकों का है। यह कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद आया है। कविता की पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैं :

***हमारा वतन शालीमार बाग जैसा, हमारा वतन डल झील में खिलते कमल जैसा, हम वतन नौजवानों के गर्म खून जैसा, हमारा वतन दुनिया का सबसे प्यारा वतन...।***

**आम बजट 2019 :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले कुछ वर्षों में भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साहसिक लक्ष्य को रेखांकित करते हुए उर्दू लेखिका मंजूर हाशमी के एक दोहे को उद्धृत किया। जिसके बौल कुछ इस तरह है..

***यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट भी ले कर चिराग जलता है।***



**आम बजट 2017 :** बजट में जहां सरकार ने काले धन के खिलाफ जंग शुरू की, वित्त मंत्री अरुण जेटली ने नयी सरकार का स्वागत करने के लिए कविता का सहारा लिया। नयी दुनिया है, नया दौर है, नयी है उमंग, कुछ हैं पहले के तरीके तो कुछ हैं

***आज के रंग ढंग, रौशनी आके अंधेरों से जो टकराई है, काले धन को भी बदलना पड़ा अपना रंग।***

**आम बजट 2016 :** अरुण जेटली पिछली सरकार से विरासत में मिली अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में बात करते हुए जेटली ने कहा कि उन्हें पता है कि इसे कैसे ठीक करना है। इसके बाद उन्होंने एक ऐसी ही स्थिति की व्याख्या करने के लिए एक उर्दू शायरी का सहारा लिया, जिसकी पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैं-

***कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें, लहर-लहर तूफान मिले और मौज-मौज मझधार हमें, फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगें, सबको इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।***



**आम बजट 2013 :** भारत तरक्की कर सकता है अगर वह सही फैसले लेता है। अपने इस बात को समझाने के लिए तब के वित्त मंत्री पी चिदबंरम ने तमिल की एक कविता पढ़ी, जिसका मतलब है जिसे आंखें स्पष्ट रूप से सही समझती हैं और जिसमें दृढ़ इच्छाशक्ति होती है, उसे मनुष्य को पूरा करना चाहिए। बोल कुछ इस तरह है...

***कलंगथु कांडा विनैक्कन थुलंगकथु थुककांग कदिन्थु सेयल।***

**आम बजट 2005 :** वित्त मंत्री जसवंत सिंह अपने बजट भाषण में कविता का जिक्र किया, जो इस प्रकार था

***गरीब के पेट में दाना, गृहिणी की टुकिया में आना।***



**आम बजट 2001 :** यशवंत सिन्हा ने कहा कि बजट में निर्धारित सुधारों ने दूसरी पीढ़ी के सुधारों, विकास और दक्षता के साथ इक्विटी को लक्षित किया। इस पर जोर देने के लिए उन्होंने एक कविता का पाठ किया।

***तकाजा है वक्त का तूफान से जूझो, कहां तक चलें किनारे किनारे।***



**आम बजट 1991 : :** वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने 1991 के अपने ऐतिहासिक बजट भाषण में, जहां कई आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई, अल्लामा इकबाल को उद्धृत किया।

**यूनान, म्रिस, रोम सब मिट गये जहां से, अब तक मगर है बाकी, नामो निशां हमारा।**



## बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# महंगाई कम हुई, फिनटेक पर सरकार का फोकस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बुधवार को आम बजट पेश करने के बाद शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा बजट में दी गई प्राथमिकताओं को गिनाया और कहा कि इससे अर्थव्यवस्था को सभी सेक्टरों को लाभ होगा।

वित्त मंत्री ने आगे बताया कि बजट में चार मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया गया है। पहला महिला सशक्तिकरण, दूसरा पर्यटन के लिए कार्य योजना, तीसरा विश्वकर्मा (कारीगरों) के लिए पहल और चौथा ग्रीन ग्रोथ है।



**नई टैक्स प्रणाली अधिक आकर्षक :** वित्त मंत्री कहा गया कि सरकार की ओर से किसी को भी नई टैक्स प्रणाली अपनाने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। लोग पुरानी टैक्स प्रणाली भी चुन सकते हैं, लेकिन बढ़ी हुई छूट और कटौतियों को देखते हुए नई कर प्रणाली अब अधिक आकर्षक है।

**फिनटेक सेक्टर को बढ़ाया जाएगा :** बजट के बाद अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार एक फ्यूचरिस्टिक फिनटेक सेक्टर को देख रही है और लोगों को औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्र सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है।

**महंगाई कम हुई :** वित्त मंत्री ने कहा कि हम महंगाई को कम होते हुए देख रहे हैं। खुदरा और थोक महंगाई दर में कमी आई है। सरकार की ओर से महंगाई को कम करने के लिए लगातार कदम उठाएं जा रहे हैं।

**सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने पर जोर :** बजट 2023 का उद्देश्य मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर लाभ सुनिश्चित करने के लिए सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाना है। सीतारमण ने कहा कि नई टैक्स व्यवस्था में अब अधिक आकर्षण है ताकि लोग बिना किसी हिचकिचाहट के पुराने से नई टैक्स प्रणाली जा सकें।

## बजट से फीलगुड में झारखंड के व्यवसायी, सरकार की सराहना



**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री डॉ निर्मला सीतारमण ने बजट 2023-24 पेश किया। केंद्र द्वारा पेश किये गये बजट पर झारखंड के व्यवसायी वर्ग ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में कुछ चीजें महंगी और कुछ चीजें सस्ती होने पर भी लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। आम बजट का झारखंड के व्यवसायियों ने स्वागत किया। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में संसद में पेश हो रहे बजट का लाइव प्रसारण देख रहे व्यवसायियों ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। एक तरफ केंद्र सरकार ने आम बजट में आदिवासी कल्याण के लिए 15,000 करोड़ का प्रावधान किया है, जिसका लाभ झारखंड जैसे आदिवासी बहुल प्रदेश को मिलेगा। वहीं, दूसरी ओर एकलव्य विद्यालयों में होने वाले 38,000 नियुक्तियों से यहां के बेरोजगार लोगों को नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि 8 साल के बाद आयकर छूट की सीमा में बढ़ोतरी की गयी है, जिसकी मांग लंबे समय से हो रही थी। केंद्र सरकार ने एमएसएमइ के ब्याज ऋण में छूट के अलावा कोरोना की वजह से हुए घाटे को पाटने के लिए प्रावधान कर बड़ी राहत दी है। इस साल के आम बजट में सोना, चांदी और प्लैटिनम पर टैक्स बढ़ाये जाने की वजह से महिलाओं के खास पसंदीदा ज्वेलरी महंगे होंगे। वहीं, मोबाइल सस्ते दर पर मिलेंगे। हालांकि, महंगाई को रोकने को लेकर बजट में कोई खास प्रबंध नहीं किया गया है, जिस वजह से रसोई के सामान के दामों में कोई राहत मिलती हुई नहीं दिख रही है। पेशे से चिकित्सक और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## बजट से भाजपा को कितना फायदा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 5वें और देश के 75वें बजट में कई बड़े एलान किए। गरीब से लेकर मध्यम वर्ग तक का इस बजट में खास ख्याल रखा गया। अपने एक घंटे 27 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री ने पूरे देश को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की है कि अब तक सबकुछ सही रहा और अब आने वाले दिनों में भी विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने यह भी बता दिया कि कोरोनाकाल और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरी दुनिया में आर्थिक संकट की स्थिति है। इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत की विकास दर अन्य सभी देशों से अच्छी है और ये आगे भी कायम रहेगी। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने अपने आखिरी पूर्ण बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस बजट के मायने क्या हैं? इससे केंद्र सरकार की उम्मीदें कितनी मजबूत होंगी? क्या इसका असर आने वाले चुनाव में भी देखने को मिलेगा? आइए समझते हैं।

**बजट से कितनी ताकतवर होगी मोदी सरकार? :** इसे समझने के लिए हमने वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप भंडारी से बात की। उन्होंने कहा, ‘मोदी सरकार का यह बजट मास्टर स्ट्रोक हो सकता है। इसके जरिए मोदी सरकार ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले इस बजट से गरीब, मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा पहुंच सकता है। प्रदीप आगे कहते हैं, ‘आठ साल से टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ था। इस बार टैक्स स्लैब में बदलाव कर के सरकार ने करोड़ों लोगों को खुश करने की कोशिश की है।

**क्या हैं इस बजट के सियासी मायने? :** राजनीतिक विश्लेषक प्रो. अजय कुमार सिंह कहते हैं, 'पिछले कुछ सालों से दुनिया के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी झटका लगा है। कोरोना और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते काफी नुकसान उठाना पड़ा। महंगाई ने लोगों को परेशान किया। ऐसे में विपक्ष लगातार सरकार को घेरने में जुटा था। अब सरकार ने अपने इस बजट के जरिए हर वर्ग की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है। हां, ये माना जा सकता है कि बजट पूरी तरह से अगले साल होने वाले चुनावों को देखते हुए पेश किया गया है। यह भी कह सकते हैं कि पिछले कुछ राज्यों के चुनावों में जिस तरह से भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा, उससे सबक लेते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है।

## टैक्स स्लैब में बदलाव से मध्यम वर्ग को होगा मामूली लाभ

**एक्सपर्ट की प्रतिक्रिया**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वर्ष 2023-24 के बजट आयकर सीमा में छूट भी शामिल है, लेकिन अर्थशास्त्री राकेश मोहन जोशी का कहना है कि इस नये बदलाव से मध्यम वर्ग को कोई बहुत ज्यादा लाभ नहीं होगा। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के डीन प्रसिद्ध अर्थशास्त्री राकेश मोहन जोशी ने कहा कि इस वर्ष के बजट में ढांचागत विकास पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है, जो देश के विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा, मैं आज के बजट को दस में से आठ की रैकिंग दूंगा। बजट ने ढांचागत विकास पर जोर दिया और कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया। आयकर सीमा में छूट पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब भी बजट पेश किया जाता है, मध्यम वर्ग को इससे बहुत उम्मीदें होती हैं। लेकिन, यह भी सच है कि मध्यम वर्ग हमेशा की तरह बजट से निराश होता है, क्योंकि कोई भी सरकार इस वर्ग को बहुत हद तक लाभान्वित नहीं कर सकती है और इस नयी कर की सीमा पर छूट से मध्यम वर्ग को केवल सामान्य लाभ ही होगा।

इस साल के बजट को पेश करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने बच्चों और किशोरों के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी का वादा किया है। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए प्रमुख स्थानों में 157 नये नर्सिंग कॉलेज, 30 कौशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र विभिन्न राज्यों और अन्य में स्थापित किये जायेंगे। इस पर अर्थशास्त्री जोशी ने कहा, ढांचागत विकास, अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए, लेकिन शिक्षा, विशेष रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इस बजट में शैक्षिक विकास पर जोर दिया गया है, लेकिन आज के बजट में, मैंने पाया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों को छोड़कर शिक्षा पर कम ध्यान दिया गया था। एक और बात नहीं थी, और वह है उच्च शिक्षा पर ध्यान। अब ऐसे समय में जब हम अपने देश में विदेशी विश्वविद्यालयों की स्थापना के विचार के साथ सामने आ रहे हैं, हमें दोनों के बीच एक निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर अपने सार्वजनिक शैक्षिक ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है।

# देश की अर्थव्यवस्था को एक नयी दिशा देने वाला बजट



**विजय केसरी**

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पांचवीं बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। यह नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे टर्म का अंतिम बजट है। 2024 में लोकसभा सहित नौ राज्यों में चुनाव होना है। यह बजट आम आदमियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। उम्मीद है इस बजट से महंगाई पर रोक लग पायेगी। आयकर स्लैब में बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय करदाता काफी खुश नजर आ रहे हैं। इस बजट से घाटे में चल रहे उद्योगों को नया जीवनदान मिलेगा। वर्ष 2023-24 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस रूप में प्रस्तुत किया है, यह देश की अर्थव्यवस्था को नयी दिशा देने वाला बजट है। यह जन हितकारी और देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है।

प्रस्तुत बजट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में यह बजट श्रेष्यकर होगा। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि नये बजट के नये संकल्पों को लेकर चलें और वर्ष 2047 में समृद्ध भारत, समर्थ भारत और हर प्रकार से संपन्न भारत की यात्रा को आगे बढ़ायें। हम नये लक्ष्य हासिल करके रहेंगे। बजट पर जिस आशा विश्वास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपना वक्तव्य रखा है, वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करने का काम किया है। इस बजट से भारत का आयात और निर्यात दोनों बढ़ेगा। कोरोना महामारी ने जो भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया, उससे अभी तक देश पूरी तरह उबर नहीं पाया है। इसके बावजूद हमारा देश विश्व में सबसे तेजी से उभरते आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल किया। इन तमाम दुश्वारियों के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस उम्मीद के साथ एक फरवरी को बजट प्रस्तुत किया है, इसका देश की अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 में देश में लोकसभा एवं कई राज्यों में विधानसभा के जो चुनाव होने वाले हैं, उसे भी ध्यान में रखकर, बजट का माइलेज लेने के लिए केंद्र सरकार ने ऐसा जन हितकारी बजट प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत बजट के अनुसार देश का विकास दर 7 प्रतिशत रहने की उम्मीद जतायी गयी है। निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

कुल खपत में चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष को प्रभावित करने वाले सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र में 12.8 प्रतिशत तो उत्पादन में 13. 5 प्रतिशत बढ़ोतरी किया गया है। इन तमाम बिंदुओं के अध्यन से प्रतीत होता है कि इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा को कम करना चाहती है। देश के विकास को गति प्रदान करना चाहती है। इस बजट से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में निवेश बढ़ेगा। यह बजट जिस रूप में हम लोगों के समक्ष आया है, इससे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगी। नये उद्यमों के खुलने के अवसर बढ़ेंगे। आयात और निर्यात दोनों सुधरेंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त सुधार होगा। प्रस्तुत बजट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चमकता हुआ सितारा माना है। दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है। भारत सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। संसद में बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि हमने कोरोना काल में यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखा न सोये। सरकार ने दो लाख करोड़ रुपये खर्च करके हर व्यक्ति को खाद्यान्न सुनिश्चित किया । आगे उन्होंने बताया कि इस बार के बजट में सात प्राथमिकताएं हैं। वहीं, किसानों के बारे में बात करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल ग्रोथ पर जोर दिया जायेगा। इसी के साथ नये रोजगार पैदा करने पर है। टैक्सपेयर्स के लिए भी बड़ी घोषणा की है। अब नयी कर व्यवस्था में सात लाख रुपये तक की सालाना इनकम पर कोई नया कर नहीं लगेगा। इस आयकर दायरे में मध्यम वर्ग के लोग आते हैं।

**लेखक स्तंभकार व कथाकार हैं।**

## एक नजर में

### पीयूष गोयल ने की आम बजट की तारीफ, कहा देश के 140 करोड़ लोगों के लिए बताया वरदान



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश किए गए आम बजट 2023-24 की तारीफ करते हुए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस देश के 140 करोड़ लोगों के लिए वरदान करार दिया। उन्होंने कहा, ह्ययह बजट इस देश में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के लिए वरदान है। यह एक ऐसा बजट है जो सभी क्षेत्रों के लोगों के बारे में सोचता है और रोजगार का एक स्रोत होगा।

### पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम बोले- नये टैक्स रीजीम वालों को छोड़कर टैक्स में कोई कमी नहीं



पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने कहा, ह्यनए टैक्स रीजीम का विकल्प चुनने वालों की मामूली संख्या को छोड़कर टैक्स में कोई कमी नहीं की गई है। तर्कहीन जीएसटी दरों में कोई कटौती नहीं की गई। नई टैक्स व्यवस्था को डिफॉल्ट विकल्प बनाना अनुचित है। आम करदाता को पुरानी टैक्स व्यवस्था में जो मामूली सामाजिक सुरक्षा मिलती थी, यह उस पर चोट है।

### भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाएगा यह बजट : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आम बजट की तारीफ करते हुए कहा, जब दुनिया मुश्किलों से जूझ रही है तो भारत एक उज्वल स्थान रहा है। यह बजट भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाएगा। रेलवे के लिए 2,41,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मैं पीएम मोदी और वित्तमंत्री सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

### बजट में सबको कुछ न कुछ दिया गया: फारूक



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि बजट में मध्यम वर्ग को मदद दी गई है, सबको कुछ न कुछ दिया गया है। डेढ़ घंटे तक हमने बजट सुना अब हम इसपर बात करेंगे जब मौका आएगा।

### बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था: शशि थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बजट में कुछ चीजें अच्छी थी मैं इसे पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहूंगा, लेकिन अभी भी कई सवाल उठते हैं। बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था। सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी, महंगाई की बात भी नहीं की गई।

### इस बजट से महिला का सम्मान बढ़ा: स्मृति ईरानी



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि इस बजट से महिला का सम्मान बढ़ा, बच्चों और किशोरों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा से ज़िला स्तर पर बच्चे कैसे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे इसका उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है इसका प्रतिबिंब आज के बजट में दिखता है। ये बजट मध्यम वर्ग के हित में भी है, इससे भारत प्रफुल्लित है भले ही विपक्ष नाराज हो।

### राजनाथ सिंह ने की बजट की तारीफ



बजट को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2023-24 का केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, हाशिए पर पड़े वर्गों और मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ विकास और कल्याण पर केंद्रित है। सिंह ने कहा कि बजट प्रस्ताव देश को कुछ वर्षों के भीतर 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व स्तर पर शीर्ष तीन अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में ले जाएगा।

### रोजगार के लिए आपने गोल-गोल बातें कीं : मनोज झा



सांसद मनोज झा ने कहा कि मैंने वित्त मंत्री को कई बार कहा है कि जब भी बजट बनाए तो अनुच्छेद 39 को देख लें। संविधान से आंखें मूंद कर स्तुति गान वाला बजट बनाते हैं तो कुछ हासिल नहीं होगा। रोजगार के लिए आपने गोल-गोल बातें की। ये बजट खास लोगों का खास लोगों द्वारा खास तरह से बनाया बजट है।

### बजट ने उम्मीद के बजाय निराशा दी: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा 2023-24 के केंद्रीय बजट ने देश के लोगों को उम्मीद के बजाय निराशा दी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बजट महंगाई और बेरोजगारी को और बढ़ाता है।

### न्यू इंडिया' के लिए विजन : आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को केंद्रीय बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये बजट 'न्यू इंडिया' का विजन है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि यह बजट नए भारत के दृष्टिकोण, देश की समृद्धि और 130 करोड़ भारतीयों की सेवा करने का लक्ष्य रखता है। बजट समाज के सभी वर्गों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करेगा, जिसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाएं शामिल हैं। निस्संदेह यह बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### तेजस्वी यादव ने दी प्रतिक्रिया



बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये बजट निल बट्टा सन्नाटा है, बिहार के लिए कुछ नहीं है। केंद्र में बिहार के जितने सांसद हैं उन्हें शर्म से डूब जाना चाहिए। किसानों के लिए, रेलवे के लिए कुछ नहीं है। वढअ की सरकार में बिहार को जितना दिया जाता था क्या इस सरकार ने दिया?

### आम आदमी पार्टी ने किया बजट पर प्रहार

आम आदमी पार्टी ने 2014 से प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने के केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दावे पर बुधवार को सवाल खड़े किए हैं। आप नेताों ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अमृत काल है, देश के आम लोगों के लिए नहीं। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि इसमें न तो फसलों का एमएसपी बढ़ा और न ही युवाओं को रोजगार मिला, लेकिन मोदी जी के लिए यह अमृत काल है। वित्तमंत्री कह रही हैं कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है।

### अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट : अमित शाह

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आम बजट 2023-24 को ‘सर्वसमावेशी और दूरदर्शी’ करार दिया और कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। ‘मोदी सरकार द्वारा लाया गया बजट-2023 अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट है।



स्पीड न्यूज

### अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन को और मजबुत बनायें : कृति

भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में मतकमा चैक भुरकुंडा स्थित भाजपा भदानीनगर मंडल महामंत्री सागर दांगी के हवेली रस्टोरेंट में भाजपा भुरकुंडा व भदानीनगर मंडल की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा व संचालन मंडल महामंत्री कपील दांगी ने किया।

### समिति ने जुलूस के साथ प्रबंधन को सौंपा 12 सूत्री मांगपत्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने बुधवार को जुलूस निकाल भुरकुंडा सीसीएल प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। जुलूस सीसीएल रेस्ट हाउस से प्रारंभ पीओ कार्यालय पहुंची। इसका नेतृत्व रामदास बेदिया, जयदेव सिंह, प्रेम कुमार साहू, बलराम पांडेय कर रहे थें। जुलूस में शामिल लोग प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कहा गया कि पूर्व में हुए लोक जन सुनवाई में समिति अपनी 12 सूत्री मांगो को रखते हुए समर्थन दिया था। प्रबंधन ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन कोई भी मांग पूरी नहीं हुई। जिससे रैयत ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त थे। इन्हीं मांगों को ले समिति ने कोलियरी प्रबंधक राजकुमार वर्णवाल को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा।

### गणेश मंदिर छत ढलाई निर्माण कार्य होगा शुभारंभ : व्यास

भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित गणेश मंदिर में बुधवार को जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय व संचालन पंसस रोहित सोनी ने किया। बैठक में बिरसा चैक स्थित गणेश मंदिर के छत ढलाई निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि छत महाशिवरात्रि के दिन छत ढलाई निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ होगा। मौके पर मुखिया व्यास पांडेय ने कहा कि भगवान गणेश जी का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। हर हाल में मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मंदिर ढलाई कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। श्री पांडेय ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी से निकलने वाले शिव बारात का जोरदार स्वागत किया जायेगा। मौके पर मनोज सोनी, विशाल सोनी, कुमार, संतोष कुमार, सोनू वर्मा, गुड्डू पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### माता वैष्णो देवी मंदिर का 32वां वार्षिकोत्सव भंडारा के साथ संपन्न

रामगढ़। लोगों के बीच धार्मिक आस्था का केंद्र बना शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 32वां वार्षिकोत्सव भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग बीस हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर का वार्षिकोत्सव बीते 26 जनवरी को कलश यात्रा से शुरू हुआ था, जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारे से पूर्व मंगलवार की रात दो क्विंटल दूध से माता की भव्य प्रतिमा का अभिषेक (दूध स्नान) मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह द्वारा किया गया।

### घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कुजू। मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू डटमा मोड़ में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 77 लाख 34 हजार रुपए की लागत से कुजू डटमा मोड़ से रेलवे रोड तक 900 मीटर पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा है। सड़क का ढलाई के 15 से 20 दिन के अंदर ही सड़क पूरी तरह से उखाड़ना शुरू हो गया। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सड़क निर्माण के दौरान कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा व ग्रामीणों ने ठेकेदार अमरजीत सिंह एवम विभाग इंजीनियर से गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की लगातार मांग किया गया।

# अमृतकाल का अमृत बजट, देश के विकास में कारगर साबित होगा: मनीष जायसवाल

## उद्यमियों ने आम बजट की सराहना की, कहा देश के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 का आम बजट बुधवार को पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अमृत काल का ऐतिहासिक बजट है। जिसमें अंतोदय की भावना को साकार करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ सभी वर्गों और सभी जनों के हित के साथ देश की विकास पर विशेष जोर दिया गया है। यह बजट दूरदर्शी भी है, समावेशी भी है और पारदर्शी भी है। बजट के 7 सप्तऋषि के आधार पर विशेष जोर दिया गया है जिसमें इंक्लूसिव डेवलपमेंट, रिचिंग लास्ट माइल, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट, अनलीशिंग पोटेंशियल, ग्रीन ग्रोथ, यूथ पावर और फाइनेंशियल सेक्टर शामिल है। इन सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास के साथ देश के किसानों, महिलाओं, युवाओं, माध्यम वर्ग के साथ लघु व्यापारियों एवं गरीब के कल्याण और उनका हित समाहित है। बजट में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आगे बढ़ाते हुए कृषि, शिक्षा स्वास्थ्य, परिवहन, रोजगार, ढांचागत सुविधाएं विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कुल मिलाकर ये बजट हिंदुस्तान के जन -जन का बजट है। बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।





मनीष जायसवाल, हर्ष अजमेरा, रंजन चौधरी।

### देश हित में है 2023- 24 का बजट, भारत के नवनिर्माण में होगा कारगर साबित: हर्ष अजमेरा

युवा उद्यमी सह एचडीबी आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि वर्ष 2023- 24 के लिए बना बजट देश हित में है। यह बजट देश के नवनिर्माण में कारगर साबित होगा। इस बजट से हमारा देश आत्मनिर्भर बनेगा। बजट में रेलवे में 2. 40 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट, 50 नए एयरपोर्ट का नवनिर्माण, नए ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर 75000 करोड का खर्च किया जाना ना सिर्फ इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ट्रांसपोर्टेशन से उद्योग और व्यवसाय को संबल मिलेगा। यह बजट देश के चहुमुखी विकास को केंद्र में रखकर बनाया गया है। जिसमें छात्र छात्रा सीनियर सिटीजन महिला व्यवसाई रक्षा बजट समेत सबको ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट अति सराहनीय और देश हित, जनहित में है। यह भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### बजट देश की अर्थव्यवस्था को नयी ताकत देकर देश के सर्वांगीण विकास में करेगा मदद : रंजन चौधरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय को ध्यान में रखते हुए यह बजट सकारात्मक एवं राष्ट्रहित में है। यह बजट दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है। यह बजट हर जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण को समर्पित है। रंजन चौधरी ने बताया की गरीब, किसान, युवा, महिला, व्यवसाई का यह हितैसी बजट देश की अर्थव्यवस्था को नई ताकत देकर देश के सर्वांगीण विकास में मदद करेगा।

एक नजर में

### धनवार पंचायत में आज लगेगा बिजली विभाग का विशेष शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स गोदाम परिसर में गुरुवार को धनवार पंचायत वासियों के लिए बिजली विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जरूरतमंद उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जायेंगे। साथ ही बकाया बिल का भुगतान लिया जाएगा। शिविर को लेकर जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि शिविर में पंचायत के अधिक से अधिक लोग पहुंचकर अपने बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान करवा सकते है। साथ ही नया कनेक्शन के लिए अप्लाई कर सकते है। बकाया राशि से संबंधित जानकारियां भी प्राप्त कर सकते है। शिविर में बिजली एसडीओ सौरभ लिंडा समेत विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।



राजेंद्र प्रसाद मुखिया, धनवार पंचायत।

### झरपो देवी मंडप प्रांगण में विहिप की हुई बैठक

टाटीझरिया। प्रखंड झरपो पंचायत के देवी मंडप प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मार्गदर्शक के रूप में जिला से आये विहिप प्रांतीय संयोजक दीपक ठाकुर जिला मिलन समरसता प्रमुख प्रदीप सोनी थे। जिन्होंने संगठन को विस्तार हेतु कई मुख्य बिंदुओ पर प्रकाश डालते हुए चर्चा किया । उक्त स्थल पर विहिप के जिला से आये पदाधिकारी गणों ने टाटीझरिया प्रमुख संयोजक के अनुशंषा पर झरपो पंचायत स्तरीय अध्यक्ष रामविलास वर्णवाल, उपाध्यक्ष संदीप पांडेय,गौरीशंकर प्रसाद,संयोजक पंकज कुमार,धर्म प्रसार प्रमुख पिंटू सोनी सह धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश मिश्रा, सत्संग प्रमुख धर्मेंद्र शास्त्री,अरविंद पांडेय को संगठन मजबूती प्रदान हेतु दायित्व सौपा गया। मौके पर विहिप के संगठन मंत्री राजेंद्र प्रसाद गौरव कुमार,सागर पांडेय,सुजीत कुमार,पप्पू पांडेय रिशु वर्णवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## क्रिकेट फाइनल मैच का विजेता बनी आरजीसीए की टीम



विजेता टीम के खिलाड़ी।

टाटीझरिया। आरजी क्रिकेट एकेडमी के द्वारा डहरभंगा के ऐंटा खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आरजीसीए बनाम अपग्रेडेड हाई स्कूल टाटीझरिया के बीच खेला गया। इसमें आरजीसीए की टीम 107 रनों से मैच जीतकर टूनार्मेंट का विजेता बना। आरजीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 215 रन बनाए जबकि अपग्रेडेड हाई स्कूल की टीम 14.5 ओवर में अपने सभी विकटों को खोकर 108 रन ही बना सका। इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि राजू यादव थे। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने के लिए क्षेत्र में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी होगी कि क्षेत्र से कोई महेंद्र सिंह धौनी बन कर निकले। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एकेडमी के कोच गोपाल कुमार ने कहा कि खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाए रखें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक से बढ़ कर एक खिलाड़ी हैं सिर्फ उनको उचित मंच की जरूरत है। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट और बेस्ट बॉलर ऋषिकेश चौधरी, बेस्ट बैट्समैन और वैल्यूएबल प्लेयर मोकिम अंसारी बने। मौके पर रिंटू प्रजापति, श्रवण यादव, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित थे। टूनार्मेंट को सफल बनाने में सोहेब, विक्रम, अनुराग, कुंदन, ऋषि, गोपाल, प्रिंस, मंजीत व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## नाई समाज ने महासम्मेलन का किया आयोजन

### नाई समाज के विकास को कई अहम फैसले लिये गये

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बस स्टैंड परिसर में अनुमंडलीय नाई महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरही, चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड, बरकट्ठा, चलकुशा, पदमा, चंदवारा, इचाक के हजारों नाई सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सीके ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, हजारीबाग जिलाध्यक्ष छेदी ठाकुर, डॉ किरण देवी, संरक्षक सम्मन ठाकुर, चय परगना अध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर, संरक्षक इन्द्रदेव ठाकुर, मां भद्रकाली कॉलेज के प्राचार्य दुलार ठाकुर, साधु जगदीश ठाकुर, मुखिया मुन्नी देवी, प्रो छाया ठाकुर, उषा ठाकुर, मंजू ठाकुर, रीना ठाकुर, राष्ट्रीय प्रदेश युवा अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, गिरिडीह जिलाध्यक्ष नंदलाल ठाकुर, कपूर्री सेना संस्थापक पप्पू ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष गोविंद ठाकुर व संचालन कैलाश ठाकुर ने किया।कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर जननायक कपूर्री ठाकुर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मौजूद अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन के दौरान समाज की बेटियों ने लोगों को जागरूक करते हुए नारी सशक्तिकरण का संदेश देते नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सीके ठाकुर ने कहा कि देश सत्ता से नहीं समाज की राजनीतिक चेतना से बदलता है। कहा कि बेटा हो या बेटी दोनों को शिक्षित करें, जिससे बच्चे देश के विकास में सहभागिता निभा सकें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि देश के विकास में अपनी मजबूत भागीदारी देने वाले हमारे समाज की राजनीतिक पकड़ इतनी मजबूत करनी होगी।गांव से लेकर सदन तक अपनी एकजुटता के ताकत का एहसास कराना होगा, तभी समाज के लोगों का सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर शंकर ठाकुर, बिशुन ठाकुर, अधिवक्ता महादेव ठाकुर, सुबोध ठाकुर, अनुमंडल अध्यक्ष गोविंद ठाकुर सहित हजारों लोग शामिल हुए।



नाई सम्मेलन में मंचासीन पदाधिकारी व महिलाएं।

### डायरेक्टर टेक्निकल सीसीएल ने कोयला क्षेत्र के सभी परियोजनाओं का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

चरही। बुधवार को डायरेक्टर टेक्निकल आरबी प्रसाद ने सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के सभी कोल परियोजनाओं का दौरा कर कोलियरियों और कार्यरत कामगारों का हाल-चाल लिया।इनके साथ मौजूद जीएम नीरज कुमार सिंह तथा कंपनी के अन्य अधिकारियों और पदाधिकारियों से कोलियरी के विस्तार पर चर्चा किया। साथ ही कोलियरी के अंदर घटने वाली दुर्घटनाओं से कामगारों कर्मचारियों को बचाने के लिए पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था प्रधान करने की बात कही। श्री प्रसाद ने कहा कि कामगार और कर्मचारी कंपनी के रीढ़ हैं। इनके बिना कल्पना नहीं की जा सकती है। इनके द्वारा ही कार्य को संचालित किया जाता है। आगे कहा कि कंपनी के मजदूर हमारे धरोहर हैं। इन्हें हर दृष्टिकोण से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था हो। तथा यह भी कहा कि कोलियरी को पूर्ण रूप से सुदृढ़ बनाया जाए। कोलियरी के अंदर से कोयला लोड लेकर निकलने वाले दुर्घटनाग्रस्त नही हो। कोलियरी के अंदर तक जाने वाली सड़कों को दुरुस्त किया जाय। जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि मेरे कार्यकाल में कोलियरी की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।बाकी बचे कार्यों को दुरुस्त किया जा रहा है।कोलियरी के काम करने वाले कर्मचारियों और कर्मियों के प्रबंधन पूरी तरह से मुखर है।साथ ही कोलियरी को विस्तार करने और आगे बढ़ने के लिए प्रबंधन कार्य कर रही है। आगे कहा कि परियोजनाओं का विस्तार जल्द होगा। क्षेत्र के सभी परियोजना मुनाफे में होगी।साथ ही कोलियरी के अंदर पड़ने वाले गावं का विकास भी तेज गति से होगा। इसके डीटी ने कंपनी के अधिकारियों और पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। मौके पर परियोजना के कई अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे।

### कबलासी सरेवाटांड़ में बिना ढक्कन के लगाई टंकी, दुषित जल पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

दारू। कबलासी पंचायत में हर घर नल योजना की क्रियान्यवयन में घोर लापरवाही बरती जा रही है। यहां के ठीकेदार की लापरवाही और दबंगई से ग्रामीण काफी परेशान है और ठीकेदार मनमानी से काम कर रहे है। कबलासी सरेवा टांड़ में पांच हजार लीटर की पानी की टंकी बिना ढक्कन के ही लगा दी जिस कारण टंकी के जल दूषित हो जाता है और यही जल मुहल्ले के 25 घरों में नल के माध्यम से घरों तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस टंकी में आये दिन पक्षी डूबकर मर जा रहे है और यही जल लोग इस्तेमाल करने को विवश है।ग्रामीण बताते है कि ठीकेदार को कई बार बोला पर दो माह गुजरने के बाद भी ढक्कन नही लगाया गया। इस बारे में कनीय अभियंता अनुपम कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि ये घोर लापरवाही है वो इसकी जांच कर जल्द से जल्द ढक्कन लगवा देंगे।

## भाजपाइयों ने बजट को सराहा तो विपक्षियों ने नकारा, बजट को बताया लोक लुभावन

### बजट से आमजनों में हर्ष, किसान-गरीबों को मिलेगी विशेष सुविधा, बजट पर लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं








राकेश प्रसाद, अमरेश सिंह, अनूप ठाकुर, जयंत तुरी, मुकेश राउत, कोल फेडरेशन व यूसीडब्ल्यूयू के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल।

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट 2023 पर कोयलांचल के लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जहां भाजपाईयों ने बजट को सराहा है तो वहीं विपक्षी नेताओं ने इसे लोक लुभावन बताया है। भाजपाईयों का कहना है कि यह बजट जनहित में है। इसमें सबों के हितों का ख्याल रखा गया है। यह बजट देश के लिए आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट से किसान व गरीबों को विशेष फायदा पहुंचेगी। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबुत करेगी। इस बजट में मध्यम वर्ग पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट देश में रोजगार का नया अवसर देगा। वहीं विपक्षियों का कहना है कि यह बजट अमीरों के हित में है। इसमें किसानों व गरीबों को कुछ विशेष नहीं मिला है। वित्त मंत्री द्वारा पेश की गई बजट पर कोयलांचल के लोगों ने विभिन्न-विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं व्यक्त किये हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने बजट पर कहा कि वैश्विक मंदी के बावजूद दुनिया में भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। इस बजट से भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के सबसे ऊंचे पायदान पर होगी। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस बजट में समावेशी विकास और हर वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है। देश के नागरिकों को 7 लाख रुपये तक की आय होने पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा, यह मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बड़ी राहत है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की योजना को एक साल तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता अमरेश सिंह ने कहा कि यह बजट मध्यम व गरीबों के लिए बड़ी राहतभरी है। साथ ही इसमें मध्यम वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में शहरों के विकास सहित विमानन, सड़क, गांव, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीब, किसान के समेकित विकास पर बल दिया गया है, इस सर्वस्पर्शी बजट से रोजगार के अवसरों में काफी बढ़ोतरी होगी, शहरों और गांवो का तेजी से विकास होगा, जिससे भारत आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में काफी बल मिलेगा। अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए मजबुत नींव का निर्माण करेगा।

भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर ने बजट को सराहते हुए कहा कि यह बजट आने वाले समय में देश को एक नई उर्जा देगा। साथ ही इससे विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान के समेकित विकास के लिए विशेष प्रवधान किया गया है। श्री ठाकुर ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ाने के लिये पीएम मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा है कि इस बजट में समावेशी विकास को लक्ष्य बनाया गया है और इसमें हर वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का दृढ़संकल्प दिख रहा है।

युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट मजदूर, किसान और आम जनमानस विरोधी है। इस बार का बजट कुछ खास पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि आम जनता के हित में चाहे वह महंगाई हो, शिक्षा हो, रोजगार सृजन हो आदि मुद्दों पर ध्यान नहीं रखी गई है। श्री तुरी ने कहा कि यह देश व देशवासियों के लिए काफी निराशा जनक है।

झामुमो नेता मुकेश राउत ने कहा कि इस बजट में आमलोगों को कोई राहत नहीं मिली है। बेरोजगारी कैसे दूर हो इसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के पूंजीपतियों के हितों को देख पेश किया गया है। इसमें छोटे-मंझौले उद्योगों को लेकर कोई बात नहीं हुई है। श्री राउत ने कहा कि मिला-जुलाकर यह बजट पूरी तरह से लोक लुभावन व गरीब विरोधी है।

कोल फेडरेशन व यूसीडब्ल्यूयू के केंद्रीय सचिव सह जेसीएसी सदस्य नरेश मंडल ने बजट पर कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सोशल रिस्पन्स पर कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ अमृतकाल बता कर सरकार इस नाजुक आर्थिक संकट को छुपाने का काम कर रही। कुल मिलाकर यह बजट आमजनों के हित में नहीं है। श्री मंडल ने कहा कि इस बजट से देश के अमीरों को जहां फायदा मिलेगा वहीं गरीब वर्ग पूर्व की तरह छले जायेंगे।

### बजट से विकास तेज होगा : रंजन फौजी

रामगढ़। केंद्र सरकार का आम बजट 1 फरवरी को पेश हुआ। जो मध्यमवर्गीय परिवारों को एक बड़ा उपहार की तरह है। चतुर्थ तृतीय श्रेणी के कर्मचारी या छोटे व्यापारियों को सात लाख तक की आय पर कर से छूट देना उनके लिए एक बड़ी सौगात के समान है। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के लिए 2.4 लाख करोड़ रूपया का प्रावधान है। साथ ही इसमें रेलवे के विकास पर ध्यान दिया गया है।

**वित्तमंत्री ने 1 फरवरी को आम बजट किया पेश**

### कुछ लोगों ने इसे सराहा तो कुछ ने विकास विरोधी दिया करार




अजीत जायसवाल, मानिक चंद जैन




महेंद्र पाठक, राजीव पामदत्त

रामगढ़। बजट के संबंध में सीए अजीत जायसवाल ने कहा कि यह पूरी तरह से संतुलित है। बजट में सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा गया है। जिससे देश का विकास तेजी से होगा। जैन समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने बजट पर कहा कि बजट में टैक्स में छूट की सीमा को 7 लाख कर दिया गया है। जिससे लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही बजट में सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा गया है। भारतीय कमयुनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि यह लोक लुभावन है और वास्तविकता से दूर है। कहा कि बजट महंगाई को बढ़ाने वाला है, जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ेगी। भाजपा मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कहा महिला सशिक्तकरण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बजट के प्रावधानों से देश के युवा और वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होगा।

# केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट गांव, गरीब और किसान की उन्नति में बनेगा सहायक

## सत्ता पत्र ने बजट को सराहा तो विपक्ष ने बजट को राजनीतिक स्टंट करार दिया



टीवी पर बजट की प्रस्तुती देखते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत देश की आम बजट को सत्तापक्ष के लोगों ने गांव, गरीब व किसानों के उत्थान के लिए बताया तो विपक्षी दलों के लोगों ने चुनावी बजट कहा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट से मध्य वर्गीय परिवारों को लाभ होगा। वहीं 7 लाख तक की राशि को आयकर के दायर से मुक्त कर सरकार ने लोगों को बड़ी राहत दी है। वहीं मोटे अनाज के उत्पादन को लेकर बजट में विशेष प्रवाधान किया गया है। किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए सरकार मदद भी करेगी। वहीं बजट में महंगाई व रोजगार जैसे ज्वलनशील मुद्दे गायब दिखे।

## आदिवासियों के विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान : कमलेश


कमलेश उरांव

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि बजट सर्वहित कारी है। बजट में आदिवासियों के उत्थान के लिए सरकार ने 15 हजार करोड़ का विशेष प्रवाधान किया है। वहीं गरीबों को पक्के मकान देने के लिए बजट में अतिरिक्त राशि सरकार ने उपलब्ध करायी है। बजट में जहां किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है वहीं आम जनता के हितों को भी साधा गया है।

## गरीबों को एक साल तक सरकार देगी मुफ्त अनाज : विनय


विनय कुमार लाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार लाल ने कहा कि बजट में एक वर्ष तक गरीबों को मुफ्त अनाज देने का प्रवाधान किया गया है। इससे साफ है कि देश में हर गरीब को अब पेट भर भोजन मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 157 नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की घोषणा बजट में की गई है। इससे चिकित्सा व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। श्री लाल ने कहा कि देश में राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी बनायी जाएगी। दससे शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। सभी वर्ग के विद्यार्थियों को डिजिटल लाइब्रेरी का पूर्ण लाभ मिलेगा।

## बजट लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया प्रस्तुत: चैतु


चैतु उरांव

कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत बजट आने वाले लोकसभा चुनाव को देखकर प्रस्तुत किया गया है। बजट में विशेष कुछ नहीं दिखलाई पड़ रहा है। बजट से आम जनता को फिलहाल किसी तरह की राहत नहीं मिलने वाली है। बजट पूरी तरह राजनीतिक से प्रेरित नजर आ रही है।

## बजट देश की उन्नति में मील का पत्थर होगा साबित: सांसद


सुदर्शन भगत

इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बजट देश की उन्नति में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। टैक्स में राहत देकर सरकार ने नये बिजनेस करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया है। जिसे रोजगार का भी सृजन होगा।

## बजट से महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा : शैल


शैल मिश्रा

भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष शैल मिश्रा ने कहा कि बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाएं अब बजट में मिनले प्रवाधानों का उपयोग कर बचत कर सकती हैं। वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत बजट महिलाओं को उंची उड़ान भरने में सहायक साबित होगा।

## गरीबों को रोजगार देने वाले मनरेगा का बजट में नहीं है जिक्र: गुलाम सरवर


गुलाम सरवर

कांग्रेस के गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि बजट देश की जनता को केवल भ्रमित कर रही है। बजट में न तो रोजगार सृजन की बात कही गई और न ही मजदूरों को रोजगार देने वाले मनरेगा का जिक्र किया गया है। बजट पूरी तरह से आने वाले लोकसभा चुनाव को देखकर प्रस्तुत किया गया है।

## बजट में सभी वर्गो का रखा गया है ध्यान: मनीर

खबर मन्त्र संवाददाता


मनीर उरांव

**लोहरदगा।** लोकसभा संसद समें 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश होने पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा बुधवार को अमृतकाल का पहला आम बजट गरीब जनता, महिलाओं, आदिवासियों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान, विधार्थियों, व्यापारियों तथा सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी राहत और सम्मान वाली वजट पेश किया गया है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था एक चमकते हुए सितारे की तरह है दुनिया में भारत का कद बढ़ा है और विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने भी प्रबंधन का खुलकर समर्थन एवं प्रशंसा की है भारत सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। आज हमारे देश की ऐसी नेतृत्व मिली हैं जहाँ पूरे विश्व की विपरीत परिस्थिति एवं आपदाओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में दसवें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई। वेतन भोगियों को राहत मिली 7 लाख तक सालाना कमाने वाले आम व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। 3 करोड़ के टर्नओवर वाले माइक्रो उद्योग को कर में छूट दी जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी जिससे महिलाओं को और भी आगे आने में आसानी होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5ः का ब्याज मिलेगा। 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी। इसके अलावा साइकल को सस्ता किया गया है लिथियम आयन बैटरी पर कस्टम ड्यूटी में राहत दी गई है कस्टम ड्यूटी सेंसर चार्ज दर में भी बदलाव किया गया है खिलौनों पर भी सीमा शुल्क घटा दिया गया। विभिन्न राज्यों को अलग-अलग प्रकार की मदद बचट पेशी में की गई है जिसमें रेलवे के लिए 2.40 करोड़ , देश में 50 नई हवाई अड्डे का निर्माण ,पीएम आवास की राशि में बढ़ोतरी ,कर्नाटक सूखे क्षेत्र के लिए राहत राशि की घोषणा, एकलव्य विद्यालय में शिक्षकों की बहाली सहित अनेक को ऐसे कार्यों को लिया है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में बैठे लोगों को वह हर सुविधा प्राप्त हो सके जिसकी वह चाहत रखते हैं।

## बजट में महंगाई व रोजगार का नहीं है चर्चा : रमेश


रमेश कुमार

**गुमला।** प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश कुमार ने बजट को चुनावी स्टंट बताते हुए कहा कि बजट में महंगाई व रोजगार को लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया है। देश की जनता महंगाई से कराह रही है और सरकार न तो रसोई गैस और न ही पेट्रोलियम पदार्थ के दामों में किसी तरह की कमी की है। वहीं रोजगार की दिशा में कोई साकारात्मक कदम नहीं उठाये जाने से देश में बेरोजगारी बढ़ेगी।

## किसान वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के खरता अखड़ा में बुधवार को किसान वैज्ञानिक अन्तरमिलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के प्रमुख वैज्ञानिक समन्वयक डॉ हेमंत पांडेय ने किसानों को कृषि की नई तकनीक,शून्य लागत कृषि प्रणाली, टपकन विधि, जैविक कृषि सहित कई विंदु पर गंभीरता से उन्नत कृषि और रोगों के रोकथाम के लिए उपाय और दवा की जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय मे किसानों को सबसे पहले किसी भी बीज को बुवाई के पूर्व बीजोपचार करने की जरूरत है। इसके बाद देशी गोबर का प्रयोग व गोमूत्र के द्वारा बनने वाले जीवामृत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसान टपकन विधि और मल्चिंग बिधि से खेती करे तो निश्चित रूप से कम लागत में ज्यादा पैदावार ले सकता है।

## सहिया कैंप लगाकर बना रहीं आयुष्मान कार्ड


आयुष्मान कार्ड बनाती सहिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रखंड कार्यालय या अस्पतालों का चक्कर लगाने की जरूर नहीं है। लाभुक के घर के पास रहनेवाली सहिया को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिकृत कर दिया गया है। अब वे अपने क्षेत्र में लाभुक परिवारों के घर जाएंगी और परिवार के सभी सदस्यों का कार्ड बनाकर उन्हें देंगी। दिसंबर से ही जिला में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। सहियाओं द्वारा अब तक हजारों कार्ड बनाकर लाभुकों को सौंप दिया गया है। बीमार होने पर कार्डधारी इस कार्ड से पांच लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज करा सकते हैं। बुधवार को मसमानो की सहिया संगीता देवी द्वारा गाव मे कैम्प मे लगाकर 80 परिवार के सदस्यों का कार्ड बनाकर सौपा । बता दें कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाल या पीला राशन कार्डधारी परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है। कार्डधारी इससे पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। पहले यह कार्ड बनाने की सुविधा प्रखंड मुख्यालय और इस योजना से जुड़े अस्पतालों में थी । इसके कारण कई लाल और पीला कार्डधारी इसका लाभ नहीं ले पा रहे थे। बीमार पड़ने पर वे अस्पताल जाते थे, लेकिन उनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता था। नतीजा उन्हें इलाज पर या तो खर्च करना पड़ता था या इलाज कराने के पहले उन्हें कार्ड बनवाना पड़ता था। इसमें काफी समय लगता था। तब तक मरीज और उनके परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ती थी। लाभुकों की इस समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी सहिया को आयुष्मान कार्ड बनाने की जिम्मेवार सौंप दी है।

### मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाएं

## प्रधामंत्री मत्स्य संपदा योजना से मत्स्य किसानों को बनाया जा रहा है स्वावलंबी

### जिले में लगभग 12,300 मेट्रिक टन मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता


मत्स्य हेचरी का निरीक्षण करती जिला मत्स्य पदाधिकारी व अन्य

**गुमला।** ताजा मछलियों की ज्यादा मांग से जिले में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इस जिले में अधिकांश आबादी सस्ती एवं ताजी मछलियों को आहार के रूप में शामिल कर रहे हैं। विगत 3 वर्षों से गुमला जिले में सभी स्रोतों से मत्स्य उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। इस वित्तीय वर्ष में 2022 -23 में 12,300 मैट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य भी विभिन्न स्रोतों से मत्स्य उत्पादन में हासिल कर लिया गया है। जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि जिले में 365 सरकारी तालाब है। जिनकी बंदोबस्ती मत्स्य पालकों व मत्स्य जीवी सहयोग समिति को दी जाती है। वहीं लगभग 3500 निजी क्षेत्र के तालाब है। गौरतलब है कि झारखंड में प्रति व्यक्ति मछली की खपत औसत राष्ट्रीय खपत से अधिक है। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में जिले में मत्स्य कृषकों को पुरानी पारंपरिक मत्स्य पालन से आगे बढ़ाते हुए आधुनिक वैज्ञानिक मत्स्य पालन की विधि अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में मात्स्यिकी क्षेत्र में पूरे भारत में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत मत्स्य विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जिले के मात्स्यिकी क्षेत्र को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में एसटी व एससी महिलाओं को 60% एवं अन्य को 40% अनुदान देकर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले भर के 140 मत्स्य पालकों को योजना से जोड़ कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं जिले भर में 5400 मत्स्य पालक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजना से जुड़े है। मत्स्य पालन में नई वैज्ञानिक पद्धति केज एक्वाकल्चर गुमला जिले के विभिन्न जलाशयों में की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 4 फरवरी से

**लोहरदगा।** जिले में फरवरी व मार्च 2023 में विभिन्न पंचायतों में पंचायत भवन और पशु अस्पतालों में दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन 04 फरवरी से किया जाएगा। कैरो प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत से इसकी शुरूआत होगी। कैरो प्रखण्ड में 04 एवं 05 फरवरी 2023 को गुड़ी पंचायत स्थित पंचायत में यह शिविर लगाया जाएगा।

### होप संस्था की टीम ने सीएचसी केंद्र भंडरा का किया निरीक्षण

**भंडरा।** होप संस्था की ट्रस्टी मनोरमा एक्का, अरविंद कुमार, उज्ज्वल कुशवाहा व क्रिप्टो रेली संस्था के सीएसी वनम सफिस, जॉनसन टोप्पो, सरफराज अंसारी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा का निरीक्षण किया है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के कार्यो की जमकर सराहना की। होप संस्था की ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि भंडरा प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत ही बेहतर है।

### जय श्री राम समिति लावागाई के अध्यक्ष बने अनुज श्रीवास्तव

**कुडू।** प्रखंड के लावागाई मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक प्रखंड प्रभारी कपिंद्र महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू ,नगर अध्यक्ष दीपक कुमार साहू,वार्ड अध्यक्ष राहुल कुमार साहू उपस्थित थे ।बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर विशेष चर्चा हुई पुरानी कमिटी को भंग करते हुए सर्वसमिति से नई कमिटी का गठन किया गया।

### सुखाड़ राहत योजना को लेकर भौतिक सत्यापन

**कैरो।** प्रखंड के खरता में बुधवार को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमरेंद्र प्रसाद वर्मा ने मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना के तहत आवेदन किये किसानों के खेत में जाकर भौतिक सत्यापन किया। मौके पर बंधु उरांव, ललित उरांव, गोपाल महतो, झरियो उरांव, मंजरी उराईंन, संतोष भगत, खुदी उरांव, रामकवेल महतो, गुरुमुख भगत सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### छात्रों को आगलगी से जागरूक करने के लिए किया गया मॉक ड्रिल

**लोहरदगा।** जिले के नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय में आपदा प्रबंधन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा फायर सेफ्टी को लेकर छात्रों में जागरूकता लाने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। धनबाद के जोड़ा फाटक के पास लगे आशीर्वाद टावर में भीषण आग के बाद राज्य में हड़कंप मची हुई हैं। विदित हो इस घटना में 14 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई है।

### बीएड कॉलेज शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता बनने पर बधाई

**गुमला।** कार्तिक उरांव बीएड कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं युवा रंगकर्मी डॉ दीपक प्रसाद को झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय व विश्वविद्यालय बीएड शिक्षक संघ का प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जिसको लेकर कार्तिक उरांव कॉलेज बीएड संकाय में खुशी का माहौल है। शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई दिया है। बुधवार को उनके सम्मान में कॉलेज परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बीएड विभाग के सभी प्राध्यापक प्रो. नृपेंद्र कुमार सेठ, प्रोफेसर राकेश प्रसाद, प्रो. नीलम प्रतिमा मींज, प्रो. मनोज कुमार उपस्थित थे।

### कंबल का वितरण

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा बुधवार को धोधरा गांव के ग्रामीणों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष ला. महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, मुरली मनोहर प्रसाद, राजकुमार अग्रवाल, शिव कुमार सोनी, ओम प्रकाश साहू, पवन अग्रवाल, रीता कुमारी गुप्ता, मनोरमा देवी और विजय गाड़ोदिया आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पारा मेडिकल कर्मियों ने निकाला मौन जुलूस

**गुमला।** अपनी मांगों को लेकर पिछले 17 जनवरी से आंदोलनरत पारा मेडिकल कर्मी बुधवार को सरकार सरकार के रवैये से नाखुश होकर गुमला जिला मुख्यालय में मौन जुलूस निकाला। जुलूस के माध्यम से पारा मेडिकल कर्मी, एएनएम, जीएनएम ने सरकार से स्थायीकरण करने की मांग को दुहराया। सदर अस्पताल परिसर से पारा मेडिकल कर्मियों ने शहर मुख्यालय में जुलूस निकाला। जुलूस सदर अस्पताल से आरंभ होकर जशपुर रोड, पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक आदि स्थानों से घूमते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंची।

### यूनिवर्सिटी स्थापना को लड़नी होगी लड़ाई : याज्ञवल्क्य

**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुमला द्वारा जिला छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन बख्तार साय मुंडल सिंह स्मृति भवन गुमला में बुधवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम से पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का शहीद चौक में फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। श्री याज्ञवल्क्य ने शहीद चौक पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में पारम्परिक नृत्य कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हजारों छात्रों के बीच वर्तमान शिक्षा के परिदृश्य और स्वाल्म्बी भारत पर प्रस्ताव लाकर ध्वनि मत से पास किया गया।

### बालक व बालिका वर्ग में भरनो की टीम बनी विजेता

**गुमला।** युवा कार्य एवं खेलकूद विभाग झारखंड सरकार के द्वारा संचालित सहाय योजना के तहत परमवीर अलर्बट एक्का स्टेडियम गुमला में आयोजित तीन दिवासीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। सहाय योजना द्वारा आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में भरनो व गुमला के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें भरनो की टीम विजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में भरनो व डुमरी के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें भरनो की टीम 2-1 से विजेती रही। हॉकी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में फाइनल मैच सिसई व डुमरी के टीम के बीच खेला गया। जिसमें सिसई की टीम 6-3 से विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग में कामडारा व बसिया के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें कामडारा की टीम 2 गोल से विजेता बनी। बालीवॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बालिका वर्ग में भरनो व गुमला के बीच खेला गया। जिसमें भरनो की टीम विजेता रही।

### नंगे पांव खिलाड़ियों ने लिया खेल में भाग

**गुमला।** झारखंड के बच्चों में खेल को बढ़ावा देने व उनकी प्रतिभा निखारने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित सहाय योजना का हर्ष धरातल पर कुछ और ही बयां कर रही है। सहाय योजना में भाग लेने आये सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सभी तरह के खेलकीट उपलब्ध कराने थे। लेकिन गुमला में संचालित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी मैदान पर नंगे पांव मैच खेलते दिखे। जिसे सहाय योजना के उद्दश्य पर पानी फिरता नजर आया। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे गांवों में पूर्व से ही नंगे पांव खेलते रहते हैं। अधूरे खेल किट मिलने से बच्चों की प्रतिभा कुंठित हो जाएगी। क्योंकि कुछ बच्चों को सामग्री दी गई और कुछ को नहीं दी गई। हांलकि जिले में प्रतियोगिता का आयोजन भव्य रूप से की गई। लेकिन सामग्री वितरण में बरती गई लपरवाही से बच्चे भी नाखुश नजर आये। वहीं मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबाल प्रतियोगिता के बाद जिले के खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग से सभी प्रखंडों में खेल किट उपलब्ध कराया गया। लेकिन उपलब्ध खेल किट खिलाड़ियों तक नहीं पहुंच पायी।

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के खरका पुल के पास बाईक से अनियंत्रित होकर गिरने से रांची निवासी 19 वर्षीय आनंद तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसको शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट लगी है। स्थानीय लोगों की म दद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आनंद अपने मामा की शादी में खरका गांव आया है। बुधवार को किसी काम से गुमला आ रहा था। इसी दौरान खरका पुल के पास बाईक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया।

### छात्र-छात्राओं को कराया गया इंडस्ट्रीयल विजिट

**डुमरी।** प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरी टांगरडीह के दो सौ विद्यार्थियों को वोकेशनल विषय हेल्थ केयर और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर को लेकर इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। इलेक्ट्रॉन्सिक्स एंड हार्डवेयर विषय के विद्यार्थी पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. शिवा नारायण साहू और इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरप्रीत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत कुमार शुक्ला एवं ट्रेनिंग ऑफिसर श्री सौरभ सुमन के द्वारा सभी छात्र - छात्राओं को जॉब ओरिंटेड कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं वर्कशॉप में स्थित विभिन्न लैब व मशीन को दिखाते हुए आवश्यक जानकारी दी गयी।

### भाकपा माले रेड स्टार व जेएनडी की बैठक घाघरा में संपन्न

**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के पदाधारियों की संयुक्त बैठक घाघरा चांदनी चौक में वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई । बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व पार्टी से जुड़े दिवंगत साथियों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व अन्याय चरम पर है। इसके खिलाफ जनगोलबंदी कर जागो अभियान चलाकर आंदोलन छेड़ने तथा बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों का शोषण के विरुद्ध तथा हक अधिकार की रक्षा के लिए कमर कस लेने की अपील पार्टी के नेताओं से की है। बैठक में झारखंड को बचाने व राज्य हित के मुद्दों को लेकर 28 फरवरी 2023 को रांची स्थित राजभवन के समक्ष विशाल महापंचायत में सैकड़ों कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील की गई।

### हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**गुमला।** सदर प्रखंड गुमला के वृंदा पंचायत के चरका टांगर गांव में मंगलवार की देर रात्रि हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया और दो घरों को तोड़ घर में रखे अनाज को खा गये। वहीं घर के सदस्य भाग कर अपनी जान बचायी। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि देर रात लगभग 10 बजे जब घर के लोग सोये हुए थे तब अचानक घर टूटने की आवाज आयी। फिर देखा तो घर को तोड़कर हाथी का बच्चा घर के अंदर प्रवेश कर गया है। यह देखते हुए हम लोग पीछे के रास्ते जान बचाते हुए भाग गये। गांव के मंगरु खड़िया और करमी खड़िया के घर को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को भी खा गये। ग्रामीणों ने बताया कि कल शाम में ही हाथियों का झुंड मरदा जंगल के समीप देखा गया था। वहीं हाथी गांव पहुंचकर उत्पात मचाये।

### सरसों दिवस का किया गया आयोजन

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा जिले में कलस्टर अग्र पंक्ति प्रत्यक्षण के अंतर्गत सिसई प्रखंड के कटाईदामर गांव में सरसों दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के मुखिया श्री रवि उरांव ने की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को सरसों की तकनीकी ज्ञान वर्धन एवं सरसों के प्रभेद राई-30 के प्रचार प्रसार एवं इसकी विशेषता हेतु सरसों दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर लगातार कई वर्षों से तिलहन उत्पादन को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्षण कार्य कर रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र इस वर्ष 200 एकड़ में प्रत्यक्षण कराया है। जिसका मुख्य उद्देश्य इस जिले के किसानों की आमदनी बड़े साथ ही साथ उत्पादन एवं उत्पादकता मैं सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। रइस वर्ष पूरे जिले में लगभग 18000 हेक्टेयर में सरसों की खेती हुई हैं। इस कार्यक्रम में आत्मा सिसई के श्री अकाश कुमार, दुर्गेश कुमार के साथ 78 किसानों ने भाग लिया।

# सतगावां पुलिस ने चोरी की घटना का किया उद्भेदन

स्पीड न्यूज

## कांडी के नये थाना प्रभारी बने योगेन्द्र कुमार



कांडी। पुलिस इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार कांडी थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया। पिछले कुछ माह से लगातार बदल बदल कर प्रभार में चल रहे कांडी थाना को स्थाई रूप से नये थाना प्रभारी मिलने से क्षेत्र में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम होने की संभावना है। बताया जाता कि नये थाना प्रभारी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं, जिसके चलते वे बराबर ही उच्च अधिकारियों से प्रशस्ति पत्र पाते रहते हैं।

## कला मंच ने नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी को किया सम्मानित



सम्मानित करते मंत्र के सदस्य।

गढ़वा। पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच, नवादा (गढ़वा) ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन गढ़वा के जिला युवा पदाधिकारी मोहसिन हाशमी को सम्मान-पत्र तथा शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर मोहसिन हाशमी ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गढ़वा जिला के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का जो अवसर उपलब्ध करवाया है, उससे युवाओं ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। ऐसी सोच वाले युवा अधिकारी को यह जिला सदैव याद रखेगा। मोहसिन हाशमी ने कहा कि गढ़वा में जो मुझे स्नेह व सहयोग मिला है उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। गढ़वा के युवाओं में असीम ऊर्जा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा के बल पर वैश्विक पहचान बनाने की क्षमता भी है। आवश्यकता है उनको उचित मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की। मौके पर श्याम नारायण पांडेय, अंजलि शाश्वत, कौस्तुभ आदि उपस्थित थे।

## बालिका उवि के प्रभारी प्रधानाध्यापक सेवानिवृत



प्रभार ग्रहण करते प्रभारी प्रधानाध्यापक।

रमना। बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गये। उनके सेवानिवृति के बाद वरीय शिक्षक चतुर्गुण महतो को प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा गया है। दूसरे वरीय शिक्षिका वृन्दा कुमारी को प्रभारी सहायक प्रधानाध्यापिका बनाया गया है। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये प्रभारी ने कहा कि वे विद्यालय का नियमित संचालन के साथ अनुशासन एवं संस्कारयुक्त शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देंगे। मौके पर शिक्षक धर्मदेव उरांव, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, लक्ष्मी साहू, मोतीचंद राम, रामजी राम, चम्पा देवी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## पदाधिकारियों ने सेवानिवृत कमिषनर को किया सम्मानित



सम्मानित करते पदाधिकारी।

गढ़वा। पलामू आयुक्त जटा शंकर चैधरी के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एसडीओ राम नारायण सिंह एवं गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मुलाकात की। पदाधिकारियों ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल को यादगार बताया। इन्होंने कहा कि आयुक्त ने पलामू प्रमंडल के पदाधिकारियों के बेहतर कार्य को प्रोत्साहित किया। साथ ही उनका उत्साहवर्धन करते हुए मनोबल को ऊंचा बनाये रखा। इनका कार्यकाल बहुत ही प्रेरक एवं सराहनीय रहा।

---

- चोरी के कई सामान के साथ तीन युवक गिरफ्तार
- चोरी में इस्तेमाल टाटा सफारी भी जप्त
- चोरी के मोबाइल के इस्तेमाल से हुआ मामले का उद्भेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र में बीते दिनों दो अलग-अलग हुई चोरी की घटना को लेकर बुधवार को चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन किया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि गत 30 दिसंबर को क्षेत्र के खूंटा बाजार के मुख्य सड़क स्थित गैलेक्सी टेलीकॉम मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दुकान संचालक के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर त्वरित करवाई करते हुए पड़ोसी राज्य बिहार नवादा जिले के पकरीबरवां थाना क्षेत्र के ग्राम पकरी निवासी 19 वर्षीय सदाबउल्लाह उर्फ सदाब पिता मो. अजहर तथा बरडीहा निवासी 35 वर्षीय डब्लू मियां पिता-छोटे मियां को कांड में चोरी गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में उसकी निशानदेही पर बरडीहा निवासी 25 वर्षीय सलाउद्दीन को कांड में चोरी गए अन्य मोबाइल के साथ सतगावां थाना क्षेत्र के जगनीडीह उसके ससुराल से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वहीं इस घटना के एक सप्ताह पूर्व नावाडीह पंचायत सचिवालय में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेनरेटर का मोटर (अल्टीनेटर) एवं छोटा यू.पी.एस. चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले को लेकर पंचायत सचिव किसुन यादव के द्वारा लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले को लेकर गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने जब पूछताछ की तो तीनों ने इस घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। तब पुलिस ने बरडीहा निवासी 25 वर्षीय डब्लू मियां के घर से कांड में चोरी गए जेनरेटर, मोटर व यूपीएस को बरामद कर मामले का उद्भेदन किया। साथ पुलिस ने चोरी को अंजाम देने में उपयोग टाटा सफारी वाहन उब्लूबी02एसी/4515 को जप्त कर सतगावां थाना लाया गया। जिसे गिरफ्तार अभियुक्तों ने वाहन से घटित चोरी की घटना को का रित करने की बात स्वीकार की। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को कांड संख्या 04/23 तथा 05/23 धारा 379, 461 के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**जप्त समानों में**

टाटा सफारी, कीपैड, मोबाइल 11 पीस, एंड्राइड मोबाइल 2 पीस, स्कीन गार्ड ग्लास 15 पीस, मोबाइल चार्जर 2 पीस, लोहे का सबल 1, जेनरेटर मोटर तथा छोटा यूपीएस को जप्त किया गया।

**छापेमारी दल में**

थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, कोडरमा तकनीकी से कुणाल कुमार, तेजस्वी ओझा, एएसआई सुजीत कुमार, निसाद अहमद, दिनेश मुर्मुर के आलावे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### इस आम बजट को मध्यम वर्गीय व आर्थिक सुधारों की बजट कहा जा सकता है: अनिल



जहां एक ओर करदाताओं को पिछले कई आम बजट के बाद इस बार खुशी जताने का मौका मिला है। वहीं दूसरी ओर सभी देशवासियों को इस बजट से कुछ न कुछ फायदा मिलता नजर आ रहा है। वहीं महिलाओं व बुजुर्गों के लिए लिए बचत योजना को बढ़ावा देकर उन्हें भी आर्थिक रूप से शशक्त करने का प्रयास किया गया। लेकिन शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट को संतोषजनक नही माना जा सकता है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बजट को बढ़ाकर ही इसे शशक्त बनाया जा सकता है।

### बजट गरीब, गुरबों व आम जनमानस के हित में नहीं: भागीरथ



जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार ने आज जो बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया वह बजट गरीब, गुरबों एवं आम जनमानस के हित में नही है। उन्होंने कहा 7 लाख तक की कमाई तक टैक्स नही देना होगा तो मंत्री जी बतायें की गरीब गुरबा अपना जीवन यापन के लिए चिंतित रहते हैं। आपने कहा इलेक्ट्रिक वाहन, खिलौने, साईकिल, गाड़ियां, सस्ते होंगे। मंत्री आज लोगों के बिच, तेल, आटा, चावल, चीनी, डीजल, पेट्रोल, सस्ती बिजली की जरूरत है।

## वित्त मंत्री के द्वारा पेश किया गया आम बजट

### हर वर्ग के लिए उपयुक्त तथा देश को मजबूत बनाने वाली बजट: अन्नपूर्णा



सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बुधवार को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट सर्वसमावेशी, देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित और भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट है।

### बजट चुनाव को केंद्र में रखकर पेश किया गया, बजट में मनरेगा, गरीब किसानों, गरीब श्रमिक, बेरोजगारी और मंहगाई पर कुछ नही: रामधन



कोडरमा। केंद्रीय आम बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पेश किया। बजट को लेकर राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रामधन यादव ने कहा कि बजट चुनाव को केंद्र में रखकर पेश किया गया है। बजट में ऐसा कुछ नही है, जिससे देश में बड़ी आर्थिक बदलाव आए। बेशक बजट में 7 लाख तक आय तक स्लैब में छूट दी गई है। बजट में सबकुछ पुरानी हालात बयां है, बस नए शब्दों को गढ़कर इसे नया बनाने की कोशिश की गई है। केंद्र सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लक्ष्य रखा था, उसपर फिसड्डी साबित हुई है। बजट में मनरेगा, गरीब किसानों, गरीब श्रमिक, बेरोजगारी और मंहगाई पर कोई प्रकाश नही डाला है। कुल मिलाकर बजट गरीबी दूर करने में स्पष्ट साबित नही होती।

### सभी वर्गों के लिए खास है यह बजट: आशुतोष



वितीय वर्ष 2023-24 का बजट सभी वर्गों के लोगों के लिए खास बजट है। सभी वर्ग के लोगो का ध्यान रखा गया है। निम्न और मध्यम वर्ग को 7 लाख तक के आय को टैक्स से छूट मिला है। तो वहीं महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना लाई गई है। किसानों के लिये अन्न योजना, कारीगरों के लिए विश्वकर्मा पैकेज जैसी योजना सराहनीय है।

### देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट: डॉ. नीरा



केंद्रीय बजट 2023 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को संसद में प्रस्तुत बजट भारत को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने वाला बजट है। इसमें सभी तबके का ख्याल रखते हुए आने वाले दिनों में भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की नींव रखी गई है। बजट में निम्न आय वर्ग, मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा, कारोबारी सभी का ख्याल रखते हुए आयकर के स्लैब में परिवर्तन करते हुए 7 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त किया जाना सराहनीय है। वहीं महिला सशक्तीकरण के लिए महिला सम्मान बचत पत्र का प्रावधान भी किया गया है। इसमें महिलाओं एवं लड़कियों के 2 लाख तक निवेश में 7.5 प्रतिशत व्याज मिलेगा। वहीं बजट में बुजुर्गों के लिए भी आयकर में बड़ी छूट का ऐलान किया गया है।



जिलाअध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि बजट में एक तरफ जहां मध्य वर्ग और वेतनभोगी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए आय कर का स्लैब घटाते हुए 7 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त किया गया है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्ट-अप्स के लिए 2200 करोड़ रुपए के साथ कृषि वर्धक निधि की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जो सराहनीय बजट है।

### महिला, किसान, जवान और नवजवान को बजट में कोई राहत नही: सईद नसीम



टैक्स स्लैब में बदलाव अच्छा, लेकिन बजट में गरीब, किसान, बेरोजगारों को निराशा मिली है। अपने बजट की तारीफ तो हर सरकार करती है, लेकिन जिस बजट की तारीफ किसान, गरीब आदमी, बेरोजगार और देश युवा करें उस बजट की ही सराहना होगी लेकिन वर्तमान में पिछले कार्यकाल में बजट में किये वायदों को पूरे किए बिना नए वादों की फिर से घोषणा हुई है। कुल मिलाकर सरकार आमजनों की जिम्मेदारी से भाग रही है।

### महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाला व गरीब किसान विरोधी बजट: संजय



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूरा देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है, लेकिन इस बजट में इसकी चर्चा नहीं है, पिछला बजट जीडीपी का 15.33 प्रतिशत था, लेकिन इस बजट में जीडीपी का मात्र 14.92 प्रतिशत रह गया है। 46 साल के बाद देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, पढ़ें लिखे ग्रेजुएट बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है, बिना प्लानिंग के नोटबंदी और लॉकडाउन के वजह से लाखों लोगों का रोजगार छिन गया, लेकिन रोजगार बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं है।

# एमओ के फटकार के बाद भी डीलर ने नहीं दिया राशन, लाभुक पहुंचे प्रखंड कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ से शिकायत करते लाभुक।

मझिआंव। नगर पंचायत के रेसुआ गांव के राशन डीलर शिव शंकर राम पर दुबेतहले गांव के राशन कार्ड धारियों ने नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी माह का राशन गबन करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में दो दर्जन से अधिक कार्डधारी महिला पुरूष प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र देते हुए बकाया राशन दिलाने की मांग की। इस संबंध में बीडीओ नितेश भास्कर से शिकायत करते हुए आशा देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, कांति देवी, किरण देवी, अनिल राम, कृष्णा पासवान, शिव राम सहित दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने कहा कि डीलर शिवशंकर राम ने उन्हें नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी माह का राशन नहीं दिया है। लाभुकों ने बीडीओ को बताया कि इसकी शिकायत वे सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से भी किये थे। उनके द्वारा भी डीलर को फटकार लगाते हुए राशन देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन डीलर ने इसे अनसुना कर दिया और किसी को भी राशन नहीं दिया। लाभुकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर के द्वारा पहले से ही प्रति किलो दो रुपए लेकर ही राशन दिया जाता है, इसमें भी 30 किलो राशन में दो किलो काटकर दिया जाता है। लाभुकों ने आवेदन में कहा है कि केंद्र सरकार से मिलने वाले फ्री राशन में भी दस रुपए लिए जाते हैं। बीडीओ ने लाभुकों की शिकायत को सुना और जांच कर कार्रवाई करने का आष्वासन दिया। बीडीओ ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार जांच किया जाएगा। उसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचना करते हुए जांच के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सहायक गोदाम मैनेजर मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि शिवशंकर राम द्वारा नवंबर, दिसंबर का राशन उठाव कर लिया गया है। जबकि जनवरी माह का राशन लेट होने के कारण 28 जनवरी से उठाव होना शुरू हुआ है।

## स्कॉर्पियो व पिकअप की टक्कर में चार घायल

कोडरमा। थाना अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक गेट के समीप मंगलवार रात करीब 9 बजे स्कॉर्पियो व पिकअप की जोरदार टक्कर में स्कॉर्पियो पर सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान बोकारो निवासी 35 वर्षीय बैजन्ती माला पिता पीटी राज, बदरक उड़ीसा निवासी 31 वर्षीय जूली रावत पिता प्रेम नंदन रावत, 40 वर्षीय बसंती राज पिता डी प्रतिबन, 35 वर्षीय रोजनीन राज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो संख्या जेएच01डीटी/3347 राजगीर बिहार से रांची जा रही थी। इसी क्रम में विपरीत दिशा से एक टमाटर लोड पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में कुल सात लोग सवार थे। घटना की सूचना पाकर कोडरमा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को सदर अस्पताल भेजा एवं दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन के मदद से सड़क से किनारे किया।

# डीसी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

## ड्यूटी से गायब महिला चिकित्सक का वेतन रोका, विभागिय कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते डीसी।

गढ़वा। डीसी रमेश घोलप ने मध्यरात्रि करीब एक बजे सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर, चिकित्सकों की उपलब्धता, विभिन्न वार्ड, प्रसुता कक्ष समेत अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान गायनोकॉलोजी विभाग में ड्यूटी से गायब महिला चिकित्सक डॉ. सीमा का वेतन रोकने एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने मरीजों से मिलकर उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मध्यरात्रि में अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्था एवं ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ एवं कर्मी से मिलकर स्थिति की जानकारी लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन को पूरी तरह से सक्रिय होकर मरीजों के इलाज एवं देखभाल करने का निर्देश दिया। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को मध्यरात्रि में भी बेहतर उपचार मुहैया कराई जा सके। डीसी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों एवं विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों में मरीजों को बेहतर इलाज व सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। बेहतर सुविधायें बहाल करने के उद्देश्य से नियमित रूप से निरीक्षण के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है।

---

## एक नजर में

### भालू के हमले से एक वृद्ध गंभीर

कोडरमा। डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही में एक वृद्ध भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत जानपुर ग्राम कलीडीह निवासी 72 वर्षीय जुलियस एक्का पिता अल्बिस एक्का बुधवार सुबह करीब 10 बजे शौच के लिए पास के जंगल में गये हुए थे, इसी दौरान दो भालुओं ने हमला बोल दिया। हल्ला करने पर भालू भाग खड़ा हुआ। वहीं घटना के बाद जूलियस एक्का खुद अपने घर आए, जहां से परिजनों ने उसे घायलावस्था में सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### एसी ने मनरेगा समेत विकास योजनाओं का किया समीक्षा

कोडरमा। अपर समाहर्ता अनिल तिर्की द्वारा प्रखंड सभागार डोमचांच में बीडीओ व सीओ के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा किया गया। वहीं एसी श्री तिर्की ने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, तालाब, डोभा, 15वें वित्त योजना और बाल विकास परियोजना अंतर्गत पोषण आदि कार्यों की समीक्षा किये। वहीं उन्होने बीडीओ व सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिये। मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ मांदेव प्रिया व अन्य मौजूद थे।

### विद्यालय कैंपस के बाहर से मोटरसाइकिल की चोरी

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के कैम्पस के बाहर खड़े मोटरसाइकिल की चोरी मंगलवार को हो गयी। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रहा है। कभी घर में चोरी तो कभी मंदिर में चोरी की घटना आम हो गईं है। मिली जानकारी के अनुसार पुरनानगर टोला के मंझला नगर निवासी विजय राणा 31 जनवरी के शाम 3 बजे अपने चचेरा भाई को विद्यालय से लेने आया था। इसी दौरान मौका पाकर चोर मोटरसाइकिल लेकर भाग गये। जिसे लेकर विजय कुमार राणा ने बुधवार को नवलशाही थाना में आवेदन देकर बताया है कि हम अपने चाचा डेगन विश्वकर्मा के मोटरसाइकिल हीरो पैंशन प्रो जेएच12जी/8637 को मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के कैम्पस के बाहर खड़ा कर विद्यालय के अंदर चले गए। जब कुछ देर बाद वापस आये तो देखे कि मेरी मोटरसाइकिल वहां नही है। आस पास खोजबीन किया परन्तु कही पता नही चला।

### शिक्षा से ही होता है मनुष्य का शारीरिक मानसिक विकास : जिप उपाध्यक्ष



चतरा। शिक्षा से मनुष्य का स्तर तो बढ़ता ही है, साथ ही शारीरिक, मानसिक बौद्धिक विकास भी होता है। यह बात बुधवार को जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कान्हाचट्टी अंतर्गत बकचुम्मा गांव स्थित सफलता मिशन पथ पब्लिक स्कूल के 07 वां वार्षिकोत्सव के दौरान कही। वह बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में भी मन लगाकर पढ़ाई करने और अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के आगमन पर स्कूल के संस्थापक अम्बिका कुमार व छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य स्वागत किया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,विद्यालय संस्थापक अम्बिका कुमार, मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी, पोखन दांगी, सुनील सोनी, अरविंद सिंह, मुना दांगी, मोहम्मद मोहताज आलम, समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



कुंदा (चतरा)। प्रखंड के मरगड़ा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुटिल के शिक्षक इंदुशेखर पांडेय को सेवानिवृत्त होने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया उपेन्द्र पासवान शामिल हुए। सामारोह की अध्यक्षता शिक्षक सर्वेश गणेश रविदास एवं अजित दिवाकर ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक इंदुशेखर पांडेय को मुख्य अतिथि ने शिक्षक को माला पहनाकर उनके कार्यकाल को सराहना किया एवं शॉल उढाक र व उपहार देकर सम्मानित किया। विदाई के समय छात्राओ के ऑख से आंसु बहने लगे तथा शिक्षक को चरण छुकर आशिर्वाद लिया।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्राओ ने स्वागत गीत सुनाया। मालूम हो शिक्षक इंदुशेखर पांडेय विद्यालय में अपना योगदान तीन मार्च 2004 को यानी 18 साल नौ माह तक छात्राओ को शिक्षा देने के बाद इसी विद्यालय में इनका सेवानिवृत किया गया। इस मौके पर शिक्षक शिवकुमार, बिनोद पांडेय, ब्रजेश्वर तिवारी,गणेश चौरसिया,मंजू कुमारी समेत सभी छात्राएं उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड के ग्राम कोसमाही में भाग सात की जिला परिषद सदस्या निशी कुमारी ने विधिवत पुजा अर्चना कर एवं फीता काट ट्रांसफार्मर कर उद्घाटन किया। विगत दो वर्षो से ग्रामीण बिजली के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे। पठन पाठन में छात्र छात्राओं को को परिशानियों का सामना करना पड़ रहा था।ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों में व्याप्त हर्ष देखा गया। जिला परिषद सदस्या निशी कुमारी के प्रयास लाया रंग ग्राम हुआ रौशन। जिला परिषद सदस्या भाग संख्या 07हंटरगंज चतरा व ग्राम पंचायत लेंजवा के मुखिया योगेन्द्र यादव,समाज सेवी बेचन पासवान, छोटू कुमार, शहजाद अंसारी, अतेंद्र कुमार, विजय यादव, बिहारी यादव, सरयु यादव, सविता देवी, रीता देवी, कृष्ण यादव, हरी यादव के आलावे दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

### भारत सरकार का बजट सराहनीय: मिथिलेश गुप्ता



चतरा। भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता ने केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में पेश आम बजट को राष्ट्र के चहुमुंखी विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला शानदार बजट बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मिथिलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को पूर्ण करने वाला ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर भी ध्यान दिया है। इनकम टैक्स 5 लाख तक टैक्स फ्री को बढ़ाकर सात लाख तक टैक्स फ्री किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का फंड बढ़ाया गया, आदिवासी भाई, बहनों के लिए विशेष स्कूल खोले जाने का निर्णय लिया गया है।जिसके लिए 15000 करोड का पैकेज स्वीकृत किया गया। मोबाइल जो सभी वर्ग के लोगों की जरूरत की चीज है को सस्ता किया गया। किसानों के आय पर विशेष ध्यान दिया गया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने के निर्णय को जनवरी 2024 तक बढ़ाया गया।? टीचर्स ट्रेनिंग के लिए नए संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया। साथ ही ऐसे कई निर्णय लिए गए जो आम जनता के हित में है।

### सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी ओपीडी की शुरूवात

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से बुधवार को सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी ओपीडी की शुरूवात की गई है। वहीं डॉ. मृणाल कुंज, डीएम कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया कि वे हर महीने के प्रथम बुधवार व महीने के अंतिम बुधवार को सदर अस्पताल में मरीजों का उपचार करेंगे। इसी दौरान बुधवार को उन्होंने 21 मरीज का उपचार किया। जिसमें कई मरीजों को चलने में परेशानी, दिल की धड़कन तेज गति से बढ़ना, सीने में दर्द जैसी समस्याएं थी। उन्होंने बताया की अगर किसी मरीज का एंजिओग्राफी या पेस मेकर की ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ती है तो आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उनका इलाज नि:शुल्क किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### तत्कालीन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने दी अपना पद पर योगदान


योगदान देती बीडीओ।

**बारियातू।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार मातृत्व अवकाश के पश्चात तत्कालीन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने अपना योगदान प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर बुधवार को दी। योगदान के पश्चात बीडीओ प्रतिमा ने कही की पहले से भी बेहतर तरीके से प्रखंड मे सभी योजनाओं से विकास की गति को तेज करने की प्रयास करूंगी। इसके ठीक पूर्व बीडीओ प्रतिमा ने प्रभारी बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत से विधिवत प्रभार ली। इधर प्रभारी सीओ के पद पर दीपाली भगत बनी रहेंगी। मौके पर सीआई सुरेश राम प्रखंड नाजिर महेंद्र कुमार विधिकर, राजस्व उपनिरिक्षक, शोयेब अख्तर, अमित कुमार, अमीन संजय यादव सहित सभी प्रखंड सह अंचलकर्मी उपस्थित थे।

### बिरहोर कि मौत के बाद बीडीओ व सीओ ने किया मदद



**बालुमाथ।** बुधवार को बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला, सीओ अफताब आलम और झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने संयुक्त रूप से बुधवार को झाबर पंचायत पहुँच कर बिरहोर परिवार को ब्रह्मभोज के लिए मदद किया। प्रखंड के झाबर पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला निवासी स्व लल्लू बिरहोर के ब्रह्मभोज कार्यकर्म करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव के ओर से लल्लू बिरहोर के परिजनों को खाद्य सामग्री एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला के द्वारा 5000 हजार नगद एवं अंचल पदाधिकारी आफताब आलम के द्वारा कंबल की व्यवस्था की गई। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उरांव ने पीड़ित आदिम जनजाति परिवार को हर संभव मदद करने की भी भरोसा दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड सचिव परमेश्वर गंझू, पंचायत सचिव ब्रमदेव राम लक्ष्मण यादव, आशीष रंजन एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकता उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लल्लू बिरहोर कि आकस्मिक मौत हो गयी थी। परिजन दशकर्म करने में असमर्थ थे।

### मनिका प्रखंड में प्रज्ञा केंद्र डिजिटल सेवा कॉमन सर्विस सेंटर का किया गया उद्घाटन


प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित बीआरसी रोड के समीप दिन बुधवार को प्रज्ञा केंद्र डिजिटल सेवा कॉमन सर्विस सेंटर की शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन प्रमुख प्रतिमा देवी,पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव,पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह,जिप सदस्य बलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रज्ञा केंद्र संचालक योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से लोगों को सभी तरह की सेवा का लाभ देने के साथ-साथ जाति प्रमाण पत्र,पैन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल, इनकम टैक्स, स्टांप पेपर, पासपोर्ट, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, टिकट बुकिंग, आय प्रमाण पत्र बनाने का काम भी किया जाएगा। जिसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को मिल सके इसके लिए भी विशेष काम होगा। मौके पर बड़काडीह मुखिया धनलाल उराव, बड़काडीह उप मुखिया सत्यदेव सिंह, मोहन ठाकुर, दरोगा सिंह, शंकर सिंह, उस्मान अंसारी, हरेंद्र सिंह, अमरदीप बैठा, सुनील सिंह, मुरारी ठाकुर, जुमन अंसारी, मनलाल उराव, समेत कई लोग थे।

### चंदवा पुलिस ने कोयला लोड पिकअप पकड़ा, तस्कर फरार


पकड़ा गया वाहन।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी गनियारी से कोयला लोड पिकअप वैन को पकड़ लिया। हालांकि अंधेरे और रात्रि का फायदा उठाकर कोयला तस्कर भागने में सफल रहे। जिसके बाद चंदवा पुलिस वाहन सहित कोयला को जब्त कर थाना ले आयी व अग्रतर कार्रवाई करते हुए इस संबंध में चंदवा थाना कांड संख्या 24/23 में धारा 414/34 भादवि एवं 30(दो) कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया साथ ही कोयला के खेल में संलिप्त लोगो की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है। छापामारी अभियान में पुअनि जमील अंसारी व सैट 202 के जवान शामिल थे।

# पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।


कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** स्टेशन रोड स्थित टाउन हॉल के सभागार में पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला आपूर्ति पदाधिकारी बंधन लांग ने की। मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सीएसपी मैनेजर अमित कुमार मौजूद थे। कार्यशाला की शुरूआत करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपस्थित पीडीएस दुकानदारों को बताया कि 1 फरवरी से 14 फरवरी 2023 तक पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा मनाया जाना है। पखवाड़े कार्यक्रम के सभी दुकानदारों को तहत वैसे राशनकार्ड जिसमे आधार संख्या दर्ज नहीं है। उन राशनकार्ड में आधार संख्या दर्ज संबंधी कार्य किये जायेंगे। वैसे राशनकार्ड जिसमे मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है उनमें मोबाइल संख्या दर्ज करने का कार्य भी किया जाना है। इसके अलावे लाभुकों के राशनकार्ड में आधार आधारित आवश्यक सुधार संबंधी कार्य भी किया जाना है। यह कार्य सभी पीडीएस दुकानदारों के इपोस मशीन से किया जाना है। इसके अलावा एक व्यक्ति का कई राशन कार्ड में नाम दर्ज को सुधार करना, विगत 6 माह से अधिक समय से राशन का उठाव नहीं करने वाले कार्डधारको का सत्यापन भी किया जाना है। श्री लोंग ने बताया कि पीडीएस दुकानदारों को सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन अवश्य किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि दुकानदारों को दुकान के साथ-साथ अपने सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है।

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत युवतियों को विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु किया गया प्रेरित**

सामाजिक सुरक्षा के तहत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सभी 18 वर्ष से अधिक युवतियों को विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु प्रेरित करना है ताकि दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जिसमें दुकानदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी इस लक्ष्य को पूरा करने में विभाग की मदद करें। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप ने बताया कि पीडीएस दुकानदारों को दुकान के संचालन में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। उन्हें अपने दायित्व का निर्वहन बखूबी करना चाहिए। इसके साथ-साथ सामाजिक सरोकार ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सरकार आपकी आय के प्रति गंभीर है। जिला में 78 पीडीएस दुकानों को मॉडल दुकान में रूप में चिन्हित किया गया है। मॉडल दुकान के रूप में दुकानों को कई कार्यो का निर्वहन करना है। मौके पर आपूर्ति विभाग के कर्मी समेत सभी प्रखंडो से आये पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

### मनिका प्रखंड के ब्लॉक कार्यालय में 11:30 बजे के बाद भी कर्मी रहे अनुपस्थित

मनिका। मनिका ब्लॉक कार्यालय में दिन बुधवार को 11:30 बजे के बाद भी कर्मचारी,ऑपरेटर,समेत इत्यादि ब्लॉक कर्मियों के कार्यालय में ताला लटका रहा कई अधिकारी व ऑपरेटर अनुपस्थित थे। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो जुंगुर गांव में किसी मामले के समाधान हेतु गए हुए थे व सीओ अजय कश्यप छुट्टी में थे। और अंचल व प्रखंड के कुछ अधिकारी ही समय से कार्यालय में पहुंचे थे। मनिका ब्लॉक के कर्मियों का प्रतिदिन का रवैया यही है कभी भी यह लोग समय से कार्यालय नहीं आते हैं और पूछे जाने पर इधर-उधर का काम बोलकर बातों को टाल देते हैं जिससे कि प्रखंड वासियों को अपने कामों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। यहां तक कि अपना आधार कार्ड बनवाने या सुधार करवाने आए लोगों को कार्यालय में ऑपरेटर को समय से नहीं आने से सुबह से लेकर दोपहर तक इंतजार करना पड़ता है। इस विषय पर जब ब्लॉक गेट के गार्ड से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ब्लॉक कार्यालय 10:00 बजे खुल जाता है लेकिन ब्लॉक कर्मी कभी कभी हीं समय से कार्यालय पहुंचते हैं। वही प्रखंड व अंचल के अधिकारियों के लिए अलग-अलग बने कई कार्यालय में 11:30 बजे के बाद भी ताला लटका हुआ था। जब इस विषय पर कुछ कर्मियों से बात करने का प्रयास किया गया तो जवाब देने से ब्लॉक कर्मी बचते नजर आए। मामले की जानकारी मिलने पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायत मिल रही थी कि ब्लॉक कर्मी समय से कार्यालय नहीं आते हैं अपने मर्जी के अनुसार कार्यालय पहुंचते हैं इसकी जांच कर उच्च अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

### वित्त मंत्री के द्वारा पेश किया गया आम बजट

# बजट का चतरा सांसद ने किया स्वागत, पीएम व वित्त मंत्री को दिया बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आम बजट 2023/24 संसद में पेश किया। जिसका स्वागत करते हुये चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का अभिनंदन किया है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि आज पेश किया गया केन्द्रीय आम बजट वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध भारत, समर्थ भारत एवं सम्पन्न भारत का निर्माण होगा। जिसमें आधुनिकता एवं मानवीय दायित्वों को पूरा बल दिया गया हैं। यह बजट विश्व की आर्थिक परिस्थिति में भारत की आशा-आकांक्षाओं को तो पूरा करेगा। साथ ही विश्व को भी एक राह दिखाने वाला बजट होगा। यह आम बजट

**पेश किया गया केन्द्रीय आम बजट वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध भारत, समर्थ भारत एवं सम्पन्न भारत का निर्माण होगा: सुनिल सिंह**



भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ - साथ वैश्विक मंच पर खाद्यान्न ऊर्जा से लेकर अत्याधुनिक तकनीक के आपूर्तिकर्ता के तौर पर पहचान देने का काम करेगा। यह बजट आज के आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी, समावेशी, सर्वस्पर्शी, गांव, गरीब, किसान, बुजुर्गो, महिलाओं, युवाओं, ओबीसी, एससी, एसटी तथा मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। वर्ष 2023/24 के बजट में सात प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं। जिनमें समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच, इंफ्रस्ट्रक्चर और निवेश, सक्षमता को सामने लाना, ग्रीन ग्रोथ, युथ पांवर, फाईनेंसियल सेक्टर। सर्वसमावेशी तथा समृद्ध भारत के संकल्प के अनुरूप केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई दिया।

### बरवाडीह: नल जल योजना के कार्य में संवेदक द्वारा की जा रही है जमकर मनमानी

# योजना में लाखों के गड़बड़झाले की आ रही है बू, जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


निरीक्षण करते मुखिया आशीष सिंह।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे नल जल योजना के कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर स्थानीय मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों का आक्रोश भी चरम पर है। स्थानीय लोगों के द्वारा कार्य का विरोध किए जाने की शिकायत पर बुधवार को मुखिया आशीष सिंह और पंचायत समिति सदस्य बिना देवी ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत समिति बिना देवी ने बताया कि योजना का कार्य जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा है, और योजना के तहत पाइप बिछाने के कार्य को लेकर किसानों के खेत में गड्ढा किया जा रहा है, और उसकी गहराई बहुत ही कम की जा रही है। इसके किसानों को खेती करने के दौरान हल वगैरा चलाने पर पाइप फटने की संभावना बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध किए जाने पर भी कार्य करा रहे संवेदक के कर्मी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं, और अपनी मर्जी से कार्य करा रहे है। उधर मोरवाई पंचायत के ही झरना ग्राम के लोगों ने बताया कि हम लोग वर्षो से पानी की किल्लत झेल रहे है। इधर नल जल योजना के आने से समुचित पेयजल की सुविधा बहाल होने की उम्मीद जगी थी पर संवेदक द्वारा झरना ग्राम में बोरिंग महज 70 फिट की गई है। इससे गांव में सभी घरों में पानी पेयजल आपूर्ति करना संभव नहीं हो पाएगा। गांव वालों ने कहा कि ठिकेदार की मनमर्जी चलती रही तो कार्य को बंद करवा दिया जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें यह भी पता नहीं है कि नल जल योजना का कार्य सरकारी भूमि में किया जाना है, या उनकी निजी भूमि में। जबकि सरकारी भूमि होते हुए निजी भूमि में कार्य कराना समझ से परे हैं, इसकी आवश्यक जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई गांवों में बोरिंग के लिए पूर्व में ही स्थल का चयन किया जा चुका है, पर ठिकेदार द्वारा अपनी मर्जी से कही भी बोरिंग करवा दिया जा रहा है। नल जल योजना में लाखों के गड़बड़ झाले की बू अभी से ही आने लगी हैं। ग्रामीणों ने खबर मंत्र के माध्यम से नल जल योजना के कार्य की जांच कार्यपालक अभियंता पीएचडी विभाग और बरवाडीह बीडीओ से की है।

**क्या कहते है मुखिया**

इधर निरीक्षण के दौरान मुखिया आशीष सिंह ने कहा कि पंचायत में संचालित विकास योजनाओं में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाएगी। संवेदक द्वारा कार्य के सुधार नहीं किया गया और यूं ही मनमानी जारी रही तो कार्य पर रोक लगा दिया जाएगा। वहीं इस संबध में जानकारी के लिए पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता महेंद्र राम से संपर्क किया गया तो पता चला की वह छुट्टी पर है। वहीं उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

### कलश यात्रा के साथ श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# गाजे-बाजे के साथ पुरे शहर में कलश यात्रा के साथ निकाला झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता


कलश यात्रा में शामिल लोग।


मां दुर्गा की प्रतिमा।

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर लातेहार के 30 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम एक फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातः नौ बजे कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ की गयी। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में सुधीर प्रसाद व उनकी पत्नी उपस्थित थे। जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय, रामानुज उपाध्याय व राजेश पाठक के द्वारा किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकली और थाना चौक व मेन रोड होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा मेन रोड व मानस पथ होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती कर माता का प्रसाद वितरित किया गया।

**ये लोग रहे उपस्थित**

कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विशाल कुमार, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षण अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, रामधनी प्रसाद, मुरारी प्रसाद, पंकज तिवारी, डा प्रभात कुमार, विनोद प्रसाद, लवकुश प्रसाद शौंडिक, बिंदेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी प्रमुख राजीव कुमार, कुक्कू व सह प्रमुख उज्ज्वल कुमार, सतीष कुमार, आकाश कुमार टोनू, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, विजेंद्र दास, चंदन अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद, रंजीत कुमार, दीपू कुमार, विशाल चंद्र साहु, गया प्रसाद, सुनील प्रसाद शौंडिक, मोहन प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद पिंटू, रंजीत कुमार, गोलू पाठक, रंधीर प्रजापति, नितिन यादव आदि उपस्थित थे। सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने बताया कि दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को भंडारा व भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। उन्होने सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

**माता की प्रतिमा निकाली गयी**

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गयी। कलश यात्रा में माता वैष्णव दुर्गा की प्रतिमा निकाली गयी। काफी संख्या में लोगों ने माता की प्रतिमा का दर्शन किया और अपने व अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।

**निकाली गयी झांकी**

कलश यात्रा में सोनभद्र, उत्तर प्रदेश के कलाकारों के द्वारा झांकी निकाली गयी। झांकी में हनुमान, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं काली की आकर्षक झांकी निकाली गयी। कलश यात्रा के दौरान जुबली चौक, थाना चौक व बाइपास चौक समेंत कई जगहों पर झांकी के कलाकारो ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। हनुमान के नृत्य को काफी सराहा गया।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लातेहार में खतियान जोहार यात्रा 14 फरवरी को

**लातेहार।** 14 फरवरी को लातेहार में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खतियान जोहार यात्रा होना निश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दो फरवरी गुरुवार को 11:00 बजे दिन में लातेहार माको डाक बंगला में जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में बैठक रखी गई है। इस बैठक में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी केंद्रीय सदस्य जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव जिले के पदाधिकारी तथा सभी सम्मानित साथियों से इस बैठक में ससमय उपस्थित होने की अपिल की गई है। उपयुक्त जानकारी शमसुल होदा जिला सचिव लातेहार ने दी।

### शहर के मेन रोड स्थित रवि स्टूडियों के समीप मैक्स प्रोफेशनल सैलून का हुआ उद्घाटन



**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित रवि स्टूडियों के समीप मैक्स प्रोफेशनल सैलून का उद्घाटन बुधवार को किया गया। वहीं सैलून का उद्घाटन लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व कांग्रेस प्रदेश महासचिव आफताब आलम एवं ने फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं श्री कुमार ने कहा कि यहां के युवकों को न्यू हेयर स्टाइलिश हेयर कटिंग करने में आसानी होगी। वहीं मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, लातेहार विधानसभा अध्यक्ष टिंकू बाबु, गोल्डेन राजा, सुरेन्द्र उरांव, अहमद राजा, दुकान संचालक साकिल अंसारी, चन्दन कुमार, साजिद अंसारी, संतोष रजक, शमसाद अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भाजयुमो मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



**चंदवा।** भाजयुमो मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनय उर्फ विक्की वर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो मंडल महामंत्री संतु गुप्ता कर रहे थे। प्रदेश मंत्री अमित कुमार ने कहा कि मौजूदा हेमंत सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। भाजयुमो कार्यकर्ता एक संकल्प के साथ आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। गांव टोली में जाकर भाजपा की नीतियों एवं केंद्र द्वारा जारी महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देने की बात कही गई। मंडल अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि युवा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। मौके पर भाजपा के जिला मंत्री कुलामन साव, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, सोशल मीडिया प्रभारी बबलू सोनी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रोहित शाहदेव, भाजपा महामंत्री दीपक निषाद, मंत्री मनीष गुप्ता के अलावे युवा मोर्चा के दुर्गा ठाकुर, प्रदीप साहू, अमर कुमार, छोटू कुमार, सचिव मिश्रा, विवेक, निखिल, वरुण, उमेश गंझू समेत दर्जनों भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**लातेहार।** व्यावहार न्यायालय लातेहार के प्रांगन से झालसा रांची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विदित हो कि झालसा रॉची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन को लातेहार जिला के सभी प्रखण्डों में चलाया जाना है। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारीगण और व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने बताया कि उक्त वाहन पुरे फरवरी माह 2023 में लातेहार जिले के विभिन्न प्रखण्डों और गावों का भ्रमण करेगा। इस दौरान विभिन्न पीएलवी, अधिवक्ताओं और अधिकारीयों की नियुक्ति की गई है ताकि वे उन्हीं क्षेत्रों में जाकर न्याय के प्रति जागरूकता और विधिक साक्षारता फैलायें। झालसा रांची से भेजे गये उक्त वाहन को ग्राम होटवाग लातेहार भेजा गया। इस अवसर पर डॉ मुरारी झा सदस्य पीएलए, मो. शकिल अख्तर सदस्य पी. एलए, अधिवक्ता बासुदेव कुमार पाण्डेय, सुनिल कुमार, अरविंद लाल, अनिल कुमार ठाकुर, संजय कुमार, अब्दुल सलाम, मिथलेश कुमार व अन्य इस चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन में आदित्य कुमार डीएलएसए लातेहार रविन्द्र कुमार, पीएलभी लातेहार का सहयोग सराहनीय रहा।

स्पीड न्यूज

## धनबाद के कब्रिस्तान रोड मे फिर लगी आग

**धनबाद।** आज भी आगलगी की घटना धनबाद के कब्रिस्तान रोड युवा भाजपा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा के निवास के बगल में आग लग गई। मुहल्ला वासियों की ततपरता से अग्निशमन को खबर की। दमकल की गाड़ी तुरंत पहुँच गई। मुहल्लेवासियों के सहयोग से बड़ी घटना होते होते बच गयी।
कुमारधुबी। कुमारधुबी बाजार में रविवार की रात आग लगी में कई दुकानें जलकर खाक हो गई थी। उसके बाद बाजार के बीचो बीच दुकान जलने के बाद निकले कचरे से दुकानदार एवं खरीदारो को काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत के मुखिया चंचल देवी ने अपने निजी मद से मंगलवार की देर रात जमा हुए कचरे की करवाई सफाई। जिसके बाद दुकानदार एवं खरीदारों ने राहत की सांस ली।

## एएसआई रामेश्वर पासवान को दी गई विदाई

**सिन्दरी।** सिन्दरी थाना में पदस्थापित एएसआई रामेश्वर पासवान के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने पर सिन्दरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में प्रभारी ने कहा कि कार्य के बाद भी कार्यावधि याद रह जाती है। रामेश्वर पासवान ने कहा कि प्रभारी के साथ काम कर बहुत कुछ सीखने व अपने जीवन में उतारने को मिला है। 1994 में नौकरी पाने के बाद उन्होंने 29 वर्ष तक नौकरी में योगदान दिया।

## सुरक्षा को लेकर बीसीकेयु के बैनर तले उत्पादन ठप किया

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा ईसीएल मूगमा क्षेत्र के भाग्यलखी इंकलाईन कोलियरी मे कोल कर्मियो द्वारा प्रबंधन की बेरूखी व कर्मियो की सुरक्षा को लेकर बीसीकेयु के बैनर तले उत्पादन ठप किया। मंगलवार के दोपहर मे कुमारधुबी कोलियरी के चालक पीट टू मे दिन दहाडे करीब दो बजे लोहा चोरो का एक गुट 15-20 की संख्या मे धावा बोलकर सुरक्षा मे तैनात गार्ड विप्लव कर्मकार को अपने चंगुल मे लेना चाहा पर विप्लव अपना जान बचाकर किसी तरह भागा और विप्लव के भागने पर उसके दो पहिया वाहन को अपने आक्रोश को निकाला व गाडी पर हमला किया तथा सभी इंडिकेटर तोड दिये इस बात की शिकायत भुक्तभोगी कर्मी ने प्रबंधन से की पर प्रबंधन द्वारा घटना की शिकायत थाना मे दर्ज नही कराया जिसके बाद कर्मियो ने एकजुट होकर बीसीकेयू के बैनर तले रामजी यादव के नेतृत्व मे उत्पादन ठप कर दिया तथा कहा कि कर्मी सुरक्षित नही रहेगे तो कार्य कैसे करेगे। प्रबंधन किसी भी मामले को हल्का मे लेती है मामला प्रबंधन दर्ज नही करा रही है तो इस पुरे प्रकरण मे उनकी सहभागिता प्रतित हो रही है जबतक प्रबंधन की ओर से मामला दर्ज नही कराया जाता आन्दोलन जारी रहेगा।

## निरंजन के घर पहुंचे भाजपा नेत्री दिया श्रद्धांजलि

**झरिया।** पिछले दिनों झरिया सिंह नगर में हुए मारपीट एवं हिंसक झड़प मे शहीद हुए भाजपा कार्यकर्ता निरंजन तांती के श्राद्ध कर्म में मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह उनके आवास पहुंची । जहां श्रीमती सिंह की अगुवाई में मृतक भाजपा कार्यकर्ता निरंजन ताती को भाजपाइयों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वही भाजपा संगठन की ओर से भाजपा नेत्री के हाथो मृतक निरंजन की पत्नी को आर्थिक सहायता दी गई। भाजपा नेत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि निरंजन की हत्या व्यर्थ नहीं जाएगी।उसके हत्या आरोपियों को सजा दिलाने के लिए भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। मौजूदा सरकार और झरिया पुलिस हत्यारों को बचाने और भाजपा के लोगो को परेशान कर रही है। श्रीमती सिंह ने कहा कि स्वर्गीय निरंजन की पत्नी एवं बच्ची के लालन पोषण की जिम्मेदारी भाजपा की और से ली गई है और आश्रितो को हर संभव सहायता के लिए संगठन प्रयासरत रहेंगी साथ ही स्वर्गीय निरंजन के भाई को नियोजन दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा।

### भ्रष्ट तंत्र के भ्रष्ट अधिकारियों की लापरवाही के कारण गयी 14 जाने

# उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर होगी सख्त कार्यवाही : उपायुक्त

## निगम और अग्निशमन विभाग पर हो करवाई : राज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में 2 दिनों के अंदर दो बड़े अग्निकांड के दिल दहलाने वाली घटना से पूरा कोयलांचल सदमे में है। पहले हाजरा क्लीनिक में आग लगने से 5 लोगों की मौत 2 दिन बाद मंगलवार को जिले के आशीर्वाद अपार्टमेंट में आग लगी की भयानक घटना में 14 लोगों की मौत कहीं ना कहीं इसके पीछे भ्रष्ट तंत्र के भ्रष्ट अधिकारियों का हाथ है।

**निगम और अग्निशमन विभाग की लापरवाही के कारण गई 14 जाने :** मंगलवार को धनबाद के आशीर्वाद टावर अपार्टमेंट अग्निकांड में 14 लोगों की जानें चली गई इन मौतों के लिए सीधे तौर पर धनबाद नगर निगम और अग्निशमन विभाग का भ्रष्टाचार जिम्मेवार है क्योंकि धनबाद नगर निगम द्वारा पास किए गए नक्शा पर ही इस अपार्टमेंट का निर्माण किया गया था। वही अपार्टमेंट में आग से बचाव के साधनों को पास करने की जिम्मेवारी अग्निशमन विभाग की थी।

बताते चलें कि अपार्टमेंट के निर्माण में रेरा नेशनल बिल्डिंग कोड की आग से बचाव के नियमों का पालन नहीं किया गया, जबकि इनका अनुपालन कराने की जिम्मेवारी धनबाद नगर निगम की थी।

**अपने के शव को पहचानने में करना पड़ा मशक्कत किसी ने कपड़े से तो किसी ने गहने से की पहचान :** इस आगजनी की घटना में मृतकों का शव इस कदर जल गया था कि पहचान में नहीं आ रहा था। किसी ने पायल से तो किसी ने साड़ी के रंग से अपनों को पहचाना।

**एएनएमएमसीएच मित्रों को पहचानने के लिए लगाई गई मृतकों की तस्वीरें :** आगजनी की घटना में बुरी तरह जल चुके थे परिजनों को शव के पहचान के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा इमरजेंसी में मृतकों की तस्वीरों को लगाया गया जिसके बाद भी पहचान पाना मुश्किल हो रहा था देर रात तक लोग अपने परिजनों के शव को ढूंढते रहे।

**उपायुक्त एवं एसएसपी ने संभाला मोर्चा :** घटना के बाद रात 8:30 बजे एसएसपी संजीव कुमार माइंस रेस्क्यू टीम के साथ अपार्टमेंट पहुंचे यहां टीम में 5 किलो ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ पहुंचे उन्होंने लोगों को उतारने के साथ ही अपार्टमेंट का जायजा लिया अपार्टमेंट में पार्किंग में भीड़ हटाने को कहा जा रहा था रात 9:17 पर धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार की पहुंचे उन्होंने यहां मोर्चा संभाल लिया। इसके बाद रात 10:00 बजे डीसी व एसएसपी बाहर निकल गए बाद में रात 11:15 पर पहुंचे। 11:50 बजे अपार्टमेंट को सील कर दिया गया। पुलिस की निगरानी भी लगा दी गई। गार्ड को गेट बंद रखने का आदेश दिया गया।



### अग्निशमन विभाग और निगम पर हो कार्रवाई: राज

घटनास्थल पर पहुंचे धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने बताया कि यह बहुत ही दुखद घटना है यह घटना से एक बार फिर धनबाद नगर निगम एवं अग्निशमन विभाग की लापरवाही सामने आई है गलत तरीके से नक्शा पास किया गया है इसलिए निगम और अग्निशमन विभाग पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीसी

अग्निकांड घटना पर धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि आशीर्वाद टावर में लगी आग लगी की घटना की उच्चस्तरीय जांच होगी जो दोषियों में उन पर कड़ी कार्रवाई होगी घटना में 14 लोगों की मौत हुई है जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल है उनकी स्थिति खतरे से बाहर है उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आशीर्वाद टावर में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है अपार्टमेंट के दोनों ब्लॉक के सभी फ्लैट की जांच की गई है कोई भी घायल व्यक्ति अंदर फंसा हुआ नहीं है घायलों को बगल के पाटलिपुत्र अस्पताल एवं एसएन एमएमसीएच में भेजा गया है प्रशासन की पहली प्राथमिकता घायलों का उपचार है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करेगी। अगर बिल्डर की लापरवाही सामने आई तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई होगी।

## घटना के लिए नगर निगम जिम्मेवार : रागिनी

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागनी सिंह ने आशीर्वाद टावर में हुई आगजनी के लिए नगर निगम प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए कहा कि यह घोर लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर शोक संतिप्त परिवार से मिल अपनी संवेदना व्यक्त की। इस आगजनी की घटना पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है मृतकों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि घायलों को बेहतर उपचार की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन घटना की उच्चस्तरीय जांच कराएं। हर पहलू से जांच होनी चाहिए।

धनबाद के पूर्व महापौर एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंद्रशेखर अग्रवाल ने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से मामले की जानकारी ली एवं शोक प्रकट किया।

आशीर्वाद टावर आगलगी कांड में बिल्डर पर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी चल रही है। जिला प्रशासन व अग्निशमन विभाग ने पाया कि अपार्टमेंट में अग्निशमन यंत्र काम नहीं कर रहा था। प्रथम दृष्टया या बिल्डर की लापरवाही का नतीजा है।

## बीएसएल से सेवानिवृत कर्मचारियों की विदाई




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेवानिवृत्त कर्मियों हेतु एचआरडी सेंटर में आयोजित विदाई समारोह में ईडी (एफ एंड ए) एस रंगानी बतौर मुख्य अतिथि एवं सीजीएम प्रभारी पवन कुमार, सीजीएम अमरेन्द्र झा तथा जीएम सोनी सिंह सहित कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वरीय प्रबंधक डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री रंगानी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे 26 अधिशासी तथा 110 अनधिशासी कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया।

## मोदी सरकार का आम बजट लोकलुभावन : केवट

**बेरमो।** झामुमो के वरीय नेता काशीनाथ केवट ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा कि मोदी सरकार का यह बजट सिर्फ 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर लोकलुभावन और शब्दों के मकड़जाल में देश की जनता उलझाने वाला बजट है। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता पर आने पर हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। यानि 9 साल में 18 करोड़ रोजगार देने थे लेकिन अब सीतारमण ने 3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की घोषणा की है तो 18 करोड़ नौकरियों का क्या हुआ? देश में महंगाई चरम कुलांचे मार रही है। गरीबों की थाली से दाल प्याज बिल्कुल गायब हो गया है.इतना ही नहीं देश के भीतर मध्यम वर्ग के बीच महंगाई को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है।

## बीएसएल निदेशक प्रभारी को मिला लीडिंग डायरेक्टर अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र को 'एनवायरनमेंट लीडरशिप' श्रेणी में प्रतिष्ठित ग्रीनटेक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पुरस्कार 2023 प्राप्त हुआ। इस अवार्ड हेतु जीएम एनपी श्रीवास्तव तथा ए जीएम नितेश रंजन द्वारा ईको-फ्रेंडली ग्रीन स्टील के उत्पादन में बोकारो प्लांट की पहल और स्टील बनाने के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट पदार्थों से इको-फ्रेंडली उत्पादों को बनाने के प्रयासों पर जूरी के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुति दी गई थी।पणजी गोवा में आयोजित 'ग्रीनटेक इंटरनेशनल ईएचएस समिट' के दौरान बीएसएल के सी जीएम (अनुरक्षण) शरद गुप्ता ने इस पुरस्कार को प्राप्त किया। बोकारो स्टील ने बायो-गैस और खाद में कैंटीन के कचरे के रूपांतरण के लिए संयंत्र में एक बायो-डाइजेस्टर प्लांट स्थापित किया है। ज्यूरी के सदस्यों ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश के योगदान का मूल्यांकन करते हुए उन्हें 'लीडिंग डायरेक्टर अवार्ड' श्रेणी में विजेता घोषित किया। हाल ही में बीएसएल ने मौसम प्रतिरोधी स्टील आईएस 11587 के लिए लाइसेंस भी प्राप्त किया है।

### बागडीगी खान दुर्घटना: आज भी परिजन के दिल में घाव है ताजा

# बागडिगी खान हादसा की 21वीं वर्षी आज

अवधेश सिंह

**झरिया/अलकडीहा।** 21 वर्ष बाद भी सीना का घाव ताजा है। लोदना क्षेत्र संख्या 10 अंतर्गत बागडिगी कोलियरी में 2 फरवरी 2001 को जल प्रलय की घटना हुई थी । जिसमे 29 कामगार अधिकारी सहित जलमग्न हो गए थे । जो बहुत ही दुःखद घटना थी । घटना की 2 फरवरी 2022 को 21 वीं वर्षी मनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि इस घटना के 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी घटना को याद कर रूह कांप जाती है । उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से हमलोगों को सिख मिली कि सुरक्षा को नजरअंदाज कर कभी भी माईनस या अन्य स्थल पर कार्य नही करना चाहिए । हमेशा सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि हम कभी भी 29 शहीदों की बलिदान को नही भूलेंगे जिन्होंने कोयला उत्खनन के दौरान अपनी जान नछावर की।

**नजर झपकते जलमग्न हुई खदानः** आपको बता दे कि 2 फरवरी 2001 को धनबाद के झरिया स्थित लोदना एरिया के बागडिगी कोलियरी के 12 नम्बर खदान में डेम का दीवार अचानक फट गया था । जिसमे 7 नम्बर फेस में कार्य कर रहे 29 श्रमिक फंस जाने से मौत हुई थी। घटना जंगल मे आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई ।चीख पुकार से क्षेत्र में कोहराम मच गया था । लोगो का हुजूम चानक के समीप पहुँचा। श्रमिक सहित स्थानीय लोग जल्द रेस्क्यू की मांग कर रहे थे ।

**मुम्बई से पहुचे गोताखोरः** घटना की जानकारी बीसीसीएल के वरीय अधिकारी, तत्कालीन आयुक्त वी किस्पोट्टा, एसपी अब्दुल गनी मीर व पूर्व मंत्री बच्चा सिंह तत्काल आनन फानन में मौके पर पहुंचे और खदान में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू कार्य शुरू करवाया।

बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम ने जब हाथ खड़ा कर दिया तो खदान में फंसे श्रमिको को निकालने के लिए मुंबई से गोताखोरों की टीम को बुलाया गया था।

**खदान का पानी पीकर जिंदा रहा सलीमः** घटना के चार दिन बीत



के बाद भी जब गोताखोरों को कुछ हाथ नही लगा तो आक्रोशित परिजनों ने गोताखोरों से शव निकालने की मांग की थी । पांच फरवरी को गोताखोर की टीम कड़ी मसक्कत के बाद उक्त स्थल पहुँची जहाँ श्रमिको के शव थे । रात 12 बजे गोताखोरों की टीम ने शवों को जयरामपुर कोलियरी 5 नम्बर खदान से बाहर निकाला । शवों की पहचान कैप लैंप नंबर से की गई थी .इस हादसे में सलीम अंसारी श्रमिक जिदा बच गए थे । जिसे गोताखोरों की टीम ने 7 दिन बाद रेस्क्यू कर बाहर निकाला था । वह 7 दिन तक खदान का गंदा पानी पीकर मौत से संघर्ष कर रहे थे.खदान में भरे पानी को निकालने में लगभग 6 महीने लगे थे.पानी निकालने का कार्य लगातार किया जा रहा था ।

**घटना की दर्द सुन छलक उठा आसुंः** वही घटना की जानकारी स्वस्थ होने के बाद सलीम ने मीडिया को दी थी। उन्होंने बताया था कि सात नंबर सिम में उनकी ड्यूटी थी। तभी जोरदार आवाज हुई और अचानक खदान में पानी भरने लगा। मै किसी तरह भागकर एक कोयले की ढेर पर चढ़ गया था जहां सात दिनों तक बिना कुछ खाए बैठा था । उन्होंने कहा कि खदान का गंदा पानी पी कर हमने अपने जीवन का दिन गुजारा था । कई श्रमिकों की मौत पानी मे डूबने से हमारे सामने हुई थी ।

**कोयला मंत्री पहुचे थे घटना स्थलः** हादसे के बाद तत्कालीन कोयला मंत्री रामविलास पासवान भी बागडिगी पहुंचे थे। जिसके बाद उन्होंने बीसीसीएल के तत्कालीन सीएमडी से घटना की जानकारी ली थी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात भी कही थी ।

**सलीम की जुबानी सुन दहला दिलः** सलीम अगस्त 2006 में सेवानिवृत्त हो चुके है। फिलहाल वह अपने परिवार के साथ बनियाहिर न्यू कॉलोनी में रहते है। आज भी इस हादसे को याद कर यहां के लोगों का कलेजा सिहर उठता है।

**कब कौन खदान हुई बंदः** हादसे के कुछ साल बाद बागडिगी खदान भूमिगत आग के कारण 28.7.2013 को बीसीसीएल प्रबंधन ने बंद कर दीया था। वही जेलगोरा कोलियरी 21.7.2015 लोदना कोलियरी 14.2. 2017 जयरामपुर और बरारी कोलियरी को 25.8. 2017 में बंद कर दिया गया है।

**ये कर्मियों ने जलसमाधी लीः** प्रीतम सिंह,छोटू मियां,चन्द्रशेखर हरिजन, बृज मोहन सिंह,शिव चरण तांती, राम अवध पासवान, स्वामीनाथ नोनियाँ, अनूप यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्यामापद आदि शामिल थे।

## धनबाद में एक और हत्या रिकवरी एजेंट उपेंद्र की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या

**धनबाद।** कोयलांचल में इनदिनों अपराधियों का बोलबाला है ।यहाँ दिनदहाड़े हत्या की वारदात कर अपराधी भाग निकल जा रहे है ।जबकि जिले में आईपीएस अधिकारी के बावजूद अपराध सांतवे आसमान पर है। मामला धनबाद के पीके रॉय कॉलेज के पास रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह के ऊपर अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली दिनदहाड़े गोली मार हत्या कर दिया गया है ।अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। घटना की सुचना मिलने पर सरायढेला थाना मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वही मौके पर से एक खोखा बरामद किया गया है। वही वाहन रिकवरी एजेंट को गोली लगने के बाद आनन फानन में एसएनएमएम सीएच अस्पताल लाया गया ।जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है मृतक अपने बेटे को पीके राय छोड़ने पहुचा था।

## पेज एक का शेष

### गांव से शहर...

विटामिन, खनिज, आहार फाइबर या दूसरे पोषक तत्वों के लिहाज से मिलेट्स खास हैं। भाषण के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने देश में मिलेट्स यानी मोटे अनाज की पैदावार को बढ़ाने के प्रयास की बात कही है। **50 पर्यटन स्थल चिह्नित होंगे :** 50 पर्यटन स्थलों की पहचान की जायेगी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को संपूर्ण पैकेज के रूप में इन्हें विकसित किया जायेगा। राज्यों में वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट आइटम को बढ़ावा मिलेगा।

### अब 7 लाख तक ...

वर्तमान में ओल्ड रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन 50,000 रुपये है और प्रोफेशनल टैक्स के लिए अधिकतम डिडक्शन 2,500 रुपये है। इसके अलावा, गैर-सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट पर टैक्स फ्री लीव इनकैशमेंट की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गयी है। पांच करोड़ रुपये से अधिक की सालाना इनकम पर सरचार्ज की रेट 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दी गयी है।
सरकार ने ओल्ड टैक्स रिजीम को फेज वाइज हटाने के लिए न्यू टैक्स रिजीम को आकर्षक बनाने की घोषणा की है। न्यू टैक्स रिजीम ही अब डिफॉल्ट टैक्स रिजीम होगा और किसी को ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत रिटर्न फाइल करना है, तो उसे बदलना होगा। वित्त मंत्री ने न्यू टैक्स रिजीम यानी बिना कोई छूट वाली कर व्यवस्था को डिफॉल्ट बनाने का प्रस्ताव किया है।
पुराने और नये टैक्स रिजीम में अंतर
**नयी टैक्स व्यवस्था :** सरकार 2020-21 के बजट में वैकल्पिक यानी नयी टैक्स व्यवस्था लेकर आयी थी। इसके तहत व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार को कम दर से टैक्स लगता है, लेकिन उन्हें एचआरए, होम लोन के ब्याज पर छूट, 80 सी, 80 डी और 80सीसीडी के तहत कोई छूट या अन्य कटौती का लाभ नहीं मिलता। इसके तहत 2.5 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता था, जिसे बढ़ाकर तीन लाख किया गया है।
**पुरानी टैक्स व्यवस्था :** पहली वाली व्यवस्था को ओल्ड टैक्स रिजीम के नाम से जाना जाता है। इनकम टैक्स रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नयी व्यवस्था शुरू की गयी थी। हालांकि, अभी पुरानी टैक्स प्रणाली को भी बरकरार रखा गया है। ओल्ड टैक्स रिजीम में टैक्स सेविंग उपकरणों के जरिए टैक्सपेयर्स टैक्स बचा सकते हैं, लेकिन नयी व्यवस्था में इस तरह की कोई छूट नहीं है। इस वजह से नयी टैक्स प्रणाली को बहुत ही कम लोगों ने अपनाया और इसी वजह से सरकार ने इस बार सारी घोषणाएं इसी के तहत की है। सैलरी पाने वाले लोगों को न्यू टैक्स रिजीम से कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उन्हें एचआरए, एलटीए, स्टैंडर्ड डिडक्शन तहत मिलने वाली डिडक्शन नहीं मिलती है।

### गरीबों की जेब ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरी, रोजगार, मंहगाई आदि विषय पर बजट की चुप्पी चिंताजनक है।
विभिन्न कृषि उत्पादों पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं की गयी है। मुझे तो लगता है कि केंद्र ने सरकार मान लिया है कि इनके घोषणा करने मात्र से ही किसानों की आय दो गुनी हो गयी है। उन्होंने कहा कि हम तो झारखंड की नजर से इसमें अपने राज्य के लिए क्या किया गया है, वह ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। देश को प्रति किलोमीटर रेल पटरी के आधार पर सबसे ज्यादा मुनाफा कमा कर देने वाले हैं हम। ऐसे में यात्री रेल के परिचालन का दायरा बढ़ना चाहिए था। हमें नयी रेल लाइन मिलनी चाहिए थी। उन्होंने कहा है कि मध्यम वर्ग को सहारा देने के लिए भी सिर्फ शिगूफा मात्र छोड़ा गया है। सात लाख वाली नयी टैक्स नीति से लोगों ने क्या खोया क्या पाया, वह बाद में समझ में आयेगा। बचत को हतोत्साहित करने वाला यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग के भविष्य को भी असुरक्षित करने वाला है।

### विकसित भारत के...

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि की गयी है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा। यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी को आय के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में भारत का मध्यम वर्ग एक प्रमुख धारा बना हुआ है। समृद्ध और विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए मध्यम वर्ग एक बहुत बड़ी ताकत है। इस वर्ग को सशक्त बनाने के लिए हमने टैक्स रेट को कम किया है।
**सीरीज पर भारत...** टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी। भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।
**जीत के हीरो :** शुभमन गिल ने 126 रन की नॉटआउट पारी खेल कर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। उनकी पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 234 रन बनाये। इस विशाल टारगेट के सामने न्यूजीलैंड 66 रन ही बना सका। वहीं कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 17 बॉल पर 30 रन बनाये। फिर बॉलिंग में महज 16 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। उन्होंने ही पहले ओवर में फिन एलन का विकेट लिया था। अर्शदीप सिंह ने अपने स्पेल के दूसरे ही ओवर में 2 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया।

### सीरीज पर भारत...

टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी। भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।
**जीत के हीरो :** शुभमन गिल ने 126 रन की नॉटआउट पारी खेल कर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। उनकी पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 234 रन बनाये। इस विशाल टारगेट के सामने न्यूजीलैंड 66 रन ही बना सका। वहीं कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 17 बॉल पर 30 रन बनाये। फिर बॉलिंग में महज 16 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। उन्होंने ही पहले ओवर में फिन एलन का विकेट लिया था। अर्शदीप सिंह ने अपने स्पेल के दूसरे ही ओवर में 2 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया।

# पूरे होंगे सबके सपने...




## युवाओं को मिली सौगात

आम बजट 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत युवाओं को स्किल्ड बनाया जाएगा। इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं से लैस 100 लैब्स स्थापित की जाएंगी। जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, प्रीसिसन फार्मिंग, इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और हेल्थकेयर संबंधित एप्स विकसित की जाएंगी। नेशनल अप्रेंटिस स्कीम के तहत डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के तहत 47 लाख युवाओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लॉन्च की जाएगी। युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर्स विभिन्न राज्यों में स्थापित किए जाएंगे। स्टार्टअप और अकादमिया स्तर पर रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नेशनल डाटा गवर्नेंस पॉलिसी लाई जाएगी। देशभर में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन सलेक्ट किए जाएंगे, जिन्हें विकसित कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को लुभाया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बनेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि एग्रीकल्चर एक्सेलेटर फंड बनाया जाएगा, जिससे कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था पहले के मुकाबले अब ज्यादा संगठित है और इससे डिजिटल पेमेंट में जबरदस्त उछाल आया है। देशी-विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए देश में अपार क्षमताएं हैं। पर्यटन क्षेत्र में काफी क्षमता है, जिससे बड़े पैमाने पर युवााओं को रोजगार और एंटरप्रेन्योरशिप का मौका मिल सकता है।

### गरीबों के लिए: सबको घर देने के लिए 66% का इजाफा

बजट में गरीबों के लिए केंद्र सरकार का सबसे बड़ा एलान आवासीय योजना को लेकर हुआ। पिछले साल के मुकाबले सरकार ने इस बार आवासीय योजना के बजट में 66 फीसदी की बढ़ोतरी की है। पिछली बार आवासीय योजना के 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके जरिए देशभर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में कुल 80 लाख घरों का निर्माण किया गया। पीआईबी की एक अधिसूचना के अनुसार, तीन जनवरी, 2022 तक कुल 1.14 करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 53.42 लाख घरों का निर्माण और वितरण किया जा चुका है। अधिसूचना में कहा गया है कि नई तकनीकों का उपयोग करके 16 लाख घरों का निर्माण किया जा रहा है।

**गरीब परिवार को अगले साल तक मुफ्त राशन :** केंद्र सरकार ने सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### जेल में बंद गरीबों की रिहाई करायेगी सरकार



जेल में बंद गरीबों के मुद्दे को पहली बार केंद्र सरकार ने अपने बजट में शामिल किया है। इसके अनुसार, पैसों की तंगी के चलते जो कैदी जेल से बेल नहीं ले पाते हैं, उनका खर्च सरकार उठाएगी। ऐसे करीब दो लाख कैदी हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन रिहाई के लिए तय की गई रकम न होने से वह जेल में ही बंद रहते हैं। अब ऐसे गरीबों की मदद के लिए सरकार ने हाथ आगे बढ़ाया है।

### बुजुर्गों के लिए

वरिष्ठ नागरिक बचत खाता योजना में अधिकतम जमा की सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख किया गया। बता दें कि 2022-23 के बजट में सरकार ने 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के लिए टैक्स स्लैब में छूट दी थी। जिसके तहत ढाई लाख रुपए तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया था। वहीं ढाई लाख से पांच लाख तक की आय पर 5 फीसदी टैक्स लगाया गया था। पांच लाख से साढ़े सात लाख तक 10 प्रतिशत और साढ़े सात लाख से दस लाख तक 15 प्रतिशत टैक्स लगाया गया। दस लाख से साढ़े बारह लाख तक की आय पर 20 फीसदी, साढ़े बारह लाख से पंद्रह लाख तक 25 फीसदी और पंद्रह लाख से ऊपर की आय पर 30 फीसदी टैक्स का प्रावधान किया गया था।



## हेल्थ सेक्टर को मिले 88 हजार करोड़ रुपये

बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 88,956 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पिछले बजट के मुकाबले इसमें 2350 करोड़ रुपए यानी कि 2.71 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। वित्त मंत्री बजट में हेल्थ सेक्टर के लिए ऐलान करते हुए बताया कि 2014 से अब तक देश में 157 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। अब इन मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 157 नए नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि आईसीएमआर लैब्स में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की मदद से रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। फार्मास्यूटिकल सेक्टर में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए भी वित्त मंत्री ने नई योजना का एलान किया। इस योजना से फार्मास्यूटिकल सेक्टर में रिसर्च के साथ ही निवेश भी बढ़ेगा। सिकल सेल एनीमिया के लिए सर्वे किया जाएगा। वित्त वर्ष 2023 में हेल्थ बजट के 88,956 करोड़ रुपए में से 86,175 करोड़ रुपए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को मिलेंगे। बाकी 2980 करोड़ रुपए हेल्थ रिसर्च पर खर्च किए जाएंगे। नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम पर 133 करोड़, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 7200 करोड़, नेशनल हेल्थ मिशन को 36,785 करोड़, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन पर 4200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।



## महिलाओं के लिए

आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए 25,448 करोड़ रुपए का आवंटन किया है। पिछले बजट के मुकाबले यह 267 करोड़ रुपए ज्यादा है। सरकार ने महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट का प्रस्ताव रखा है, जिसमें दो साल के लिए 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। यह महिला या बच्ची के नाम पर जमा किए जा सकेंगे। इस योजना में अधिकतम दो लाख रुपए जमा करने की सीमा तय की गई है और साथ ही इसमें थोड़े पैसे निकालने की सुविधा भी मिलेगा। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 81 लाख स्वयंसेवी संगठन किए गए हैं। इन स्वयंसेवी संगठनों को बढ़ावा देने में सरकार मदद करेगी। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 2.25 लाख करोड़ रुपए मुहैया कराए गए हैं, जिनमें से 3 करोड़ महिला किसानों को 54 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान के लिए 20,554 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मिशन वात्सल्य के तहत 1472 करोड़ रुपए और मिशन शक्ति के तहत 3143 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पिछले बजट 3,184 करोड़ रुपए के मुकाबले इसमें थोड़ी कमी आई है। सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स एजेंसी, नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स और नेशनल कमीशन फॉर वूमन जैसी स्वायत निकायों को 168 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

# रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। अन्य सेक्टर की तरह बजट में रेलवे क्षेत्र के लिए भी कई अहम एलान किए गए। वित्त मंत्री ने भाषण में कहा कि बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है। बजट में रेलवे सेक्टर में निजी भागेदारी बढ़ाने की बात कही गई है। इसके जरिए रेलवे के तहत सड़कों, शहरी बुनियादी ढांचे और बिजली जैसे ढांचागत विकास में मदद मिलेगी। वहीं रेलवे सेक्टर के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सरकार आने वाले समय में वंदे भारत और हाइड्रोजन ट्रेन जैसी कई ट्रेनों के संचालन में खर्च करेगी। यात्री सुविधाओं के लिए भी खर्च किए जाने का प्रावधान किया गया है।

### रेलवे सेक्टर के लिए अहम घोषणाएं



- रेलवे सेक्टर में 2.4 लाख करोड़ खर्च होंगे
- रेलवे में निजी क्षेत्र की भागेदारी होगी
- रेलवे की पटरियों के नवीकरण में 17297 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे
- रेलवे सुरक्षा निधि में 45000 करोड़ ट्रांसफर किए जाएंगे

### 2023-24 में मुशाफिरों से रेलवे को 70 हजार करोड़ की कमाई का अनुमान

बजट में रेलवे ने अपने आय और व्यय का ब्यौरा भी उपलब्ध कराया है। इसने 2023-24 बजट में यात्रियों से 70 हजार करोड़ रुपए की कमाई का अनुमान लगाया है जोकि पिछले बजट सत्र में 64 हजार करोड़ था। वहीं मॉल धुलाई से इस साल 1.79 लाख करोड़ रुपए की कमाई होने का अनुमान है जो पिछले बजट सत्र में 1.65 लाख करोड़ था।

**'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना :** वित्त मंत्री ने पिछले बजट में कहा था कि रेलवे छोटे किसानों और छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए नए उत्पादों के लिए परिवहन का ढांचा विकसित करेगा। स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना शुरू करने का एलान भी हुआ था। रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के 'लोकल के लिए वोकल' विजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना योजना शुरू की गई थी।

## टेक्नोलॉजी सेक्टर की मुराद हुई पूरी




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज केंद्रीय बजट 2023-24 पेश कर दिया है। बजट के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि हेल्थकेयर के लिए एप बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेल्थ सेक्टर में 5जी नेटवर्क का इस्तेमाल कैसा होगा, इस संबंध में खांचा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की जाएगी। 5जी के विकास के लिए भी कई सेंटर ओपन किए जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डाटा प्रोटेक्शन के लेकर कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय डाटा नीति बनाई जाएगी। इसके अलावा पैन कार्ड का इस्तेमाल पहचान पत्र के तौर पर होगा। इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को वित्त मंत्री ने तोहफा दिया है। उन्होंने बताया कि भारत में मोबाइल प्रोडक्शन 5.8 करोड़ यूनिट तक बढ़ा है। कैमरा लेंस, पार्ट्स, बैटरी के आयात पर रियायत यानी आयात शुल्क घटाया जाएगा। इसके अलावा टीवी पैनल के आयात शुल्क को भी 2.5 फीसदी कम किया गया है। ऐसे में मोबाइल और स्मार्ट टीवी सस्ते होंगे। कैमरा लेंस और बाकी कुछ कंपोनेंट्स पर सीमा शुल्क कम किया जाएगा ताकि मोबाइल फोन्स की बिक्री को बढ़ावा मिल सके। इस बजट देश के टेक सीईओ का क्या कहना है।

### एकलव्य मॉडल स्कूल

देश के 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों में अगले तीन सालों में 38 हजार अध्यापकों और सहायक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। इन स्कूलों में 3.5 लाख आदिवासी छात्र पढ़ाई करते हैं। बच्चों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषाओं और क्षेत्र की बेहतरीन किताबों को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकारों को पंचायत और वार्ड स्तर पर भी लाइब्रेरी खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### कृषि क्षेत्र की क्या रही स्थिति

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 2023-24 में कुल 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 1.24 करोड़ रुपए फंड का प्रावधान किया गया था।

### शिक्षा के क्षेत्र में कितना बजट

आम बजट 2023-24 में शिक्षा के लिए 1,12, 899 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। बता दें कि पिछले साल के बजट 2022 में शिक्षा के लिए कुल 1,04,278 करोड़ रुपये आवंटित किये गए थे।

### खेल को कितना बजट

केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल के बजट से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### सस्ते होंगे इलेक्ट्रिक वाहन



देश में इलेक्ट्रिक सेगमेंट में काफी कम समय में काफी तेजी देखी गई है। बहुत ही कम समय में कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रिक व्हीक्ल्स के लिए काफी अच्छी डिमांड दर्ज की गई है। ऐसे में ऑटो सेक्टर को इस बार के बजट से काफी उम्मीदें थीं। बजट में वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा यह ऐलान किया गया है कि बैटरियों पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी कम होगी और साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन भी सस्ते होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि, 'इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले बैटरियों पर लगने वाले सीमा शुल्क को कम कर के 13 फिसदी कर दिया गया है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस, बायोगैस के भी उत्पाद शुल्क पर छूट दिया जा रहा है।'। जानकारी के लिए यह भी बता दें कि सरकार द्वारा देश में पहले से ही पेट्रोल और डीजल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है।

## रक्षा बजट में फिर हुआ इजाफा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का बजट पेश किया। इसमें रक्षा क्षेत्र के लिए होने वाले खर्चों का भी ब्योरा दिया गया है। बजट दस्तावेजों के मुताबिक, इस साल रक्षा बजट 5.94 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो कि 2022-23 के 5.25 लाख करोड़ रुपये के बजट से 12.95 फीसदी ज्यादा है। यानी एक बार फिर रक्षा बजट में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### हथियारों, विमानों, सैन्य साजोसामान के लिए बजट

बुधवार को संसद में आम बजट पेश किया। इसमें पूंजीगत व्यय के लिए कुल 1.62 लाख करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं। इनमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजोसामान की खरीद शामिल है। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2022-23 में, पूंजी परिव्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.52 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन संशोधित अनुमान के अनुसार व्यय 1.50 लाख करोड़ रुपये था।

### वेतन-भुगतान के लिए कितना बजट आवंटित

अगले वित्त वर्ष के बजट दस्तावेजों के अनुसार, राजस्व व्यय के लिए 2,70,120 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिनमें वेतन भुगतान और प्रतिष्ठानों के रखरखाव पर होने वाले खर्च शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व व्यय के लिए बजटीय आवंटन 2,39,000 करोड़ रुपये था। 2023-24 के बजट में, रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए पूंजीगत परिव्यय 8,774 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि पूंजीगत परिव्यय के तहत 13,837 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। रक्षा पेंशन के लिए अलग से 1,38,205 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। पेंशन परिव्यय सहित कुल राजस्व व्यय 4,22,162 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, रक्षा बजट का कुल आकार 5,93,537.64 करोड़ रुपये है।

## मुख्य बातें

- भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- कोरोना के दौरान 28 महीने तक सरकार ने 80 करोड़ लोगों के लिए फ्री राशन की व्यवस्था की है। सरकार की ओर से इसके लिए दो लाख लाख करोड़ खर्च किए हैं।
- पीएम आवास योजना पर खर्च को 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये किया जाएगा।
- आदिवासी बच्चों के लिए अगले तीन सालों में 740 एकलव्य स्कूल में 38,800 शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे।
- मेडिकल शिक्षा को बढ़ाने के लिए 2014 से बने मौजूदा 157 मेडिकल कॉलजों के साथ कोलोकेशन नें 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।
- महिला सेविंग सम्मान पत्र को लॉन्च किया जाएगा। इसमें दो लाख तक निवेश किए जा सकेंगे।
- केंद्र सरकार पीएम कौशल विकास योजना के चौथे चरण को लॉन्च करेगी। इसके तहत सरकार देश के सभी 30 स्किल इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।
- सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम की सीमा को बढ़ाकर 15 से 30 लाख रुपये किया।
- वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की नीतियों के कारण लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होकर 1.97 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। वहीं, अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### सरकार के पास भविष्य निर्माण की रूपरेखा नहीं : राहुल गांधी



राहुल गांधी ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को मित्रकाल बजट करार देते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, मित्रकाल बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है, महंगाई से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है और असमानता दूर करने का कोई इरादा नहीं है। राहुल गांधी ने दावा किया, एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास 40 प्रतिशत संपत्ति है, 50 प्रतिशत गरीब लोग 64 प्रतिशत जीएसटी देते हैं, 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। इसके बाद भी प्रधानमंत्री को कोई परवाह नहीं है। बजट से साबित हुआ कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण के लिए कोई रूपरेखा नहीं है। अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पेश नरेंद्र मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण बजट में सभी तबकों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने जहां एक तरफ मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर मोर्चे पर राहत देने की घोषणा की, वहीं लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नई बचत योजना के जरिये महिलाओं को भी सौगात दी है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे पर खर्च में 33 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि करने का भी प्रस्ताव किया है। नई कर व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति की आय सात लाख रुपये है, उसे कोई कर नहीं देना होगा। अबतक यह सीमा पांच लाख रुपये है। साथ ही कर स्लैब' (श्रेणी) को सात से घटाकर पांच किया गया है।

## भारत को विश्व गुरु बनाने की राह पर बढ़ायेगा बजट : उद्योग जगत



'बजट में एक दृष्टिकोण है, यह व्यवस्थित है और इसमें एक अनुशासन है। इससे आय अर्जित करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को तत्काल लाभ मिलेगा और वित्तीय समावेशन भी बढ़ेगा। यह हर भारतीय की प्रति व्यक्ति आय को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने की नींव रखेगा। यह अपने नाम के अनुरूप है : अमृतकाल का पहला बजट।

**- उदय कोटक, सीइओ, कोटक महिंद्रा बैंक**



यह बजट 'मैसी' की तरह नहीं बल्कि 'एमबाप्पे' की तरह है जो भारत को विश्व चैंपियन बनाने की दिशा में बढ़ाएगा। बुनिवादी विकास, खपत और समावेश के मोर्चे पर लक्ष्य पाने की पूरी तैयारी है। घरेलू विनिर्माण, रोजगार सृजन और कारोबारी सुगमता को इस बजट से बढ़ावा मिलेगा।

**- हर्ष गोयनका, चेयरमैन, आर.पी.जी. एंटरप्राइजेज**

आम बजट में सरकार ने मजबूत एवं स्थिर माहौल के लिए बंदोबस्त किए हैं जो वृद्धि को बढ़ाने और रोजगार सृजन पर केंद्रित हैं। इसमें आम लोगों, किसानों, एम.एस.एम.ई. की आवश्यकताओं को समझने के साथ ही देश के लिए टिकाऊ लक्ष्यों पर जोर दिया गया है।

**- तरुण साहनी, प्रबंध निदेशक, त्रिवेणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**